अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 100 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, कृष्णपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

चाणक्य नीति

यस्य स्नेहो भयं तस्य स्नेहो दुःखस्य भाजनम्।
स्नेहमूलानि दुःखानि तानि त्यक्त्वा वसेत्सुखम्॥

भावार्थ : जिसका किसी के प्रति स्नेह अथवा प्रेम होता है, उसी से उसको भय भी होता है। स्नेह अथवा प्रेम ही दुख का आधार है। स्नेह ही सारे दुखों का मूल कारण है। इसलिए उन स्नेह बंधनों को त्यागकर सुखपूर्वक रहने का प्रयत्न करना चाहिए।

रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम	मिनीमम
38.00 °c	24.00 °c

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .08 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .30 बजे

सीतारमण ने स्पेस टेलीस्कोप का किया दौरा

वाशिंगटन : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में नासा गोडार्ड में नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप का कल दौरा किया। स्पेस टेलिस्कोप नासा का नासा वेधशाला है जिसे डार्क एनर्जी, एक्सोप्लैनेट और इन्फ्रारेड एस्ट्रोफिजिक्स के क्षेत्रों में आवश्यक प्रश्नों को हल करने के लिए डिजाइन किया गया है। टेलीस्कोप का नाम डॉ. नैन्सी ग्रेस रोमन के नाम पर रखा गया है, जो नासा में पहली महिला कार्यकारी और खगोल विज्ञान की पहली प्रमुख भी थीं और व्यापक रूप से हबल स्पेस टेलीस्कोप की जननी के रूप में जानी जाती हैं। इस दौरान अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू और भारतीय अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल भी श्रीमती सीतारमण के साथ था। इस अवसर पर यहां संस्थान की ओर से एक प्रस्तुति भी दी गयी।

बाघ के हमले में एक ग्रामीण महिला की मौत

बहराइच : उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज में बाघ ने एक ग्रामीण महिला को अपना निवाला बना लिया। हंसुलिया गांव निवासी रत्ती देवी (50) मंगलवार को देर शाम अपने खेत में गेहूं की कटान कर रही थी कि उसी दौरान जंगल से निकल आया बाघ महिला को खेत से खींच ले गया। देर रात को महिला का शव दूसरे के खेत में बरामद लिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हंसुलिया निवासी कैलाश के खेत में गेहूं लगी थी। पत्नी रत्ती देवी खेत में गेहूं की कटाई कर रही थी। तभी जंगल से बाघ निकलकर खेत में पहुंच गया। बाघ ने महिला को निवाला बना लिया। महिला का क्षत विक्षत शव वन रेंज के वैधी जंगल के पास मुसीर के खेत से बरामद हुआ। शरीर के कई हिस्से को बाघ खा गया था। बाघ के हमले की जानकारी रेंज कार्यालय पर दी गई। पुलिस को भी घटना से अवगत कराया गया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मृतक महिला के आश्रित को त्वरित सहायता के रूप में 10 हजार रुपये दिया जा रहा है।

इक्वाडोर के बंदरगाह पर सशस्त्र हमले में नौ की मौत

क्विटो : इक्वाडोर के पश्चिमोत्तर प्रांत एस्मेराल्डास में कोलंबिया की सीमा से लगे मछली पकड़ने के एक छोटे बंदरगाह पर हुए सशस्त्र समूह के हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी हैं। स्टेट अटॉर्नी जनरल के कार्यालय (एफजीई) ने मंगलवार को यहां बताया कि अधिकारियों को घघटनास्थल पर सात लाशें और पास के एक अस्पताल से दो शव बरामद हुए है। शव को फोरेंसिक केंद्र ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि इस अपराध में शामिल लोगों को तलाश के लिए जांच की जा रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पिस्तौल और राइफलों से लैस हमलावरों का एक समूह सुबह बंदरगाह पर पहुंचा और घटनास्थल से भागने से पहले गोदाम में काम कर रहे व्यापारियों और कर्मचारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। समाचार वेबसाइट प्रिमिसियास ने गृहमंत्री जुआन ज़पाटा के हवाले से बताया कि 30 हमलावरों ने इस घटना को अंजाम दिया और इस घटना में कम से कम चार लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमले के पीछे किस संगठित अपराध समूह का हाथ है इसकी जांच की जा रही है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

राजनीति › लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी एकता के लिए नीतीश कुमार की पहल

विपक्षियों को एकजुट कर चुनाव लड़ने का फैसला ऐतिहासिक : राहुल

- बिहार के नेताओं ने इसकी पहल कर दी
- सभी को साथ बैठाकर एकजुटता का काम
- कांग्रेस ने कहा दो विचारधाराओं की लड़ाई

राष्ट्रीय खबर

नयी दिल्ली: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा अन्य नेताओं ने बुधवार को यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करके सभी विपक्षी दलों को एकजुट कर चुनाव लड़ने का ऐतिहासिक फैसला लिया। बैठक के बाद श्री गांधी ने इस मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि विपक्षी दलों के साथ एकता की तरफ बढ़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पूछने पर कि किस रणनीति के साथ विपक्षी दल एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे तो श्री गांधी ने कहा कि विपक्षी दल एक साथ और एकजुटता के साथ खड़े होंगे और आगे बढ़ना शुरु करेंगे तो स्वतः तय हो जाएगा कि गठबंधन की मजबूती के लिए किस तरह से काम करना है। उन्होंने कहा कि जब सभी दलों के नेता एक साथ मिलकर बैठेंगे और एकजुटता के साथ आगे बढ़ेंगे तो ये विचार स्वतः आना शुरु हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल देश के लिए एकजुट हो रहे हैं और मिलकर देश की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस बीच सूत्रों का कहना है कि इस महीने के आखिर तक विपक्षी दलों के नेताओं की एक बैठक हो सकती है जिसमें विपक्षी एकता को एकजुट करने का मिलकर प्रयास किया जाएगा। बैठक में जनता दल यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार, पार्टी अध्यक्ष लल्लन सिंह, राष्ट्रीय जनता दल-राजद नेता तेजस्वी यादव, मनोज झा सहित कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। श्री खड़गे ने कहा संविधान सुरक्षित रखेंगे और लोकतंत्र बचाएंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा अन्य नेताओं से मुलाक़ात करके, जनता की आवाज़ को एक साथ उठाने और देश को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया गया। आज हमारी ऐतिहासिक ›› पेज 2 भी देखें

केवल बड़ी इमारत खड़ी कर देने से प्रजातंत्र मजबूत नहीं होता

संसद में जहां चर्चा होती थी, विपक्ष के सवाल होते थे, सरकार जवाब देती थी वह परंपरा टूट चुकी है। संसद चले यह सरकार की जिम्मेदारी होती है और लोगों की भी अपेक्षा यही होती है कि सरकार संसद चलाए। विपक्ष की जिम्मेदारी होती है कि वह सरकार की जिम्मेदारी तय करे लेकिन यहां तो सत्ता पक्ष ही संसद की कार्यवाही में बाधा डालने का काम कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकतंत्र को भव्य इमारत बनाने से नहीं बल्कि संसदीय परंपराओं का पालन करके ही संसद को जिंदा रखा जा सकता है। लोकतंत्र में जहां स्वच्छंद रूप से चर्चा करने और अपनी बात कहने की जगह थी वह सिकुड़ती जा रही है। केवल बड़ी इमारत खड़ी कर देने से प्रजातंत्र मजबूत नहीं होता। उन्होंने कहा, देश में पिछले और इस वर्ष भी बेरोजगारी का आंकडा बढ़ रहा है और युवा बेरोजगारों की संख्या 42 प्रतिशत पहुंच गई है लेकिन इस बारे में कोई चर्चा नहीं होती है। मार्च में कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में 95 लाख रोजगार घट गया। औद्योगिक सेक्टर में लगभग 72 लाख रोजगार घटा। रिटेल सेक्टर में करीब 65 लाख रोजगार कम हुए। मार्च में बेरोजगारी दर का आंकड़ा हम सबने देखा लेकिन अब सवाल है कि सरकार ने क्या कदम उठाए। प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर जो फैसला आया है और उस पर सरकार ने जिस तरह से कार्रवाई की है यदि यही पैमाना सब पर लागू हो तो संसद खाली हो जाएगी और ज्यादा लोग संसद से बाहर होंगे।

छक्कों की बारिश ने रिंकू को कर्ज और चिंता मुक्त किया

माना कि अब अच्छी नींद आने लगी है

- उसके खेलने पर ही कर्जा हो गया था
- पिताजी कठिन परिश्रम का काम करते थे
- इतने दिनों बाद अब उसका मन हल्का है

राष्ट्रीय खबर

कोलकाता: चालू आईपीएल में रिंकू सिंह एक धूमकेतु की तरह उभरे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी 5 गेंदों में 5 छक्के लगाकर उसने अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत दिलाई। केकेआर ने उन्हें हीरो का दर्जा दिया। रिंकू को लेकर मौजूदा और पूर्व क्रिकेटर काफी उत्साहित हैं। इस बार उन्होंने छठा छक्का लगाया। यह मैदान से बाहर है। गरीब घर से आने वाला रिंकू ने अब बताया कि वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था। केकेआर के क्रिकेटर ने उस पैसे का निपटान किया। इस बार वह अच्छी नींद ले रहा है। कुछ साल पहले भी तस्वीर ऐसी नहीं थी। आईपीएल में टीम मिलने से पहले रिंकू को खेल से ज्यादा मैदान की चिंता थी। पिताजी घर-घर रसोई गैस सिलेंडर पहुंचाते थे। खेलने के खर्च के लिए उन्होंने परिवार से काफी पैसे उधार लिए थे। उत्तर प्रदेश के इस बल्लेबाज को समझ नहीं आ रहा था कि उस कर्ज को कैसे चुकाया जाए। कोलकाता जीतने के बाद एक इंटरव्यू में रिंकू ने कहा, काफी पैसा उधार लिया गया था। रात को ठीक से नींद नहीं आई। हमेशा सोचता था कि कर्ज कैसे चुकाऊं। अंत में मैं ऋण चुकाने में सक्षम था। अब घर में आर्थिक परेशानी नहीं होगी। अब रात को बेहतर नींद आती है। रिंकू चाहता है कि पापा इस बार काम छोड़ दें। वे पांच भाई हैं जो परिवार की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार ›› पेज 2 भी देखें

येदियुरप्पा के नाराज तेवर के बाद भाजपा की परेशानी और बढ़ी

एक पूर्व मुख्यमंत्री निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

राष्ट्रीय खबर

बेंगलुरु: कर्नाटक के भाजपा को आंतरिक संघर्षों से जूझना पड़ रहा है। जैसे जैसे दिन बीत रहे हैं पार्टी के अंदर की नाराजगी बाहर आने लगी है। सबसे पहले सबसे कद्दावर नेता बीएस येदियुरप्पा के पुत्र के टिकट को लेकर बवाल मचा था। अब इन विवादों के कारण भाजपा ने अभी तक उम्मीदवारों की सूची की घोषणा नहीं की है। लेकिन इस बीच संभावित उम्मीदवारों की सूची को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। यह महसूस करते हुए कि पार्टी उम्मीदवार नहीं उतारेगी, पूर्व मुख्यमंत्री ने एक स्वतंत्र पार्टी के रूप में लड़ने की घोषणा की है। यह महसूस करते हुए कि पार्टी का टिकट फिर से मिलने की कोई संभावना नहीं है, एक मंत्री ने खुद को चुनावी राजनीति से दूर करने का फैसला किया है।

लगभग हर सीट पर कई गुटों के प्रतिनिधि टिकट के लिए आपस में भिड़ रहे हैं। आलम यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री और छह बार के विधायक जगदीश शेट्टार को भी भाजपा खेमे के शीर्ष नेतृत्व ने टिकट नहीं दिया है। इसकी सूचना जगदीश को पहले ही दी जा चुकी है। लेकिन वह पार्टी के फैसले से नाराज हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने पुराने केंद्र हुबली से लड़ने का फैसला किया। उनके मुताबिक जिस केंद्र से वे छह बार 21 हजार से ज्यादा वोटों से जीत चुके हैं, वहां से उन्हें प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया जाए?

कई अन्य ने ऐसा किया है। यह महसूस करते हुए कि उन्हें टिकट नहीं मिलेगा, कर्नाटक के वर्तमान सरकार के मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने चुनावी राजनीति से खुद को वापस लेने का फैसला किया है। पार्टी के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे पत्र में उन्होंने सूचित किया है कि वह चुनाव में खड़े नहीं होना चाहते हैं। वह यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहते हैं कि पार्टी कर्नाटक में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आए। हालांकि गेरुआ खेमे के सूत्रों के मुताबिक ईश्वरप्पा को भी पार्टी की ओर से टिकट नहीं दिए जाने की जानकारी दी गई है। इसलिए यह फैसला शर्मनाक है। कर्नाटक की उम्मीदवार चयन प्रक्रिया इतनी जटिल हो गई है कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दखल के बाद भी कोई हल नहीं निकल रहा है। उम्मीदवारों के चयन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस येदियुरप्पा और वर्तमान मुख्यमंत्री बसबराज बोम्मई के बीच का अंतर इतना बड़ा है कि सूची को अंतिम रूप देने के लिए कलघम मोदी-शाह-नड्डा के पास पहुंचे। इनमें अन्य नेता भी नाराज हैं।

दुर्लभ प्रजाति के जंगली कुत्ते देखे गये

राष्ट्रीय खबर

अलीपुरदुआर: यहां के बक्सा बाघ परियोजना में अचानक ही जंगली कुत्तों का एक झूंड देखा गया है। इसे वन विभाग के लोग और पर्यावरण विशेषज्ञ बहुत बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं। इस प्रजाति को इंडियन ढोल नाम से जाना जाता है। वर्तमान समय में इसकी तादाद बहुत कम हो गयी है। पहले भी विभाग को इस प्रजाति के यहां होने की भनक थी लेकिन पहले इनके वहां होने का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिल पाया था। जंगल के अंदर लगाये गये ट्रैप कैमरे में इसी प्रजाति के कुत्तों का एक समूह कैद हुआ है। विभाग के डीएफओ प्रवीण कासवान ने इसे बड़ी बात माना है। वैसे भी इस जंगली प्रजाति के कुत्तों की संख्या भारतवर्ष सहित अन्य भागों में बहुत कम हो गयी है। पर्यावरण विशेषज्ञ इस प्रजाति के वहां पाये जाने को एक शुभ संकेत मानते हैं। दरअसल यह ऐसी प्रजाति है जो मिलकर शिकार करती है। वे अपने प्राकृतिक आचरण की वजह से जंगल में आबादी के अनुपात को कायम रखने तथा मरे जानवरों को साफ करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। बक्सा ब्याघ्र परियोजना के घने जंगलों में एक समूह को देखे जाने का अर्थ यह भी है कि इस प्रजाति को यहां का माहौल समर्थन दे रहा है। वैसे जानकार यह भी बताते हैं कि इंडियन ढोल प्रजाति के कुत्ते देश के दूसरे हिस्सों में भी थे पर अब सभी जंगलों में उनकी संख्या बहुत कम हो चुकी है। वरना अधिक संख्या में होने की स्थिति में बड़े से बड़ा जानवर भी इनके रास्ते से हट जाता है। झूंड में हमला करने वाला यह प्राणी भूख लगने पर सामने नजर आने वाले किसी भी शिकार पर हमला करने से बाज नहीं आता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के शिक्षा सुधार की तारीफ की,

विज्ञापन पर पैसा लुटाए बिना ऊंची छलांग लगायी

- संकेत में केजरीवाल की सरकार को घेरा
- 17वें से पांचवे पायदान पर पहुंचा राज्य
- ऐसे प्रयास को मोदी ने मौन साधना बताया

राष्ट्रीय खबर

शिक्षक कभी भी अपने भीतर के विद्यार्थी को मरने न दें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के नवनियुक्त शिक्षकों को गुरुमंत्र देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति लागू करने में शिक्षकों की अहम भूमिका होने वाली है और शिक्षक कभी भी अपने भीतर के विद्यार्थी को मरने न दें क्योंकि यही उन्हें नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और भारतीय मूल्यों के संवर्धन के लिए नई शिक्षा नीति लागू की गई है। इसे प्रभावी रूप से लागू करने में शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में उसकी माता और शिक्षक की सबसे अहम भूमिका होती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जैसे आप लोगों के हृदय में आपके शिक्षक बसे हुए हैं, वैसे ही आप लोग भी विद्यार्थियों के हृदय में बसने का प्रयास करें। शिक्षकों की दी गई शिक्षा देश का भविष्य संवारेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वे अपने भीतर के विद्यार्थी को कभी मरने नहीं देते। साथ ही उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों से भी यही अपेक्षा करते हुए कहा कि यही गुण उन्हें नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा।

भोपाल: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज किसी का नाम लिए बगैर कुछ प्रदेशों की सरकारों को निशाने पर लेते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ने बिना शोर मचाए और विज्ञापनों पर एक भी पैसा लुटाए बगैर शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ऊंची छलांग मारी है और ऐसी सफलता के लिए शिक्षा के प्रति भक्तिभाव की सर्वाधिक आवश्यकता है। श्री मोदी ने यहां आयोजित नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के लगातार प्रयासों का ही परिणाम है कि प्रदेश ने नेशनल अचीवमेंट सर्वे में शिक्षा की गुणवत्ता के क्षेत्र में सत्रहवें पायदान से छलांग लगाते हुए पांचवें पायदान पर अपना स्थान बनाया है। प्रदेश ने ये इतनी बड़ी उपलब्धि बिना शोर मचाए और बिना विज्ञापनों पर पैसा खर्च करते हुए हासिल की है। चुपचाप ऐसे कार्यों के लिए समर्पण और शिक्षा के प्रति भक्तिभाव की आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार ने भी संबोधित किया। ›› पेज 2 भी देखें

आचरण › अब भोजन के लिए अनाज के पौधों को पालतू बनाने की कोशिश

बेहतर पैदावार और बेमौसमी खेती के लिए प्रयास

- जानवरों को लाखों वर्षों में पालतू बनाया है
- पालतू पौधों से फसल हासिल किया जा सकेगा
- पेड़ पौधे आदि खाद और पानी का संकेत जानते हैं

राष्ट्रीय खबर

रांची: इंसानों ने लाखों वर्षों के कोशिश के बाद अनेक जानवरों को पूरी तरह पालतू बना लिया है। इसके अलावा अनेक जंगली जानवर इंसानों के साथ रहना सीख गये हैं। इसके अलावा हाथी और शेर जैसे जानवरों को भी इंसानी आचरण के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। इसी वजह से सर्कस का शेर इंसान के इशारे पर काम करता है। लेकिन क्या मनुष्य भी कुछ जंगली पौधों को पालतू बनाने के पक्ष में थे क्योंकि वे अधिक आसानी से पाले गए थे? सेंट लुइस में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के शोध में लगभग एक दशक के अवलोकन और प्रयोगों के आधार पर पौधों को पालतू बनाने की प्रक्रिया के ›› पेज 2 भी देखें

पालतू उप-प्रजातियां अब विलुप्त हो चुकी हैं

पर्यावरण की प्रतिक्रिया में विभिन्न लक्षणों और विशेषताओं को व्यक्त करने की इस क्षमता को प्लास्टिसिटी कहा जाता है, और सभी प्रजातियां समान रूप से प्लास्टिक नहीं होती हैं। कुछ पौधे खेती और देखभाल के लिए जल्दी और स्पष्ट रूप से प्रतिक्रिया करते हैं। मुलर ने कहा कि मुझे लगता है कि प्राचीन लोगों ने देखा होगा कि वे पौधों के घने स्टैंडों को पतला करके अपनी पैदावार को दोगुना कर सकते हैं। यह सबसे सरल और सबसे आम बागवानी तकनीकों में से एक है, लेकिन पौधों के विकास पर इसका कई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। मुलर का अध्ययन, पीएलओएस वन में 7 अप्रैल को प्रकाशित हुआ, इरेक्ट नॉटवीड नामक पौधे के साथ हुए काम पर केंद्रित है। यह फसल, जो पूर्वी उत्तरी अमेरिका में स्वदेशी किसानों द्वारा पाले गए अनाज परिवार का एक सदस्य है। पालतू उप-प्रजातियां अब विलुप्त हो चुकी हैं; मनुष्य अब इसे नहीं खाते हैं। लेकिन मुलर और अन्य ने पहले गुफाओं में संग्रहीत बीजों के कैश, प्राचीन चूल्हों में जले हुए पौधों के अवशेष, और यहां तक कि मानव मल में गाँठ वाले बीजों को भी उजागर किया है, इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि इस प्रजाति को कभी मुख्य भोजन के रूप में खाया जाता था।

अमेरिका का एक और गंदा खेल दुनिया के सामने आया

मिस्र के जरिए रूस को भेज रहा है रॉकेट

राष्ट्रीय खबर

कायरो: अमेरिकी द्वारा यूक्रेन युद्ध में दो तरफा चाल चलने का खुलासा सार्वजनिक हुए दस्तावेजों में हुआ है। अब लीक हुए अमेरिकी खुफिया दस्तावेजों के अनुसार, मिस्र ने गुप्त रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान नष्ट किए गए गोला-बारूद की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रूस को लगभग 40,000 रॉकेट बनाने और भेजने की योजना बनाई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां उन्होंने रूस को तोपखाने के राउंड और बारूद की आपूर्ति पर भी चर्चा की। एल-सिसी ने अधिकारियों से कहा कि वे पश्चिम के साथ समस्याओं से बचने के लिए ठोस इंतजाम करे। यह बता देना जरूरी है कि मिस्र को ›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

ज्योतिबा फूले जयंती पर निकाली गयी रैली

रांची: बीएसफोर के कार्यकताओं ने डोरंडा स्थित उर्स मैदान में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनायी। इससे पहले सभी कार्यकर्ता डोरंडा चौक से रैली निकाली। राजेद्र चौक व नेपाल हाउस होते हुए उर्स मैदान पहुंचे। मौके पर पंकज रवि ने कहा कि वर्तमान सरकार में संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों का निजीकरण किया जा रहा है। झारखंड बामसेफ प्रभारी राजन चौधरी ने कहा कि भाजपा की सरकार में महंगाई बढ़ रही है। इसकी मार गरीबों पर पड़ रही है। लोगों का रोजी -रोजगार खत्म हो रहा है। जनता के साथ धोखा किया जा रहा है। जिला महासचिव गौतम राम ने कहा कि भाजपा की सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है। सबका साथ सबका विकास वाली सरकार लोगों को धोखा देने का काम कर रही है।

धरना

जनसत्याग्रह आंदोलन में मोदी सरकार के नीतियों की जमकर आलोचना

गांधी की सदस्यता समाप्ति का विरोध करती रहेगी कांग्रेस: अविनाश

राष्ट्रीय खबर

रांची: जनसत्याग्रह आंदोलन में मोदी सरकार के नीतियों की जमकर आलोचना की। जनसत्याग्रह में जिले के कोने-कोने से कार्यकताओं का हुदूम उमड़ पड़ा। कुछ कार्यकर्ता पैदल जुलूस की शक्ल में तो कुछ बाइक पर सवार नारे लगाते हुए सभा स्थल पहुंचे। सभा स्थल पर जिले के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता करने के विरोध में पार्टी की ओर से आज पूरे देश में जन सत्याग्रह किया गया।धनबाद के लुबी सर्कुलर रोड पर कांग्रेस के पुराने कार्यालय के समीप जन सत्याग्रह सभा को पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने संबोधित किया। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर जम कर प्रहार किया। कहा कि साजिश के तहत राहुल गांदी की संसद सदस्यता समाप्त कर मोदी सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। ऐसी कार्रवाई से लोकतंत्र का अपमान भी हुआ है। कांग्रेस केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जल्दीबाजी दिखाते हुए जिस तरह राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त की, वह निंदनीय है। उन्होंने अपने संबोधन में कांग्रेस कार्यालय का भी जिक्र किया। कहा कि कुछ पुराने कांग्रेसी बंद पड़े पार्टी कार्यालय को खुलवाने के लिए धरना पर बैठे हैं। उन्होंने ज्ञापन देकर पार्टी कार्यालय खुलवाने का आग्रह किया है। झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि कार्यालय खुलवाने के लिए सभी मंत्रियों और विधायकों से आग्रह किया गया है। जब तक कार्यालय नहीं खुलता है तब तक सभी यहीं पर टेंट लगाकर कांग्रेस का काम करेंगे। सभा की शुरूआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई। पहली बार धनबाद पहुंचने पर झारखंड प्रभारी का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री मन्नान मलिक, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह सहित भारी संख्या में सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल हुए।धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे, धनबाद जिला प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, मदन महतो वैभव सिन्हा, मनोज यादव, प्रदेश सोशल मीडिया इंचार्ज गजेंद्र सिंह, मुख्तार खान, आमिर हाशमी, रामगोपाल भुवानियां, अब्दुल करीम अंसारी अशोक सिंह, संजय महतो, दुगार्दास बीके सिंह, राजेश्वर सिंह यादव मौजूद थे।

न्यूज फटाफट

मुक्ति संस्था का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला

रांची: मुक्ति संस्था का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मिला। इस दौरान पदधारियों ने संस्था द्वारा किये गये अब तक के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। राजधानी में विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग रखी। राज्यपाल ने एक अच्छी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

पेज एक का शेष

विपक्षियों को एकजुट .. ..

बैठक हुई है जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हम सबने यह निर्णय लिया है कि सभी विपक्षी दलों को एकजुट करेंगे और मिलकर आने वाला आम चुनाव मिलकर लड़ेगे। श्री कुमार ने कहा विपक्षी दलों को जितना हो सके एकजुट करेंगे और सब मिलकर आगे बढेंगे।

इस बीच कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि देश इस समय संवैधानिक संकट से जूझ रहा है और संसद तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं के समक्ष मौजूदा समय में जो चुनौतियां हैं पहले कभी इस तरह की स्थिति नहीं आई है। कांग्रेस प्रवक्ता आनंद शर्मा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, देश के भीतर दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। स्थिति यह बन गई है कि इस समय सरकार ही खुद संसद नहीं चलने दे रही है, इसलिए यह बड़ा सैद्धांतिक विषय उभरकर आया है कि आखिर हम किस दिशा की तरफ बढ रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा, शायद आजादी के बाद हर संस्था,जो देश के संवैधानिक व्यवस्था पर विश्वास रखती है, उसके सामने कभी इतनी बड़ी चुनौती नहीं आई। उनका कहना था कि पहले भी जेपीसी बनी है और वर्ष 1992 के बाद कई बार जेपीसी का गठन हुआ है इसलिए इस बार भी सरकार को जेपीसी का गठन करना चाहिए।

माना कि अब अच्छी .. ..

हैं। रिंकू ने कहा, मैं सब कुछ परिवार के लिए कर रहा हूं। मैंने पापा से कहा कि इस बार गैस सिलेंडर पहुंचाने का काम छोड़ दो। इस बार जिम्मेदारी हमारी है।

पिता नहीं चाहते थे कि रिंकू क्रिकेट खेले लेकिन मां उनके साथ थीं। घरेलू क्रिकेट में धीरे-धीरे अपनी जगह पक्की करने के बाद रिंकू इस बार आगे देखना चाहते हैं। अब यह उसकी आंखों में सिर्फ एक सपना है। वह उस सपने को पूरा करने की ओर दौड़ रहे हैं।

विज्ञापन पर पैसा लुटाए .. ..

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र की इस मौनसाधना के लिए प्रदेश के विद्यार्थी, शिक्षक और सरकार बधाई के पात्र हैं। श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में 22 हजार 400 से ज्यादा शिक्षक पदों पर नियुक्तियां हुई हैं। कुल नई भर्तियों में से आधे आदिवासी क्षेत्रों में नियुक्त होंगे, जिसका सर्वाधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आज उद्घाटन किया । श्री मोदी ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए हरी झंडी दिखाकर इसे जयपुर रेलवे स्टेशन से रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां भारती की वंदना करने वाली राजस्थान की धरती को आज पहली वंदे भारत ट्रेन मिल रही ह और दिल्ली कैंट-अजमेर वंदेभारत एक्सप्रेस से, जयपुर-दिल्ली आना-जाना और आसान हो जाएगा। यह ट्रेन, राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को भी बहुत मदद करेगी। तीर्थराज पुष्कर हो या फिर अजमेर शरीफ, आस्था के ऐसे महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंचने में भी अब श्रद्धालुओं को ज्यादा आसानी होगी।

मिस्र के जरिए रूस .. ..

अमेरिका का नजदीकी सहयोगी माना जाता है। दूसरी तरफ यह बात सामने आयी है कि अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के जरिए यूक्रेन को हथियार भेजने की योजना बनायी थी। अब दस्तावेजों के सार्वजनिक हो जाने के बाद इस पर ग्रहण लग गया है। यानी यह स्पष्ट है कि अमेरिका सिर्फ अपने हथियारों की खपत बनाये रखने के लिए अलग अलग माध्यमों से दोनों ही पक्षों को हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। प्रकाशित रिपोर्टों के मुताबिक गोपनीय दस्तावेज 17 फरवरी का है। इस सूचना ने अमेरिकी अधिकारियों और राजनेताओं को झकझोर दिया है। कनेक्टिकट के एक जूनियर सीनेटर क्रिस मर्फी ने बताया, अगर यह सच है कि सिसी गुप्त रूप से यूक्रेन में उपयोग करने के लिए रूस के लिए रॉकेट बना रहा है, तो हमारे रिश्ते को गंभीर गणना की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने दस्तावेजों की प्रामाणिकता की पुष्टि करने से इनकार कर दिया, लेकिन आगाह किया कि सामग्री सार्वजनिक उपभोग के लिए नहीं है। यह मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में अपने निकटतम सहयोगी मिस्र के साथ अमेरिका के संबंधों को प्रभावित कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकेन ने जनवरी के अंत में काहिरा में एल-सिसी से मुलाकात की। इसके बाद विदेश विभाग ने एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया है कि ब्लिंकेन ने मिस्र के साथ अमेरिकी एकजुटता व्यक्त की क्योंकि यूक्रेन रूस के क्रूर युद्ध के आर्थिक प्रभाव से जूझ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने भी पिछले साल नवंबर में मिस्र का दौरा किया था और अल-सिसी से मुलाकात की थी। उन्होंने युद्ध पर अपने देश के रुख के लिए मिस्र के राष्ट्रपति की प्रशंसा की। सैन्य उत्पादन राज्य मंत्री, मोहम्मद सलाह अल-दीन नामक एक अधिकारी के अनुसार, मिस्र ने मास्को के पिछले अनिर्दिष्ट सहायता ऋण को चुकाने में रूस की मदद करने का फैसला किया है। उस सहायता की प्रकृति अस्पष्ट है। हालांकि, यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण दुनिया के बाजारों में व्यवधान के बीच मिस्र ने पिछले साल रूसी गेहूं पर अपनी निर्भरता बढ़ा दी थी।

बेहतर पैदावार और .. ..

पुनर्मूल्यांकन की मांग की गई है। यह काम इसलिए जरूरी समझा गया कि कई बार बेमौसम भी खेती की आवश्यकता होती है और अनेक बार खेती के अनुकूल जमीन नहीं होने के बाद भी किसान को फसल की जरूरत होती है। इससे इंसानी भोजन चक्र का गहरा रिश्ता है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय में कला और विज्ञान में पुरातत्व के सहायक प्रोफेसर नताली मुलर ने कहा, पौधों में पालतूपन के लिए हमारे पास कोई समकक्ष शब्द नहीं है लेकिन पौधे लोगों को जवाब देने में सक्षम हैं। उनके पास विकसित होने की विकास क्षमता है। शुरूआती स्वदेशी उत्तर अमेरिकी फसलों के साथ उनके काम से पता चलता है कि कुछ जंगली पौधे समाशोधन, खाद, निराई या पतले होने पर जल्दी प्रतिक्रिया करते हैं। ऐसे पौधे जो खेती को आसान या अधिक उत्पादक बनाने वाले तरीकों से प्रतिक्रिया करते हैं, उन्हें उन पौधों की तुलना में अधिक आसानी से वश में किया जा सकता है जिन्हें नहीं किया जा सकता है। यदि पौधे उन तरीकों से तेजी से प्रतिक्रिया करते हैं जो शुरूआती खेती करने वालों के लिए फायदेमंद थे। उदाहरण के लिए उच्च उपज, बड़े बीज, अंकुरित होने में आसान बीज, या एक ही बढ़ते मौसम में दूसरी फसल, इससे मनुष्यों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता सह-विकासवादी संबंध में निवेश करना आदि इसके फायदे हैं।

जंगली पौधों के बीच एक आम विशेषता, बीज निष्क्रियता से उनके प्रयासों को अक्सर बाधित किया गया है। बगीचे की दुकान से खरीदे गए बीजों के विपरीत, अधिकांश जंगली पौधों के बीज अंकुरित नहीं होंगे यदि आप केवल उन पर थोड़ा पानी छिड़कते हैं। अंकुरण के लिए उनकी आवश्यकताएं विविध हैं और उनके विकासवादी इतिहास के अनुसार आकार लेती हैं। उदाहरण के लिए, यदि एक पौधा सर्दियों के साथ एक जगह विकसित हुआ है, जैसे मिडवेस्ट, तो इसके बीज तब तक अंकुरित नहीं हो सकते जब तक कि वे लंबी ठंड अवधि का अनुभव न करें। यह उन्हें जंगली में बहुत जल्दी अंकुरित होने से रोकता है - वे वसंत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पालतू पौधों ने अपनी विविध अंकुरण आवश्यकताओं को खो दिया है। अब कृषि वैज्ञानिक इसी स्थिति को उलटकर अधिक फसल और मौसम अनुकूल नहीं होने के बाद भी खेती से पैदावार हासिल करने के लिए इस पर प्रयोग कर रहे हैं।

बापू वाटिका से होगी शुरूआत

आजसू का जिला स्तरीय न्याय मार्च

राष्ट्रीय खबर

रांची: अखिल झारखंड छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय की ओर से कल 13 अप्रैल को जिलास्तरीय न्याय मार्च निकाली जायेगी। यह जानकारी देते हुए रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष नीतीश सिंह ने बताया कि सात सूत्री मांगों को लेकर राज्य के सभी 24 जिलों में आजसू पार्टी न्याय मार्च निकालेगी। सात सूत्री मांगों में खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करने, जातीय जनगणना एवं पिछड़ों को आबादी अनुसार आरक्षण सुनिश्चित करने, पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थे, उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, सरना धर्म कोड, बेरोजगारों को रोजगार, झारखंड के संसाधनों की लूट बंद करने तथा झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने की बात मुख्य रूप से शामिल है। नीतीश सिंह ने कहा कि 13 अप्रैल का न्याय मार्च ऐतिहासिक होगा। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय कूच करेंगे तथा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम अभिषेक शुक्ला, अंशुतोष कुमार, रोहित चौधरी, सिमरन देवता, आरती कुमारी, रंजीत कुमार यादव, दीपक दुबे, शुभम पांडे, कुणाल कुमार, पंकज कुमार पंडित एवं संजीत कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

एयरपोर्ट में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार तरीके से स्वागत

झारखंड राजद की इफ्तार पार्टी गुरुवार को, प्रभारी जयप्रकाश यादव पहुंचे रांची

राष्ट्रीय खबर

रांची: बिहार में डिप्टी सीएम व राजद नेता तेजस्वी यादव की दावत-ए-इफ्तार पार्टी में सियासी नेताओं के जुटान के बाद अब झारखंड राजद द्वारा रांची में इफ्तार का आयोजन किया गया है। पार्टी मुख्यालय में गुरुवार शाम 6 बजे आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने के लिए झारखंड प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव रांची पहुंचे हैं।रांची एयरपोर्ट पर जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि रमजान माह की शुभकामना देने के लिए झारखंड आया हूं। यह महीना भाईचारा, प्यार, शांति और साथ मिलकर रहने का पैगाम देता है।प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि इस पवित्र रमजान माह के मुबारक मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव इफ्तार पार्टी में शामिल रहेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, सभी प्रदेश के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष इसमें शामिल होंगे।जयप्रकाश नारायण यादव के आने पर रांची एयरपोर्ट पर राजद के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, झारखंड युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव, युवा राजद के प्रदेश महासचिव मंतोष यादव, इरफान अंसारी, कमलेश यादव, अरशद अंसारी, अंजल किशोर सिंह, शहनाज खान, विनोद सिंह, आनंद गोप, राजकुमार समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

लैंड म्यूटेशन विवाद में देवघर डीसी पर उबले सांसद निशिकांत दुबे, कहा

जमीन के दाखिल खारिज में चार कर्मियों को बर्खास्त किया जाना विनाशकारी फैसला

राष्ट्रीय खबर

रांची: गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री पर एक बार फिर भड़क गये हैं। सोशल मीडिया के जरिये अपनी नाराजगी जतायी है। सीएम हेमंत सोरेन का भी इस पर ध्यान दिलाया है। मामला उनके संबंधियों के जमीन और दाखिल खारिज संबंधी विवाद का है। सांसद के मुताबिक देवघर के नीलकंठपुर मौजा (हल्का 11) में (खाता संख्या 275, टीपीपी 169) उनके पूर्वजों की 62।48 डिसमिल जमीन है। इस जमीन को उनके ससुर ने 1979 में खरीदी थी। उनकी मृत्यु के बाद यह जमीन उनकी सास और उनके बच्चों के नाम दाखिल खारिज हुआ। पर केवल इस आधार पर ही इस काम में लगे चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया। सांसद ने इसे देवघर डीसी की घटिया करतूत बतायी है। नीचता की पराकाष्ठा भी कहा है। इसे विनाशकारी फैसला बताया है।ट्विटर पर निशिकांत दुबे ने जमीनके दाखिल खारिज के रिकॉर्ड को भी शेयर किया है। इसके मुताबिक म्यूटेशन (केस सं 2124/2022-23, नीलकंठपुर मौजा-हल्का 11)) के लिए 28 फरवरी 2023 को आवेदन प्रशासन को प्राप्त हुआ। 7 मार्च को इसे सीओ स्तर से आगे फॉरवर्ड किया गया। प्रक्रियागत तरीक के बाद 1 अप्रैल को कर्मचारी ने इसे वेरिफाई किया। फिर सीआई ने इसे 2 अप्रैल को और सीओ ने 8 अप्रैल को जरूरी स्टेप लिया। जमीन के क्रेता के तौर पर आशा मिश्रा, अनिताभ कुमार मिश्रा और सुमिता गौतम (सभी पटना निवासी) तथा अनामिका गौतम (पति-निशिकांत दुबे) का नाम है। सांसद के मुताबिक इसी जमीन के म्यूटेशन कार्य में लगे चार कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है।

सरयू राय के स्टैंड का समर्थन कर रहे भाजपाई

राष्ट्रीय खबर

रांची:जमशेदपुर में कई भाजपाई नेता, कार्यकर्ता इन दिनों विधायक सरयू राय के सपोर्ट में दिख रहे हैं। रामनवमी के मौके पर पिछले दिनों वहां हुए विवाद के बाद भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी और सरयू द्वारा इसकी निंदा किये जाने के प्रकरण ने दिलचस्प सियासी माहौल बना दिया है। भाजपा नेता अमर सिंह समेत अन्य नेताओं ने इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश और पूर्व सांसद रविंद्र राय के पास बुधवार को अपनी भड़ास उतारी है। संगठन को दुरुस्त किये जाने की मांग की है। जेल में बंद अभय सिंह से भेंट करने गये दोनों नेताओं को अभय सिंह से मिलने नहीं दिया गया। दोनों व्यक्तिगत स्तर पर मिलने गये थे। अमर सिंह ने इसके बाद दोनों से कहा कि अगर पार्टी के स्तर पर अमर सिंह का समर्थन नहीं किया जा सकता तो वे इस मामले को रहने दें। हिंदू संगठन इस मामले को देख लेंगे।जमशेदपुर में भाजपा के लालचंद सिंह, रंजन सिंह, भूषण दीक्षित समेत अन्य नेताओं ने दीपक प्रकाश और रविंदर राय से बात करते आरोप लगाया कि अभय सिंह भाजपा के कुछ नेताओं की राजनीति का शिकार बन रहे हैं। अभय सिंह का मसला अब संगठन का न होकर व्यक्तिवादी इशारे पर जमशेदपुर में चल रहा है।

भाजपा का सचिवालय घेराव: प्राथमिकी दर्ज होने पर बीजेपी ने तानाशाही का लगाया आरोप, कांग्रेस ने कहा:कानून तोड़ने पर हुई कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर

रांची: सचिवालय घेराव के दौरान हुए उपद्रव और हिंसा को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा धुर्वा थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर राजनीति शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए इस कार्रवाई की निंदा की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सचिवालय घेराव के दौरान हुए लाठीचार्ज और उसके बाद धुर्वा थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी को तानाशाही बताते हुए राज्य सरकार की निंदा की है।उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से सचिवालय घेराव करने जा रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं पर जिस तरह से बर्बरतापूर्ण ढंग से पुलिस की कार्रवाई की गई वह लोकतंत्र के लिए काला दिन था। भारतीय जनता पार्टी के सचिवालय घेराव आंदोलन पूर्व घोषित था। इसको लेकर पहले उस क्षेत्र में 144 लगाया गया और फिर लाठीचार्ज कर लोगों को पीटा गया, सर फोड़े गए। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार की मंशा क्या है। उन्होंने इस आंदोलन को दबाने में अफसरों की भूमिका पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि आज उनकी सरकार है कल हमारी भी सरकार होगी। जिस तरह से कार्रवाई की गई और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता से लेकर कार्यकताओं के ऊपर में कांड दर्ज किए गए हैं। यह दिखाता है कि राज्य में अराजकता चरम पर है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जाना तय है। सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा गोल चक्कर के समीप मंगलवार को पुलिस और भाजपा कार्यकताओं के बीच हुई तीखी नोकझोंक और झड़प के बाद की गई प्राथमिकी को उचित बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आंदोलन करना सभी का अधिकार है, मगर अराजकता फैला कर कानून तोड़ने का प्रयास यदि होता है तो कार्रवाई होना सर्वथा उचित है।प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने प्रशासन के द्वारा भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं पर किए गए कांड दर्ज को उचित बताते हुए कहा है कि यह सरकार पूरी तरह से संजीदा है और कानून तोड़ने वाले बख्से नहीं जाएंगे। जिस तरह से मंगलवार को सचिवालय घेराव के बहाने भाजपा कार्यकताओं ने कानून तोड़ने की कोशिश की ऐसे में पुलिस की कार्रवाई उचित थी और यह होना भी चाहिए था। इस पर राजनीति करना कहीं से भी उचित नहीं है। बहरहाल मंगलवार के सचिवालय घेराव के बाद बुधवार को धुर्वा थाना में प्रशासन के द्वारा भाजपा नेताओं और कार्यकताओं पर की गई एफआईआर से यह मुद्दा शांत होने के बजाय आग में घी डालने का काम किया है।

शहर >> अपडेट

पांचवी पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व सरपंच शीला देवी

गया : डोभी प्रखंड स्थित वार्ड नंबर 4 में ओवरब्रिज के सामने गली में पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी महिला शीला देवी की पांचवी पुण्यतिथि समारोह पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों एवं परिवार के सदस्यों ने शीला देवी के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। साथ ही इनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने इनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज के भलाई के लिए उन्होंने अंतिम क्षण तक कार्य करते रहे। उनके द्वारा पंचायत में किए गए कार्य आज भी लोग बड़ी शिद्दत से याद करते हैं। उनके पुत्र अमरेश कुमार सिन्हा देवराज कुमार सिन्हा एवं परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे श्रद्धा के साथ पुण्यतिथि समारोह में अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर इनके स्मृति में जागरण एवं झांकी प्रदर्शित की गई।

पप्पू यादव ने राजवंशी नगर में 150 आगलगी पीड़ितों के बीच वस्त्र और बर्तन का किया वितरण

राष्ट्रीय खबर

पटना : राजवंशी नगर में 150 अग्नि पीड़ित परिवारों से बुधवार को जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में जाप नेता खाद सामग्री एवं कपड़ा वितरण करने पहुंचे। पप्पू यादव ने अग्नि पीड़ित परिवारों से मिले एवं घटना की जानकारी ली एवं पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी । पूर्व सांसद पप्पू यादव ने बताया कि जैसे ही हमें राजवंशी नगर आगलगी के घटना की जानकारी मिली। वैसे ही सभी अग्नि पीड़ितों के राहत सामग्री और भोजन वितरण शुरू कर दिया। आग लगने के कारण 150 परिवारों का बहुत सा संपत्ति का नुकसान हुआ है। अग्नि पीड़ित परिवार बहुत ही कष्ट से जीवन काट रहे हैं।

जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आज सभी अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच दो साड़ी, दो अलमुनियम बर्तन, कलछुल ,प्लेट, धोती आदि सामानों का वितरण किया गया। जबतक इन गरीब परिवारों का जीवन सुचारू रूप से नहीं चलने लगेगा तबतक जन अधिकार पार्टी इन गरीबों को सभी तरह की सहायता प्रदान करती रहेगी।

पप्पू यादव ने बिहार सरकार से आग्रह कर सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से घर मुहैया कराने का आग्रह किया। पप्पू यादव ने कहा कि राजवंशी नगर से 100 मीटर की दूरी पर बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष सहित सभी विधायकों का आवास हैं. लेकिन राजवंशी नगर आगलगी पीड़ितों की अनदेखी दुखदाई है. मौके पर पूर्व विधायक भाई दिनेश, जाप राष्ट्रीय महासचिव प्रेमचन्द सिंह, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू दानवीर मौजूद थे।

स्थायी फूल मंडी के लिए स्थल चयन कर माली समाज को रोजगार देने के लिए किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

पटना : पटना समेत बिहार के सभी जिला मुख्यालयों, अनुमंडल एवं प्रखंड में स्थायी फूल मंडी के लिए स्थल चयन कर रोजगार से जोड़ने की मांग को लेकर आज भारतीय जन परिवार पार्टी के नेतृत्व में सैकड़ों माली समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। भारतीय जन जन परिवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वी कुमार माली के नेतृत्व में कार्यकताओं ने आयकर गोलंबर पर प्रदर्शन करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज माली समाज अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहा है। उनकी मांग है कि सरकार प्रत्येक जिले में स्थायी फूल मंडी की व्यवस्था करे। साथ ही मंदिर के पास माली की दुकान को स्थायी किया जाए और सभी विभागों में माली की बहाली अतिशीघ्र किया जाए। अध्यक्ष श्री माली ने मौजूदा राज्य सरकार पर रोजगार के नाम पर माली समाज को बरगलाने और झुनझुना थमाने का आरोप लगाते हुए कहा कि माली पद पर माली समाज के ही लोगों की बहाली पर सख्ती से ध्यान दिया जाए।

अध्यक्ष श्री माली ने कहा कि किसी भी विभाग में माली पद पर अन्य जातियों के लोगों की बहाली को उनकी पार्टी और माली समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

मौके पर सुधीर मालाकर माली मुन्ना मालाकार, रंजीत मालाकार, जितेन्द्र मालाकार, मनोज मालाकार, सुधीर मालाकार,पिंटु मालाकार, विनोद भक्त माली, रवीन्द्र भगत, राहुल मालाकार, संतोष यादव, गुडडू पासवान, विवेक पासवान उपस्थित थे।

राष्ट्रीय विकास पार्टी के दर्जनों नेताओं ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का दामन थामा

राष्ट्रीय खबर

पटना : राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज पासवान ने शक्ति पासवान के नेतृत्व में राष्ट्रीय विकास पार्टी के दर्जनों नेताओं का सदस्यता ग्रहण कराई। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि आज मुख्य रूप से राष्ट्रवादी विकास पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रियरंजन सिन्हा, पटना जिला उपाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, पटना जिला महासचिव संजय कुमार और गौतम कुमार के अलावा अनेकों नेता ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण की। आगे श्री चन्द्रवंशी ने मीडिया को बताया कि पार्टी के सिद्धांतों और राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के विचारों से प्रभावित होकर सभी ने सदस्यता ली। आगे प्रिंस राज ने कहा कि इनसभी के पार्टी के प्रति समर्पण एवं क्रियाकलापों को देखकर आगे इन सभी को जिम्मेवारी दी जायेगी।

इन सभी नेताओं को रालोजपा के सदस्यता ग्रहण करेन पर पार्टी के प्रधान महासचिव केशव सिंह, प्रदेश महासचिव ई0 विजय सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ स्मिता शर्मा, डॉ सुमन, रंजीत पासवान, तकनीकि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजू राजवीर, राधाकान्त पासवान, सौलत राही, देवेन्द्र कुशवाहा सभी ने बधाई दी और कहा कि ऐसे लोगों को पार्टी में जुड़नें से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

रास सांसद पहुंचे दुष्कर्म पीड़िता के घर, किया फास्ट ट्रैक की मांग

राष्ट्रीय खबर

भितहा : राज्यसभा सांसद भितहा प्रखंड अंतर्गत परसौना पंचायत के धुनियापट्टी गांव में पहुंच सामुहिक दुष्कर्म की शिकार पीड़िता एवं उनके परिजनों से मुलाकात की।इस दौरान सांसद ने उपस्थित लोगों से कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है।आज बिहार में जंगल राज पार्ट टू चल रहा है।आज यहां अपने आप को न व्यापारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और न लड़कियां सुरक्षित महसूस कर रही हैं। जिसका उदाहरण सभी लोगों के सामने हैं। आज प्रशासन मुक दर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सूनने में आया है कि यहां के थाना प्रभारी मामले को दबाना चाहते थे यहां का आम पब्लिक जागरूक हुआ जिसके बाद उन्होंने एफ आई आर दर्ज किया। उन्होंने कहा कि सरकार से और यहां के एसपी साहब से मांग करता हूं इस घटना के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर मुकदमा चलाये ताकि दोषियों को कोर्ट के माध्यम से उचित सजा मिल सके।

वहीं पीड़िता की मां ने भी कहा कि दोषियों को जल्द सजा मिलनी चाहिए।

वहीं मौके पर पहुंची मधुबनी प्रखंड प्रमुख सह भाजपा नेत्री विजया सिंह ने कहा कि बच्ची के साथ बहुत हीं घिनौनी हरकत हुई है। इसमें बच्ची को न्याय मिलना चाहिए। दोषियों को किसी भी हाल में मांफ नहीं किया जाना चाहिए, नहीं तो फिर किसी की बेटी ऐसी घटना की शिकार हो सकती है। अतः दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उक्त मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र यादव, युवा भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परितोष राय, चिकित्सा मंच के अध्यक्ष बृजेश सिंह भाजपा नेता संजय मिश्रा, हरिन्द्रकिशोर राव, मुखिया प्रतिनिधि चंदन गुप्ता, सहीत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस ने दो लुटेरों को खदेड़ कर धर दबोचा

▶▶ दोनों की निशानदेही पर मिला कट्टा और चाकू

राष्ट्रीय खबर

मुजफ़्फरपुर : जिला के सरैया थाना पुलिस को एक कामयाबी मिली है। आपको बता दें कि बिते दिन जब पुलिस बल गस्ती कर रही थी तभी पल्सर बाइक पर सवार दो युवक स्पीड मे निकल रहे थे।जिसे मस्ती कर रही पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो दोनों और स्पीड से भागने लगे जिसके बाद पुलिस ने खदेड़ कर धर दबोचा दोनों की पहचान विकास कुमार जोशी असवारी बंजरिया थाना कथैया जिला मुजफ्फरपुर और दूसरा दिलीप कुमार पिता राजकिशोर राय हीरापुर थाना पारु जिला मुजफ्फरपुर का रहने वाला के रूप मे हुई है।पूछताछ के क्रम में दोनों के द्वारा बताए गए निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी की तो बताए गए जगह से पुलिस ने लोडेड देशी कट्टा एक चाकू लूटी गई पल्सर बाइक के साथ-साथ लूट में प्रयुक्त एक बाइक और लूटी हुई दो मोबाइल भी बरामद किया है।दोनों ने पुलिस को यह बताया कि राहगीरों को सुनसान जगह देखते ही लूट लेते है।चाहे वह बाइक हो या कैश हो या फिर मोबाइल कुछ ना कुछ लूटपाट कर ही लेते है। उसी फिराक में आज भी निकले थे तभी पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। इसी दौरान पुलिस को दोनों ने सरैया में दो कांड,पारू में एक और बरुराज में एक घटना करने की बात बताई है। सूत्रों के मुताबिक एसडीपीओ कुमार चंदन ने कहा कि सरैया थाना अध्यक्ष के द्वारा गश्ती के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया गया तभी दोनों भागने लगे जिस पर पुलिस की टीम को शक हुआ और खदेड़ कर दोनो को धर दबोचा जिसमें पुलिस को यह उपलब्धि हाथ लगी है। दोनों रोड रोबरी करते हैं। विभिन्न थाना क्षेत्रों में अब तक कई कांडों का उद्भेदन हुआ है, और अन्य जगहों से दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। फिलहाल कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज भेज दिया गया है। अन्य मामलों में रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

16 अप्रैल को मांझी आवास पर दावते इफ्तार

पटना : हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से०) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई सैफुद्दीन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संजर आलम के संयुक्त तत्वाधान में पार्टी के संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के आवास पर 16 अप्रैल को दावते इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय ने बताया कि 16 अप्रैल को हम पार्टी की दावते इफ्तार पार्टी के संस्थापक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ० संतोष कुमार सुमन एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी के गरिमामय उपस्थिति ओर से होने वाली दावते इफ्तार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी पार्टी के नेताओं को आमंत्रण भेजा जा रहा है । यह जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार ने दी।

केंद्र सरकार द्वारा बिहार सरकार को पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा है : मंत्री

पटना : जदयू मुख्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम के तहत बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और सिंचाई मंत्री जयंत राज ने प्रदेश भर से आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निपटारा किया। कार्यक्रम में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार सरकार को पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा है। ये दुर्भाग्यपूर्ण है केंद्र की सरकार बिहारवासियों की उपेक्षा कर रही है। मीडिया द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनने की सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने कई बार स्पष्ट किया है कि उनकी ऐसी कोई व्यक्तिगत इच्छा नहीं है, वो बस विपक्षी एकजुटता को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत्त हैं। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की हितैषी है, देश की जनता से इनलोगों का कोई सरोकार नहीं है। बेरोजगारी और महंगाई से जनता परेशान है लेकिन केंद्र सरकार मन्दिर-मस्जिद के बहाने लोगों को दिग्भ्रमित करने में जुटी हुई है। सिंचाई विभाग के मंत्री जयंत राज ने भी श्रवण कुमार जी की बातों को दोहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से पर्याप्त धनराशि हमारी विभाग को प्राप्त नहीं हो रहा है और जानबूझकर सरकार हमारी मांगो को अनसुनी कर रही है, उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की कुनीतियों से बिहार व देश की जनता अब त्रस्त हो चुकी है।

सोनी ने 50 घंटे की बैटरी लाइफ वाले नए ऑन-ईयर वायरलेस हेडफोन्स डब्ल्यूएच-सीएच 520 की घोषणा की

पटना : सोनी इंडिया ने आज डब्ल्यूएच-सीएच 520 हेडफोन लॉन्च करने की घोषणा की। इसे श्रोताओं के लिए कंपैक्ट फॉर्म फैक्टर में उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो के साथ संगीत का आनंद लेने के लिए डिजाइन किया गया है। ऑन-ईयर वायरलेस हेडफोन पूरे दिन आराम के साथ 50 घंटे तक की बैटरी लाइफ प्रदान करते हैं और आपके दिन की मांगों को पूरा करने के लिए बेहतर कॉल प्रदर्शन प्रदान करते हैं। इसमें डिजिटल साउंड एनहांसमेंट इंजन (डीएसईई) भी है, जो आर्टिस्ट से अपेक्षित उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि प्रदान करता है और साथ ही उपकरणों के बीच आसान कनेक्टिविटी के लिए मल्टीपॉइंट कनेक्शन भी है। 50 घंटे तक की बैटरी लाइफ और तेज चार्जिंग के साथ, आपके पास कई दिनों के रोड ट्रिप और लंबे त्यौहार सप्ताहांत के लिए पर्याप्त पावर होगा। मल्टीपॉइंट कनेक्शन होने के चलते आप एक साथ दो उपकरणों के बीच जल्दी से स्विच कर सकते हैं। सोनी पर ईक्यू कस्टम के साथ आपकी संगीत वरीयता के लिए अनुकूलन योग्य शानदार ध्वनि गुणवत्ता हेडफोन कनेक्ट ऐप। कंप्रेस्ड म्यूजिक फाइलों की गुणवत्ता को बढ़ाएं और डीएसईई के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि के साथ स्ट्रीमिंग संगीत का आनंद लें।

परिमार्जन को लेकर नयागाव में लगाया राजस्व शिविर

बगहा : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निदेर्शानुसार सभी अंचल क्षेत्रों में भू स्वामियों की समस्याओं को देखते हुए परिमार्जन के लिए राजस्व शिविर का आयोजन अंचलाधिकारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसी क्रम में बगहा दो अंचल अंतर्गत नयागांव रामपुर के पंचायत भवन में बुधवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान राजस्व शिविर में कुल 31 आवेदन आये जिनका परिमार्जन ₹ऑन द स्पॉट₹ कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश सिंह के द्वारा किया गया। बगहा दो अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि परिमार्जन, ऑनलाइन जमाबंदी मे त्रुटि सुधार के लिए यह राजस्व शिविर का आयोजन किया गया था। अंचल अधिकारी ने कहा कि अगले 19 अप्रैल को जीमरी नौतनवा तथा 26 अप्रैल को नरवल-बरवल पंचायत में राजस्व शिविर का आयोजन कर भू स्वामियों की ऑनलाइन जमाबंदी मे त्रुटि की सुधार की जाएगी। नयागांव रामपुर पंचायत भवन में आयोजित राजस्व शिविर में राजस्व कर्मचारी जयप्रकाश राम, इंद्रजीत कुमार, रंजीत कुमार, अंचल के कंप्यूटर संचालक आकाश सिंह आदि उपस्थित होकर लोगों के परिमार्जन व लगान संबंधित त्रुटि से संबंधित मामलों में सहयोगात्मक भुमिका में रहे।

युवती के मौत की जांच के लिए पहुंची एफएसएल की टीम

राष्ट्रीय खबर

सुगौली, पू.च : मधुमलती मलाह टोली के समीप नदी में मिली युवती के शव के मौत के कारणों की जांच के लिए मुजफ्फरपुर और बेतिया की टीम घटना स्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि दक्षिणी मंसिघा पंचायत के लक्ष्मीपुर मलाह टोली निवासी दारोगा ठाकुर ने अपनी पुत्री रौशनी कुमारी के चार दिन पूर्व गायब होने को लेकर थाना में आवेदन दिया था।इधर मंगलवार के दिन ग्रामीणों ने गांव के समीप सिकरहना नदी में एक युवती का शव उपलाते देखा। जिसकी पहचान आवेदक दारोगा ठाकुर की पुत्री रौशनी कुमारी के रुप में हुई।इस बाबत थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि युवती के मौत सही कारणों की जानकारी के लिए मुजफ्फरपुर से फौरेंसिक जांच टीम और बेतिया डॉग स्क्वायड के टीम के साथ सुगौली थाना लक्ष्मीपुर पहुंची। जिसके बाद टीम ने अलग-अलग तरीके से घटना स्थल से लेकर गांव में जांच पड़ताल किया। खोजी कुत्ते के साथ टीम ने अपनी जानकारी जुटाई। जांच टीम ने देर शाम तक जानकारी एकत्र करने में लगी रही और देर रात वापस हुई। हालांकि जांच के लिए गई टीम के लोगो ने घटना स्थल पर युवती के मौत के कारणों के बारे में कुछ भी नही बताया। थानाध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि मृतका के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। जिसके आधार पर जांच पड़ताल में पुलिस जुटी हुई है।

शोध लेखन कार्य में आने वाले कठिनाइयों को तकनीकी माध्यम से करें हल

मगध विश्वविद्यालय में कार्यशाला का तीसरा दिन बोले विशेषज्ञ

राष्ट्रीय खबर

बोधगया : मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राधाकृष्णन सभागार में पांच दिवसीय ₹ रिसर्च एथिक्स एंड प्रोजेक्ट राइटिंग₹ कार्यशाला के तीसरे दिन की शुरूआत प्रो. कौशल किशोर, सीयूएसबी, गया, के द्वारा किया गया। उन्होंने प्रिपरेशन ऑफ रिसर्च प्रोजेक्ट ₹ पर एक विस्तृत वाख्यान दिया। इन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान शोध करने में आने वाले कठिनाईयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शोध करने के तकनीकी को समझे बिना हम किसी भी शोध को पूरा करने की कल्पना नहीं कर सकते हैं। दूसरे सत्र में प्रो रिजवान खान, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने तकनीकी विज्ञान के शोध तरीकों को एक साथ अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य ऑनलाइन हो कर दिया। तीसरे सत्र में प्रो एसबी सिंह, सेवानिवृत्त, तिलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर ने अपने व्याख्यान में अंग्रेजी साहित्य के शोध की रूपरेखा और महत्ता पर चर्चा की। चतुर्थ सत्र में प्रो शुषीम दुबे, नव नालंदा महाविहार ने शोधार्थियों को तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने की बात कही। इस बीच विद्वानों ने कहा कि शोध कार्यों को रोजगार से नहीं जोड़ें बल्कि समय पर शोध कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कर गुणवत्ता लाएं। शोध कार्य शुद्ध और ज्ञानात्मक होंगे तो शोध में गुणवत्ता आएगी। अंतर्मन के ज्ञान का दृष्टिपात करने से शोध में गुणवत्ता आएगी। सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ ममता मेहरा और डॉ मुसरत जहाँ ने किया। भोजन अवकाश के बाद पांचवें तकनीकी सत्र में प्रो शैलेश कुमार सिंह, एएन कॉलेज, पटना, छठे सत्र में प्रो ए नटराजन, आसाम विश्विद्यालय, सिलचर, सातवें सत्र में डॉ पंकज मिश्रा, सेंट स्टीफेंस कॉलेज और तीसरे दिन के अंतिम सत्र में प्रो दिग्विजय सिंह,सीयूएसबी, गया,ने अपने- अपने व्याख्यान में शोध विषय पर बहुत ही उपयोगी जानकारी दी, बहुविषयक जानकारियां देकर शोधार्थियों को लाभान्वित किया। मौके पर आइक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर डॉ रहमत जहां अंग्रेजी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ सरिता वीरांगना डॉ निभा सिंह, डॉ नीरज कुमार, डॉ विकास मोहन सहाय, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ अमृतइंदु घोषाल, डॉ सोनू अन्नपूर्णा सहित मानविकी, विधि और शिक्षा शास्त्र विभाग के शोधार्थी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ ममता मेहरा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ एकता वर्मा एवं डॉ रेणु रानी ने किया।

शिक्षकों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री का पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

मोतिहारी : राज्य संघ के आह्वान पर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की प्रखंड व जिला इकाई ने शहर के गांधी चौक पर सूबे के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवम शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर सरकार के प्रति विरोध प्रकट किया। उक्त विरोध प्रदर्शन का आयोजन जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राय के अगुवाई में बुधवार को किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री राय ने कहा कि शिक्षक नियमावली 2023 शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा दस अप्रैल को जारी किया गया है। यह शिक्षक नियमावली 2023 पूर्व से बहाल शिक्षकों के लिए एक बड़ा धोखा एवं छलावा है। बार-बार नियोजित शिक्षकों के स्थानांतरण, स्नातक प्रोन्नति, प्रधानाध्यापक में प्रोन्नति , कालबद्ध प्रोन्नति, वरीयता आदि मुद्दों को लेकर सदन में नई

नियमावली के तहत सुधारने की घोषणा करके ठगने का कार्य किया गया है। सरकार ने सदन को भी गुमराह करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है।

वही वरीय जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि नियोजित शिक्षकों ने पन्द्रह साल से अधिक अवधि बिहार के शिक्षा व्यवस्था को समर्पित कर दिया। अब जब उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा एवं सम्मानजनक वेतनमान मिलना चाहिए तो बिहार सरकार ने 7वें चरण के बहाली हेतु एक नई नियमावली लाकर इस नियमावली को पूर्व से बहाल शिक्षकों पर भी थोप दिया कि बिहार लोक सेवा आयोग से परीक्षा पास करने के बाद ही राज्यकर्मी का दर्जा एवं वेतनमान मिलेगा। महागठबंधन द्वारा सरकार बनने पर प्रथम केबिनेट में समान काम का समान वेतन एवं राज्य कर्मी का दर्जा नियोजित शिक्षकों को देने की घोषणा व वादे के उलट नियोजित शिक्षकों को वंचित कर नई नियमावली 2023 में छलावा किया है। सरकार अति शीघ्र नियमावली में सुधार करते हुए पूर्व से बहाल शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा, जिला संवर्ग और पुरानी पैंशन बहाल करें अन्यथा पूरे बिहार के शिक्षक बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे।

मौके पर राजमंगल यादव, शत्रुघ्न कुमार, प्रह्लाद कुमार, मो. फरमुद आलम, जयंत कुमार आर्य, विरेंद्र कुमार, अनिल यादव, ब्रजकिशोर यादव, उमेश पंडित, मनोज कुमार, संजय कुमार, डा. मुकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार यादव, शोभा शर्मा, आलोक चंद्र प्रियदर्शी, मो. बद्रुद्दीन, कन्हैया लाल बैठा, मनोज कुमार, वीरेंद्र शर्मा, श्यामबाबू भगत, शैलेश कुमार पाण्डेय समेत अन्य मौजूद थे।

शहर >> अपडेट

जिला व्यापार मंडल के चुनाव परिणाम घोषित

बेतिया : जिला व्यापार मंडल के चुनाव का परिणाम घोषित हो गया। चुनाव परिणाम उपरांत संतोष कुमार ने अध्यक्ष पद पर विजय ध्वज लहराया। अध्यक्ष पद पर संतोष कुमार को कुल मत 154 मिले, जबकि भगवती प्रसाद दूसरे स्थान पर रहे उन्हे मात्र 76 वोट से संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष के पद पर संजीव कुमार पांडेय कुल 121 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए, उनके प्रतिद्वंदी मुरारी कुशवाहा को 116 वोट मिला। मुरारी कुशवाहा और संजीव पांडेय के लिए 5 वोट काफी महत्वपूर्ण रहे, जिससे एक को खुशी तो दूसरे गम मिला।

नई शिक्षक नियमावली की प्रति जला कर शिक्षकों ने जताया विरोध

▶▶ सरकार के विरोध में सभी तरह के सरकारी कार्यो का किया जाएगा बहिष्कार

राष्ट्रीय खबर

हवेली खड़गपुर : प्रखंड संसाधन केंद्र(बीआरसी) में संयुक्त रूप से विभिन्न शिक्षक संगठनों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजन कुमार रंजन ने किया। बैठक में संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया गया कि सरकार के विरोध में सभी तरह के सरकारी कार्यो का बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजक उपेन्द्र राय भी उपस्थित थे। बैठक के बाद सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप

से नई शिक्षक नियमावली 2023 की प्रति को जला कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ के अनुमंडलीय अध्यक्ष शम्मी कपूर, डा. रवि शंकर रजक, कुमार विमल, विजय शंकर त्रिपाठी, पंकज कुमार यादव और बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के शिक्षक सरिता कुमारी, पूनम कुमारी, रामकृष्ण सुमन, ओम प्रकाश निराला, अमर कुमार, संजय यादव, धर्मवीर पासवान, सुभाष कुमार, रितेश कुमार, सोहन हेम्ब्रम, प्रमोद कुमार, विजय पासवान आदि शिक्षक मौजूद थे।

दर्जनों मवेशियों का हुआ नि:शुल्क उपचार व दवाओं का वितरण

▶▶ पशुपालक उठाये योजनाओं का लाभ : डॉ. बर्मन

राष्ट्रीय खबर

सुगौली : प्रखण्ड के उत्तरी श्रीपुर पंचायत स्थित धर्मपुर में क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय पशुपालन मुजफ्फरपुर के द्वारा चलंत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुगौली भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी रविशंकर देव बर्मन ने किया। इस पशु चिकित्सा शिविर में दर्जनों मवेशियों के इलाज प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी श्री बर्मन के द्वारा किया गया। वही क्षेत्रीय निदेशक मुजफ्फरपुर कार्यालय से आये डॉ अशोक कुमार सिंह,डॉ अशोक कुमार सहित अन्य लोगों ने किसान व पशुपालकों के बीच गाय,

भैंस, बकरी इत्यादि मवेशियों की दवा का वितरण किया गया। वही इस कार्यक्रम में प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी श्री बर्मन ने पशुपालकों को जागरूक करते हुए कहा कि क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन मुजफ्फरपुर का सख्त निर्देश हैं कि जिला के सभी पशुपालकों तक, विभाग के तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर हाल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि आपलोग पशुपालन विभाग के तरफ से चलाई जा रहे योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें तथा गाय पालन, बकरी पालन,मछली पालन पर विशेष ध्यान दे, जिससे आपकी आय में बढ़ोतरी हो सके। मौके पर पशु टीकाकर्मी रणधीर कुमार, पशु टिकाकर्मी सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता, मनोहर कुमार, शत्रुधन साह, मो. अमजद हुसैन,प्रवीण कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

महिलाओं को जूट बैग और मोबाइल होल्डर का मिल रहा प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर

गया : गुरारू प्रखंड के बरमा गांव में स्माइल टूगेदर इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में 30 महिलाओं को स्वरोजगार दिलाने के उद्देश से नाबार्ड प्रायोजित जूट बैग, मनी बैग एवं मोबाइल होल्डर आदि वस्तुएं बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ नाबार्ड, गया के डीडीएम उदय कुमार, रेस्टी के निदेशक सुनील कुमार एवं गुरारू प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के समापन पर स्माइल टूगेदर इंडिया फाउंडेशन के सचिव सौरभ कुमार ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नाबार्ड प्रायोजित इस तरह के प्रशिक्षण शिविर के जरिए लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करना होगा तभी देश एवं समाज विकसित होगा। सभी महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेगी।

गर्ल्स स्कूलों के इर्द-गिर्द छेड़खानी की घटनाओं में वृद्धि

राष्ट्रीय खबर

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित गर्ल्स स्कूलों के इर्द-गिर्द छेड़खानी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। आये दिन छेड़खानी की छिटपुट घटनाएं देखने को मिल रही है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर मे पढ़ने वाली एक (भगिनी) छात्रा ने छेड़खानी की शिकायत गुरुजनों (आचार्य) से किया। छात्रा के अनुसार बुधवार को छुट्टी के बाद विद्यालय से घर जाने के क्रम में जैसे ही वह शांति माता मंदिर के पास पहुंची, वहां उपस्थित एक लड़का अपनी बाइक को छात्रा के आगे रोक दिया। उसके बाद वह लड़का विद्यामंदिर की छात्रा से असभ्य व्यवहार करने लगा। इसकी सूचना मिलते ही विद्यालय के गुरुजन तथा आसपास के लोग वहां पहुंचे और असभ्य व्यवहार करने वाले लड़के को दबोच लिया। पूछताछ के क्रम में पता चला कि पहले भी उपर्युक्त लड़का पीड़ित छात्रा को रोकने और परेशान का प्रयास कर चुका है। कुछ समझाने के पुर्व उस लड़के के पड़ोसी बीच बचाव कर उसे अपने साथ ले गए। इस बावत विद्यालय ने एक आवेदन कालीबाग ओपी अध्यक्ष दुष्यंत कुमार को संबोधित दिया है। जिसमें बालिकाओं के स्कूल आने और जाने के समय पुलिस की गस्ती दल को विद्यालय के इर्द-गिर्द सक्रिय रखने की मांग किया है। कालीबाग ओपी थानाध्यक्ष दुष्यंत कुमार ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए छानबीन प्रारम्भ कर दिया और असभ्य व्यवहार करने वाले को चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया तेज कर दिया है। ज्ञात हो कि राज (ड्योढी) देवड़ी क्षेत्र में कई गर्ल्स स्कूल संचालित हैं। जिससे उस क्षेत्र में छात्राओं का आवागमन लगा रहता है।

समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई

राष्ट्रीय खबर

चकिया पू चं : समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले का जयंती मंगलवार को माली मालाकार कल्याण समिति के तत्वाधान में शहर के मोतिहारी रोड स्थित जदयू पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें मोतीलाल भगत ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह समाज सुधारक के साथ क्रांतिकारी थे। पिछड़ों और गरीबों को हक दिलाने के लिए उन्होने महत्वपूर्ण कार्य किए। साथ हीं जदयू प्रखंड अध्यक्ष लखन प्रसाद पटेल, बैजनाथ भगत, अनिल यादव समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपना -अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर अरविंद कुमार भगत, विजय मालाकार, अशोक कुमार, प्रभु प्रसाद, मोहन राय, रामानंद पटेल, राहुल कुमार पटेल, टूना पाठक, विक्की कुमार, पप्पू कुशवाहा, जितेंद्र चौधरी, ओम प्रकाश निराला, विनोद भगत सहित अन्य मौजूद थे।

गर्भावस्था में टीबी का होना है खतरनाक - सीएस

मोतिहारी : हर महिला के लिए मातृत्व एक बेहद सुखद अहसास होता है। यह दौर सभी महिला के जीवन में बेहद खास होता है। लेकिन कई बार यह काफी चुनौतीपूर्ण भी साबित हो सकता है। ऐसे में अगर आप अपना और अपने बच्चे का ध्यान रखना चाहती हैं, तो इसके लिए बेहद जरूरी है कि आप खुद की उचित देखभाल करें। ये बातें सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए टीबी का होना बेहद खतरनाक होता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। किसी भी प्रकार के रोगग्रस्त बीमार लोगों के सम्पर्क में आने से बचना चाहिए। टीबी के अगर लक्षण महसूस हो तो लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इससे बच्चे पर भी खराब असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि अगर टीबी के लक्षण हो तो छुपाने की जगह चिकित्सक से खुलकर बाते करें।

कुश्ती में भागलपुर का दिखा जलवा

कुश्ती चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला में बिहार हावी

▶▶ देवरिया उत्तर प्रदेश को मिली निराशा

राष्ट्रीय खबर

तारापुर : प्रखंड के अफजलनगर में जिला स्तरीय दो दिवसीय कुश्ती चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला बुधवार संध्या प्राथमिक विद्यालय राघोपुर खेल मैदान पर कराया गया। गौरतलब है कि कुश्ती चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला देखने को लेकर असरगंज, तारापुर, संग्रामपुर, टेटिया बंबर, खड़गपुर, सहित पड़ोसी जिला भागलपुर बांका के बेलहर एवं शंभूगंज प्रखंड से कुश्ती प्रेमी दंगल शुरू होने से पहले ही समारोह स्थल पर भारी संख्या में पहुंच गए। बताया जाता है कि कुश्ती चैंपियनशिप के मौके पर बिना

प्रशासन की मदद से पिछले 70 वर्षों से गांव की कमेटी द्वारा दंगल कराया जाता है । गौरतलब है कि फाइनल मुकाबला में विजेता मिथलेश पहलवान गोसाई दासपुर नाथनगर भागलपुर ने देवरिया उत्तर प्रदेश के टाइगर पहलवान को कई कुश्ती के बाद बड़ी दांवपेच के साथ पटकनी दिया। इसके पूर्व लखीसराय, जमुई, मुंगेर, सुल्तानगंज, बांका ,भागलपुर खगड़िया के अलावे देवरिया उत्तर प्रदेश एवं नेपाल से आए पहलवानों ने एक दूसरे के साथ एक से बढ़कर एक दांवपेच के साथ बारी बारी से कुश्ती किया। बड़े ही संघर्ष के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गोसाई दासपुर भागलपुर के मिथिलेश पहलवान रहे। विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को कमेटी के संरक्षक पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन ने नगद इनाम की राशि एवं चांदी का मेडल देकर पुरस्कृत किया। वही अखाड़ा समिति के संरक्षक ने सरकार से मांग किया कि इस अखाड़े को राज्य स्तरीय कुश्ती घोषित किया जाना चाहिए। इस मौके पर पड़ोस के गांव कल्याणपुर, दौलतागंज, महपुर, लौना, महेशपुर से सैकड़ों की संख्या में कुश्ती देखने के लिए लोग पहुंचे थे। इस मौके पर कमेटी के संरक्षक पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन अरविंद कुमार लालमणि कुमार पैक्स अध्यक्ष रवि रंजन कुमार गुलशन कुमार विकास कुमार नीतीश कुमार निराला अक्षयवट के अलावे हजारों से अधिक दंगल देखने आए दर्शक मौजूद थे।

नई नियमावली से लाखों शिक्षकों के साथ सरकार ने दिया धोखा : डॉ प्रेम

गया : पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने बीपीएससी से शिक्षकों की नियुक्ति नियमावली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार की ओर से इसे आननफानन में लाया गया है। यही वजह है कि यह शिक्षक हित में किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। यही नहीं उन्होंने कहा कि इसमें कई स्तर पर विसंगतियां है। यह पूरी तरह से प्रदेश के लाखों युवा शिक्षकों के साथ धोखा है। पूर्व कृषि मंत्री का कहना है कि सरकार को चाहिए था कि सबसे पहले उन्हें नियुक्ति पत्र दे जो सीटीईटी, एसटीईटी, टीईटी की परीक्षाएं पास कर नौकरी का इंतजार वर्षों से कर रहे हैं। नई नियमावली के तहत एक लाख से अधिक प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों और 4 लाख नियोजित शिक्षकों को भी अब नए संवर्ग वाला सरकारी शिक्षक बनने के लिए बीपीएससी की परीक्षा देनी पड़ेगी। यही नहीं एक स्कूल में दो तरह के शिक्षक होंगे। प्रदेश सरकार द्वारा ऐसा किया जाना पात्रता सिद्ध कर चुके प्रतिभावान युवाओं के मनोबल पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मचारी को दर्जा दिया जाना चाहिए। सरकार से मांग है कि नियमावली को वापस लेते हुए इस पर विस्तृत विचार विमर्श किया जाय।

सड़क निर्माण में पेवर ब्लॉक का उपयोग, ग्रामीणों ने विरोध किया

मझौलिया : प्रखंड अंतर्गत अहवर कुड़िया पंचायत के वार्ड नम्बर 9 चूड़ीहरवा टोला में पेवर ब्लॉक का उपयोग कर सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में इस्टीमीट एवं मानक के अनुरुप काम नहीं किया जा रहा है। उसमें काफी अनियमितता बरती जा रही है। इस बावत मुखिया जानकी देवी ने बताया कि षष्टम वित्त योजना से निर्मित सड़क को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जा रहा है। जिससे मॉडल के रुप में दिखाया जा सके। ग्रामीणों को आवागमन की समस्या, जलजमाव से निजात तथा आत्म निर्भर गांव बनने की दिशा में प्रवासी मजदूरों को ग्राम्य स्तर पर काम उपलब्ध कराया जा रहा है तथा रोजगार का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुखिया जानकी देवी ने कहा कि उनपर निराधार (बेबुनियाद)आरोप लगाया गया है। महिला मुखिया होने के कारण कुछ लोग परेशान और बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। इस बावत पंचायती राज पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मामले में संज्ञान लिया जाएगा। जांच उपरांत दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

गोलीकांड में मारे गए शहीदों को जेपी सेनानियों ने दी श्रद्धांजलि

गया : जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन,बिहार के बैनर तले गया गोलीकांड के 46वीं बरसी पर शहीदों को स्थानीय टावर चौक के समीप दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह ने बताया कि 12 अप्रैल 1974 को जेपी आंदोलन के तहत आंदोलनकारियों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक आंदोलनकारियों पर गोली चला कर मार गिराया गया था। मारे गए जेपी सेनानियों में रमना रोड के सज्जन कुमार टेकारी रोड के विनोद कुमार, नई गोदाम के नवीन कुमार,नवागढ़ी के कपिल देव सिंह, गुरुवा के रघुनंदन पांडे बाला बिगहा टिकारी के राम मिश्रा, सिगठिया के उमेश सिंह, अंदर गया के राम खेलावन साह शहीद हो गए थे। उन शहीदों के बरसी पर बिहार प्रदेश जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सभा में संगठन के प्रदेश महासचिव अखौरी निरंजन प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष मुद्रिका प्रसाद नायक, हरिशंकर प्रसाद, लालजी प्रसाद, जेपी सेनानी उपेंद्र सिंह,सुरेश प्रसाद, कौलेश्वर मांझी आदि लोग शामिल थे।

लक्ष्मीपुर अग्नि पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत सिकटा प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर गांव में विगत दिनों हुई आगलगी पीड़ितों को रेड क्रॉस सोसाइटी नरकटियागंज ने राहत सामग्री उपलब्ध कराया इस बाबत रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉक्टर आफताब आलम ने बताया कि देगची, बाल्टी, लोटा, ग्लास, कड़ाही, कठरा, प्लेट और खाद्य सामग्री यथा दाल, चावल, आलू, प्याज, तेल, नमक अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से शेख जलालुद्दीन, शेख लड्डू, रवींद्र बैठा, अब्दुल सलाम, कमलेश बैठा और मुकेश बैठा को राहत मुहैया कराया गया। रेड क्रॉस की टीम में चेयर मैन सरदार बलविंदर सिंह, डॉक्टर फैसल सिद्दीकी, इमरान इकबाल, एम काजिम, डॉक्टर आफताब आलम, एडवोकेट विकास कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

ज्वेलर्स लूट कांड में असलहों के साथ दो गिरफ्तार

चकिया पू चं : पुलिस को जिला का चर्चित सोना लुट कांड में एक और बड़ी सफलता मिली है। स्थानीय पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से लुट कांड में संलिप्त दो और फरार चल रहे अपराधियों को छापामारी कर गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा व 315 बोर तीन जिंदा कारतूस तथा चरस जैसा मादक पदार्थ,131ग्राम स्वर्ण आभूषण एवं तीन मोबाइल फोन सेट व एक बाईक भी बरामद किया है। वहीं आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर गांव निवासी मुकेश व उसी थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव का रहने वाला रवि कुमार के रूप में बताई गई है। इस छापेमारी दल में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार के अलावा एसटीएफ पटना के पुलिस निरीक्षक विनय कुमार व पुअनि प्रीति कुमारी परि पुअनि राजकुमार राजू के अलावा सअनि हरेश कुमार, मो असलम अंसारी, सुरेश कुमार तथा स्थानीय थाना व एसटीएफ के सशस्त्र बल शामिल थे। गौरतलब हो कि बीते 25 मई को शहर के केसरिया रोड स्थित देवीलाल ज्वेलर्स प्रतिष्ठान अपराधियों ने फिल्मी स्टाइल में धावा बोल लूट पाट की घटना को अंजाम दिया था तथा दुकान का संचालन कर रहे दो भाइयों को गोली मारकर घायल कर दिया था। साथ ही बिक्री के लिए रखा सोना एवं चांदी का आभूषण नगद व करोड़ों की संपत्ति लेकर फरार होने में सफल रहा था। पुलिस ने 18 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया तथा ताबड़तोड़ छापामारी कर अभी तक संलिप्त 17 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अपराधी अभी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। पुलिस सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक बारी बारी से छापामारी कर संलिप्त 17 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया तथा लुट का 2.225 ग्राम स्वर्ण आभूषण करीब 15 किलो ग्राम चांदी एवं 14लाख 60 हजार नगद के अलावा कांड में प्रयुक्त एक कार तथा बाइक बरामद किया है।

बेतिया में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती सम्पन्न

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित जमादार टोला स्थित राकेश फुले के आवास पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। उनके किये कार्यों को याद किया गया। उसमें रिटायर्ड डीएसपी रामदास बैठा ने कहा कि महात्मा फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय व उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। महात्मा फुले अजीवन अंध विश्वास के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। उषा बौद्ध ने कहा कि हमारे सभी कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिससे समाज कल्याण के कार्य में वृद्धि होगी, जबकि राकेश फुले ने कहा कि अगले वर्ष का कार्यक्रम वृहद स्तर पर किया जाएगा।

जिला स्तरीय जीविकोपार्जन गतिविधि क्षमता आकलन कार्यशाला का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर

मुजफ्फरपुर : जीविका के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहार के 8 जिलों के एक-एक प्रखंडों में जीविकोपार्जन गतिविधियों के क्षमता आकलन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी शिलाजीत सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी डॉ नूतन, पशुपालन एवं गव्य विकास पदाधिकारी डॉ अवधेश कुमार के साथ ही एन आर एल एम के राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक जीविकोपार्जन विवेक कुंज और जीविका की डीपीएम अनिशा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में पहले दिन उन्मुखीकरण किया गया जबकि दूसरे दिन क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला में नालंदा, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, खगड़िया और बेगूसराय इन आठ जिलों के आठ प्रखंडों के प्रखंड परियोजना प्रबंधक और इनके साथ ही सभी जिलों के कृषि प्रबंधक, पशुपालन प्रबंधक और गैर कृषि प्रबंधक ने संयुक्त रूप से भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उक्त सभी जिलों के एक - एक प्रखंडों में पशुपालन खेती, मछली पालन इत्यादि की समस्याओं और योजनाओं के लाभ को लेकर विस्तृत आंकलन की गई। इस कार्यशाला के माध्यम से लखपति दीदी योजना से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना है। इस योजना का मकसद एक महिला जो समूह से जुड़ी हैं उनको कृषि, पशुपालन और गैर कृषि साधनों से आमदनी बढ़ाते हुए लखपति बनाना है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा सभी जिलों में जीविकोपार्जन गतिविधियों के लिए क्या क्षमता है उस पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए अलग-अलग जिलों में मिट्टी के प्रकार, पौधों को किस तरह से देखभाल किया जाए , पशुपालन , दलहन तिलहन की खेती और मछली पालन के साथ ही अन्य जीविकोपार्जन के साधनों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। नाबार्ड ,आत्मा, गव्य विकास और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ किस तरह से ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले इसके लिए रणनीति बनाते हुए जिन समस्याओं के कारण लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है उसे दूर करने की चर्चा की गई । गव्य विकास, मछली पालन और कृषि विभाग से जुड़े योजनाओं को जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुंचाने के लिए आठ जिलों के एक एक प्रखंडों को पायलट के तौर पर तैयार किया जाएगा जहां पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ देते हुए एकीकृत कृषि मॉडल को बढावा देते हुए। कई नए और वैज्ञानिक तरीकों से किसानों की आमदनी बढ़ाने पर चर्चा की गई।

एक नजर

संबंध बनाओ, अन्यथा गांव छोड़कर चली जाओ

पीड़िता के आवेदन पर डीआईजी ने दिया आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत बगहा पुलिस के रामनगर थाना क्षेत्र स्थित जोगिया गांव निवासी सदरुन नेशा ने चम्पारण प्रक्षेत्र के डीआईजी जयंत कांत को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। उसके अनुसार पीड़िता के देवर व घर के अन्य सदस्यों ने उसे निर्वस्त्र कर दिया। उससे जबरन आरोपियों ने कहा कि मुझसे संबंध बनाओ नहीं तो गांव छोड़कर चली जाओ....। बताया गया है कि घटना 29 जनवरी 2023 की है। पीड़िता ने डीआईजी को दिए आवेदन में बताया है कि पीड़िता के पति दिव्यांग (विकलांग) है। जिसका नाजायज लाभ उठाकर पट्टीदारों ने कहा कि घर औने पौने दाम में रजिस्ट्री कर दो, मना करने पर नाराज पट्टीदारों ने पीड़िता से मारपीट कर, बच्चों को पीटा, पति को पिटा, अंत में पीड़िता के वस्त्र फाड़कर निर्वस्त्र (नंगा) कर दिया। सभी लोग देखते रहे, किसी ने विरोध तक नहीं किया और ना ही बचाव किया। अंत में हल्ला होने पर आसपास के अन्य लोगों ने लाज बचाया। उस के दूसरे दिन मायके वालों ने बुलाया और घर ले गये। अभी फिलहाल पीड़िता मायका(नैहर) गौनाहा थाना क्षेत्र के बखरी में है। शिकायत करने पर रामनगर थानाध्यक्ष ने मारपीट का केस कर कर न्याय देने की बात कही है। पीड़िता महिला थाना गई, वहां फरियाद लगाया, अलबत्ता वहां भी किसी ने कोई कार्रवाई नहीं किया। महिला थाना और रामनगर थाना का चक्कर लगाकर थककर पीड़िता, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बेतिया के न्यायालय में परिवाद दायर किया, उन्होंने वहां से महिला थाना भेजा, एक महिला के साथ हुई लोमहर्षक घटना के 3 महीने बीत जाने के बाद भी सुसंगत धाराओं में एफआईआर नहीं किया जाना, पुलिस प्रशासन की छवि को दूषित करने को पर्याप्त है। यह पूछने पर रामनगर थानाध्यक्ष अनंत राम ने हमारे संवाददाता को बताया कि प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि किन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है याद नहीं है, देखकर बताया जा सकता है। फिर महिला थानाध्यक्ष राणा रणविजय ने बताया कि अति शीघ्र सदरुन का एफआईआर दर्ज कर लिया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

युवाओं ने मिलकर सड़क को किया ठीक, स्थानीय लोगो ने की सराहना

राष्ट्रीय खबर

सुगौली,पू.चः स्थानीय प्रशासन के द्वारा सड़क नही ठीक कराने पर युवाओं ने मिलकर स्वयं सड़क को ठीक किया।नगर पंचायत के सरगम रोड में गड्ढा हो जाने के कारण आए दिन राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।खासकर विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को आएं दिन आने-जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।इस सड़क की स्थिति ठीक नही होने के चलते कई बार राहगीर गिर कर जख्मी हो गए।सड़क में जगह जगह गड्ढा हो गया था।जिसके चलते काफी परेशानी बढ़ गई थी।स्थानीय नागरिक कई बार जनप्रतिनिधि से गुहार लगाई,लेकिन कोई फायदा नही हुआ।जिसको लेकर समाजिक कार्यकर्ता सुजीत रमण ने अपने सहयोगी बिनोद ठाकुर,अभिषेक तिवारी,बनारसी साह,गोलू कुमार सहित कई लोगो को साथ लेकर सड़क ठीक करने का बीड़ा उठाया।सभी लोगो ने मिलकर गड्ढे को भरा और सड़क ठीक किया।युवाओं ने बताया कि जनप्रतिनिधियों का कहना है कि स्वीकृति मिलने के बाद काम किया जाएगा,लेकिन युवाओं द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को नगर पंचायत के जनता ने सराहना की है।

दिनदहाड़े बेखौफ अपराधियों ने आईसीआईसीआई बैंक में की लूट

48 लाख रुपए समेत दो कस्टमर को लूट हुए फरार

राष्ट्रीय खबर

चकिया पू चं: दिनदहाड़े बेखौफ अपराधियों ने नगर परिषद अंतर्गत बजरंगी नगर में अवस्थित आईसीआईसीआई बैंक में हथियार के बल पर लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया। कैश काउंटर में रखा लगभग 48 लाख रूपया व महिला कस्टमर से तीस हजार नगद समेत उसका आभूषण, जबकि एक पुरुष कस्टमर से पांच हजार नगद लुट कर फरार होने में सफल रहा। घटना बुधवार के दोपहर के बाद की है। लूट की घटना की खबर से शहर में सनसनी फैल गई। सूचना पर अविलंब चम्पारण रेंज के डीआईजी जयंतकांत व एसपी कांतेश कुमार मिश्रा बैंक में पहुंच सुक्षमता से मामले की जांच की तथा शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मियों से आवश्यक पुछताछ भी की। घटना को लेकर बताया गया है कि दो बाइक पर पांच की संख्या में सवार अपराधी बैंक के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंचे तथा चार अपराधी रिवाल्वर लहराते बैंक के अंदर प्रवेश किया तथा अग्नेयास्त्र का भय दिखा बैंक अधिकारी समेत कर्मी व लेनदेन के लिए आये कस्टमर को बंधक बना लिया तथा रिवाल्वर का भय दिखा कैश काउंटर में रखा लगभग 48 लाख नगद रूपया लूट लिया। वहीं रानीगंज मुहल्ला की रहने वाली चुनचुन देवी गोल्ड पर लिये गये लोन राशि जमा कर बंधक रखा आभूषण निकासी के आई थी राशि जमा के बाद बचा हुआ नगद 30 हजार व इसका आभूषण तथा बैंक में मौजूद शीतलपुर गांव निवासी रंजीत कुमार से पांच हजार नगद व बैग में रखा एटीएम कार्ड समेत अन्य आवश्यक कागजात से भरा बैग लुट लिया पूनः सभी अपराधी बाईक पर सवार होकर कुअवां गांव की तरफ भाग खड़ा हुआ। वही अपराधियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य सीसीटीवी कैमरा के तार आदि को क्षतिग्रस्त कर दिया था। बताया गया कि सभी बदमाशों की उम्र लगभग 16 से 22 साल के बीच की थी जिसमें एक बदमाश मुंह पर मास्क लगाया था बाकी सभी का चेहरा खुला हुआ था। बैंक का यह शाखा शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाके से अलग थलग है तथा शाखा प्रबंधक के अलावा छह अन्य कर्मी की प्रतिनियुक्त है परंतु सुरक्षा को लेकर कोई प्रहरी की नियुक्ति नहीं है। इस बाबत जिला पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा की घटना दोपहर में हुई है। दो बाइक पर सवार होकर पांच अपराधी बैंक पहुंच लूट की घटना को अंजाम दिया। जिसमें 48 लाख कैश काउंटर से लूट हुई है। मामले में जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया कर लिया जाएगा।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सेहत केन्द्र के द्वारा एड्स : समस्या एवं समाधान

राष्ट्रीय खबर

मोतिहारी पू चं: महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी बिहार में स्थापित सेहत केन्द्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्त्वावधान में चाणक्य परिसर के रामचन्द्र शुक्ल सभागार में ह्लएड्स : समस्या एवं समाधानह्व के विषय में विशिष्ट व्याख्यान काआयोजन कियागया। इस कार्यक्रम के संयोजक सेहत केन्द्र के नोडल ऑफिसर तथा सेहत केंद्र के समन्वयक प्रो. पवनेश कुमार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के समन्वयक प्रो. प्रसून दत्त सिंह, जीव विज्ञान विभाग के प्रोफेसर तथा विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो प्रणवीर सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ मिथिलेश कुमार तथा सेहत केंद्र के सह-संयोजक एवं संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ बबलू पाल महोदय उपस्थित रहे। आज के इस कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में सदर चिकित्सालय के डॉ मिथलेश कुमार महोदय ने स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं को रेखांकित किया तथा उनसे कारकों को पहचान कर उनसे बचने के उपायों पर विस्तृत उद्बोधन प्रस्तुत किया। डॉ मिथिलेश ने अपने व्याख्यान में एड्स से बचने के उपाय को बताते हुए कहा कि व्यक्ति का भौतिक शरीर, आध्यात्मिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहने से ही स्वस्थ कहा जाता है और उन्होनें यह भी बताया कि व्यक्ति में 70 प्रतिशत बीमारी का कारण मानसिक बीमारी होती है। एड्स होने के कारणों पर भी उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने ने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध से, एच.आई.वी.संक्रमित खून चढ़ाने से, माता-पिता के एच.आई.वी. संक्रमित होने से उनके होने वाले बच्चे को तथा एच.आई.वी. संक्रमित सुई के प्रयोग से एड्स की बीमारी होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवविज्ञान विभाग के प्रो० प्रणवीर सिंह जी ने भी मनुष्य में तेजी से फैल रहे विभिन्न बीमारियों की ओर संकेत किया तथा उनके निवारण के उपायों पर भी अपना मत प्रस्तुत किया। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि संक्रमित लोगों को दुर्भावनापूर्ण व्यवहार की अपेक्षा उनसे सकारात्मक व्यवहार से और जागरूकता के द्वारा इस संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों तथा श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापन सेहत केन्द्र के समन्वयक प्रो० पवनेश कुमार जी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सेहत केन्द्र के डॉ बबलू पाल जी ने किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शोधार्थीगण तथा विद्यार्थीगण ने एड्स बीमारी से बचने के उपायों को तथा इसके प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए संकल्प लिए, जिससे इस संक्रामक बीमारी को रोका जा सके।इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के आचार्यों के साथ ही साथ विश्वविद्यालय के ५० से अधिक शोधच्छात्र एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

नए शिक्षक नियमावली पर फूटा शिक्षक संगठनों का गुस्सा, सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

राष्ट्रीय खबर

बगहा : राज्य सरकार द्वारा जारी बिहार राज्य शिक्षक नियमावली 2023 को मंजूरी दिए जाने के बाद से शिक्षक संगठनों में भारी गुस्सा है। शिक्षक नेताओं ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए इसे शिक्षक और परीक्षार्थी दोनों के लिए आफत बताया है। लिहाजा नियमावली के विरोध में शिक्षक संघ और अभ्यर्थियों ने ब्लैक डे मनाया और बेतिया गोरखपुर मुख्य सड़क किनारे स्थित डीएम एकेडमी स्कूल प्रांगण में जोरदार प्रदर्शन किया। इतना हीं नहीं शिक्षक नियमावली की छाया प्रति भी जलाकर सरकार के इस निर्णय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बता दें कि विगत 15 से 16 वर्षों से बिहार में नियोजित शिक्षक दक्षता, पात्रता परीक्षा पास कर ट्रेंड होकर ड्यूटी करते आ रहे हैं लेकिन अभी भी इन्हें नियमित शिक्षक या राज्य कर्मी का दर्जा नहीं मिल सका है और ना ही अंतर जिला स्थानांतरण की कोई नियमावली बनी है यहीं वजह है कि कैबिनेट बैठक में पारित आयोग की परीक्षा पास कर सेवाशर्त या नियमित शिक्षक का दर्जा मिलने के बाद ही राज्य कर्मी बनाये जाने के नियमों का विरोध करने शिक्षक अब गोलबंद होकर सड़कों पर उतर आये हैं ।

जनहित के कार्य पूरी संवेदना व तत्परतापूर्वक करें पदाधिकारी : दिनेश कुमार राय

अवधेश कुमार शर्मा

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने समाहरणालय सभाकक्ष समीक्षात्मक बैठक के क्रम जनहित के कार्यों को संवेदना व तत्परतापूर्वक करने का निर्देश दिया। बिहार सरकार के न्याय के साथ विकास कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देंने को पदाधिकारियों को निदेशित किया। विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में स्वयं अभिरुचि लेकर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर आमजनों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था का संधारण किसी भी परिस्थिति में सुनिश्चित करने को कहा। विधि-व्यवस्था किसी परिस्थिति में प्रभावित नहीं हो, इसके लिए सभी पदाधिकारियों को ईमानदारी पूर्वक कर्त्तव्य निर्वहन को तत्पर रहना होगा। भूमि विवाद व विभिन्न, पर्व पर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने को सतत प्रयत्नशील रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि कोविड संक्रमण के दृष्टिगत सभी प्रकार की व्यवस्था अद्यतन रखें। कॉविड जांच संख्या को बढ़ाएं तथा कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन आमजन के साथ सभी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि गर्म हवाएं/लू, जेई/एईएस से बचाव को सभी अस्पतालों में पूरी व्यवस्था अद्यतन रखना सुनिश्चित करें स्वास्थ्य विभाग। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि संभावित बाढ़/कटाव को लेकर सम्बंधित पदाधिकारियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। संवेदनशील स्थानों पर दृष्टि रखें तथा सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय बरसात के पूर्व नाला उड़ाही सुनिश्चित करें। उन्होंने पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार का कार्य किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं हो, ध्यान रखें।

चलती ट्रेन से नेपाली व्यक्ति को धक्का दे गिराया, जख्मी

बगहा/रामनगर : एक नेपाली यात्री को ट्रेन में चढ़े चोरों की शिकायत रेल पुलिस से करने का प्रयास काफी महंगा पड़ गया. जब चोरों ने उसे चलती ट्रेन से नीचे धक्का दे दिया. नतीजा व्यक्ति नीचे गिरकर जख्मी हो गया. भगवान का शुक्र रहा कि रेल लाइन के बगल में मौजूद युवकों ने उसे गिरता देख लिया. जिससे सही समय पर स्थानीय पीएचसी पहुंचाया गया. जहां डॉ शैलेंद्र कुमार ने उसका प्राथमिक इलाज किया. जिससे उसकी जान सलामत बच गई. नेपाल के काठमांडू यात्री राज कुमार लामा ने बताया कि घटना हरिनगर- नरकटियागंज रेलखंड के तौलाहा गांव के पास की है. जहां चलती ट्रेन से चोरों ने मुझे नीचे धक्का दे दिया. सत्याग्रह ट्रेन से यात्रा कर रहा था. इस बीच ट्रेन में उसके रुपये और मोबाइल चोरों ने ले लिया. फिर हरिनगर स्टेशन पहुंचते ही उतर गए. वे सामनें से नरकटियागंज की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन में बैठ गए .चोरों का पीछा करता नेपाली व्यक्ति उनके पास पहुंच गया. उनसे अपने रुपये और समान लौटने की मांग करने लगा. नहीं मानने पर रेल पुलिस से शिकायत के लिए जाने लगा. पुलिस के डर से चोरों ने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया. डॉ शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जख्मी नेपाली युवक की हालत स्थिर है. प्राथमिक इलाज कर अस्पताल से जाने दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने समाहरणालय स्थित सभी कार्यालय/विभाग का औचक निरीक्षण किया

राष्ट्रीय खबर

बेतिया : पश्चिम चम्पारण जिला के नवागत जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बुधवार को समाहरणालय के विभिन्न कार्यालय/विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने निर्वाचन शाखा, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला नजारत, आइसीडीएस, ग्रामीण विकास विभाग, जिला कल्याण कार्यालय, आधार केन्द्र, विकास शाखा, मनरेगा, पंचायत कार्यालय, रिकार्ड रुम, उपभोक्ता फोरम, जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, सांख्यिकी कार्यालय, सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, जिला कोषागार, जिला अल्पसंख्यक कार्यालय, स्ट्रॉग रुम, परिवहन कार्यालय व अन्य पहुंच कार्यालय का अवलोकन किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि कार्यालयों का संचालन निर्धारित समयावधि में विभागीय दिशा-निदेर्शों के अनुरुप कराना सुनिश्चित करें। कार्यालय के कार्यों को ससमय निष्पादन कराना, सभी फर्निचर, उपस्कर व्यवस्थित कराना, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखना, कर्मियों की ससमय उपस्थिति सहित अन्य कार्य पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। कार्यालय पहुंचने वाले आमजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका ध्यान रखें। विकास भवन निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि भवन की मरम्मति कराना अति आवश्यक है, सम्बंधित कार्रवाई सुनिश्चित करें। रिकॉर्ड रुम निरीक्षण के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि नकल निकालने को आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। रिकॉर्ड रुम के कर्मी कार्यों का निष्पादन नियमानुकूल निर्धारित समय पर कराना सुनिश्चित करें। डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर के निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनील राय व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भितिहरवा पश्चिम थीम पार्क निर्माण में अनियमितता पर बिफरे सांसद सुनील कुमार

राष्ट्रीय खबर

भितिहरवा: पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत महात्मा गांधी के ऐतिहासिक भितिहरवा आश्रम में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने भ्रमण किया। उन्होंने नीतीश कुमार के निर्देश पर नव निर्मित थीम पार्क के भवनों का अवलोकन किया। इस क्रम में मानक अनुरुप कार्य नही होने पर सांसद ने सम्बंधित अभियंता को चलभाष पर फटकार लगाया। उन्होंने नव निर्माण की विसंगतियों को दूर कर अच्छा निर्माण करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि सांसद सुनील कुमार ने देखा कि नवनिर्मित थीम पार्क भवन की दीवारों में दरकने के निशान दिखे। उन्होंने निर्माण सम्बंधित जानकारी भितिहरवा के लोगों से प्राप्त किया।

संपादकीय

दोतरफा हमला और अंदर का घमासान भाजपा की परेशानी

भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट तौर पर दूसरे तमाम दलों से बहुत आगे दिख रही है। यह कर्नाटक के विधानसभा चुनाव की स्थिति नहीं है। यह अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव का परिदृश्य है जो अभी नजर आ रहा है। दरअसल 37 प्रतिशत वोट पाकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाले भारतीय जनता पार्टी के सामने अब तक कोई सम्मिलित चुनौती नहीं बनी है। जिस तरीके से विपक्ष में बयानबाजी हो रही है, उससे तो लगता है कि यह काम फिलवक्त आसान नहीं है। इसलिए माना जा सकता है कि भाजपा खुले तौर पर बढ़त की स्थित में है। इसके बाद भी भाजपा और जनता के बीच जो सवाल उपज गये हैं, वे भी इतने आसान अब नहीं रहे। दरअसल हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी का मुद्दा सामने आने के बाद जिस तरीके से भाजपा इस सवाल से भाग रही है, वह जनता के मन में संदेह पैदा करता है। अब विदेशी शेल कंपनियों से अडाणी की कंपनियों में बीस हजार करोड़ का निवेश नया सवाल बनकर खड़ा हो गया है। यूं तो अडाणी ने इस मुद्दे पर सफाई दी है।

अडाणी समूह ने सोमवार को नई सफाई पेश की है। समूह ने अब

पिछले चार साल का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया है। साथ ही अडाणी समूह ने यह भी कहा है कि उसे बर्बाद करने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। समूह ने बताया है कि साल 2019 से अब तक उसे अपनी कंपनियों में हिस्सेदारी बेचने से 2.87 मिलियन डॉलर मिले हैं और इनमें से 2.55 बिलियन डॉलर को विभिन्न व्यवसायों में लगाया जा चुका है। अबु धाबी स्थित इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी पीजेएससी ने अडाणी समूह की अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड जैसी कंपनियों में 2.593 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जबकि प्रवर्तकों ने 2.783 बिलियन डॉलर जुटाने के लिए अडाणी टोटल गैस लिमिटेड और अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की हिस्सेदारी बेची है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी आरोप लगाया है कि अडाणी समूह को शेल कंपनियों से 20 हजार करोड़ रुपये मिले हैं। संसद में जेपीसी से मामले की जांच का मुद्दा आगे नहीं बढ़ गया और अब सुप्रीम कोर्ट इन मामलों की सुनवाई कर रहा है। इसलिए यह प्रकरण भाजपा और खासकर भाजपा का चुनाव प्रचार अपने बलबूते पर खींच ले जाने वाले नरेंद्र मोदी की छवि पर धक्का है। लोकसभा में राहुल गांधी ने स्पष्ट तौर पर जो सवाल उठाये थे और लोकसभा की कार्यवाही से जिन वाक्यों को हटा दिया गया, वे भी जनता के मन में अविश्वास पैदा करने के लिए पर्याप्त हैं। यह पहली चुनौती है जो बाहर से भाजपा को मिल रही है। दूसरी चुनौती नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता का है। दरअसल यह मुद्दा उस तरीके का नहीं है, जैसा भाजपा वाले बता रहे हैं। अगर नरेंद्र मोदी पढ़े लिखे नहीं भी हैं तो मतदाताओं को इससे कोई परहेज नहीं है। लेकिन अगर उनके चुनावी हलफनामा में डिग्रियों का उल्लेख है तो उस बारे में सवाल उठना लाजिमी है क्योंकि इस विषय पर खुद श्री मोदी ने अलग अलग समय में अलग अलग बातें कही है। जनता को सच्चाई पर पर्दा डालने से आपत्ति होती है, यह भी भारतीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण विषय है। इसी वजह से बोफोर्स तोप सौदे और बाद में टू जी और थ्री जी के साथ साथ कोयला घोटाले में कांग्रेसनीत यूपीए की सरकार चली गयी थी। अब सबसे नई राष्ट्रीय पार्टी बनी आप ने इसे अलग से मुद्दा बना दिया है क्योंकि गुजरात हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना कर मधुमक्खी के छत्ते में पत्थर फेंकने का काम किया है। नतीजा यह हुआ है कि आम आदमी पार्टी ने डिग्री प्रकरण को अपना प्रचार अभियान बना दिया है। यह तो रही बाहरी चुनौतियों की बात। अब अंदर की बात करें तो कर्नाटक के प्रत्याशियों की सूची जारी करने से ही स्पष्ट हो गया है कि लगातार सत्ता में रहने की जितनी बीमारियां कांग्रेस को लगी थी, उनमें से अधिकांश अब भाजपा में भी घर कर चुकी है। लोग अपना राजनीतिक भविष्य खत्म होते देख संगठन की चिंता छोड़ अपनी चिंता में लगे हैं। इसी वजह से लगातार आपसी मतभेद बढ़ रहे हैं। पार्टी का पूरा नियंत्रण नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पास होने की वजह से इन्हें इसी शीर्ष को चुनौती दिया जाना माना जा सकता है। दरअसल यह कोई सहज स्थिति नहीं है। आने वाले दिनों में अन्य राज्यों में भी चुनाव होने वाले हैं। वहां भी अगर इस किस्म की गुटबाजी उभरकर सामने आयी तो लोकसभा चुनाव के आते आते परिस्थितियां बहुत बिगड़ चुकी होंगी। खतरा इस बात का भी है कि अगर इस बीच अडाणी प्रकरण और डिग्री मामले में कुछ और नया मोदी के खिलाफ आ गया तो छवि को जो नुकसान पहुंचेगा, उसकी भरपाई करने वाला भाजपा में फिलहाल कोई दूसरा नेता नहीं है।

पश्चिमी यूपी में तेज होगी जाट वोट बैंक पर कब्जे की जंग

बाबा की कमाई पौत्र ने गंवाई: मिट गया आरएलडी का वजूद

उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल यानी आरएलडी की मान्यता खत्म होने से छोटे चौधरी जयंत सिंह की सियासत पर ग्रहण लग गया है। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री और दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने सहित कई सरकारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसान नेता चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी की राजनैतिक पारी पर यदि विश्राम लग जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जयंत चौधरी के पास आगे की सियासत चलाने के लिए अब बहुत कम विकल्प बचे हैं। अब या तो वह अपनी पार्टी को किसी और समान विचारधारा वाले दल में समाहित कर लें या फिर पार्टी को पुनः खड़ा के लिए संघर्ष करें,जो आसान नहीं है।रालोद के मान्यता छिनने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा उलटफेर हो सकता है। रालोद के वोटरों को अपने लिए नये विकल्प तलाशना होंगे। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के

अजय कुमार
पत्रकार

साथ बहुजन समाज पार्टी को भी फायदा हो सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में करीब पांच दशकों के बाद ऐसा मौका आया है,जब चौधरी चरण सिंह के खानदान की राजनैतिक विरासत पूरी तरह से खत्म होती नजर आ रही है।

भारत निर्वाचन आयोग ने जिस राष्ट्रीय लोकदल से राज्य स्तर की पार्टी का दर्जा छीना है उसकी नींव पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह ने रखी थी। इस समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह के पुत्र जयंत चौधरी हैं। बताते चले कि राष्ट्रीय लोकदल नाम की पार्टी बनाने का सपना सबसे पहले अजीत सिंह के पिता पूर्व कांग्रेस नेता चौधरी चरण सिंह ने 1974 के चुनाव में देखा था। उन्होंने ही लोकदल के नाम से पार्टी की मान्यता के लिए आवेदन किया। लेकिन मान्यता नहीं मिली। इसके कारण चौधरी चरण सिंह के समर्थक के उम्मीदवारों ने बीकेडी के बैनर से ही चुनाव लड़ा,लेकिन चुनावी सभाओं में लोकदल का नया बैनर भी लहराया जाता था। देश के कई दिग्गज कपूरी ठाकुर, बीजू पटनायक आदि इस दल में साथ रहे। इस चुनाव में इगलास व गंगीरी सीट बीकेडी ने जीती। इमरजेंसी के बाद सातों सीटों पर कब्जे का इतिहास भी 1977 में चरण सिंह के नेतृत्व में रचा गया।

1985 के चुनाव में लोकदल का उदय हुआ। पार्टी के बैनर पर इगलास व खैर सीट पर जीत दर्ज हुई। इसी चुनाव में मुलायम सिंह पार्टी में शामिल हुए। जातिवाद को बढ़ावा देने के आरोप से बचने के लिए मुलायम सिंह को विरोधी दल के नेता का जिम्मा और राजेंद्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा दिया गया। 1989 के चुनाव में पिता के देहांत के बाद अजित सिंह के हाथ पार्टी की कमान आई। यह चुनाव जनता दल के बैनर तले लड़ा गया, लेकिन पार्टी अलीगढ़ में हार गई। सिर्फ एक खैर सीट जीत सकी। खुद राजेंद्र सिंह इगलास से चुनाव हार गए। तत्पशचात 1991 में राजेंद्र सिंह के एमएलसी बनने के बाद दोनों परिवारों में अलगाव के चलते लोकदल की विरासत को लेकर टकराव हुआ तो अजित सिंह ने जनता दल के बैनर तले प्रदेश में चुनाव लड़ा। अलीगढ़ जिले की खैर सीट पर जगवीर सिंह को जिताया। 1996 के चुनाव में मतभेद इस कदर दिखाई दिए कि अलीगढ़ की एक भी सीट अजित सिंह न जीत सके। इस चुनाव के बाद राजेंद्र सिंह सियासत से पूरी तरह दूर हो गए। दोनों परिवारों में मतभेद के बीच कोर्ट के जरिये राजेंद्र सिंह के पुत्र सुनील सिंह को लोकदल का वारिसान हक मिल गया। इसी के चलते अजित सिंह को 1996 में राष्ट्रीय लोकदल के नाम से नई पार्टी का गठन करना पड़ा,लेकिन चौधरी अजीत सिंह देश-प्रदेश की सियासत में कोई खास धमाका नहीं कर पाए।उनका सारा ध्यान जाट वोटरों पर लगा रहता था।अकेले दम पर चुनाव लड़ने से भी चौधरी अजीत सिंह बचते रहते थे। कुल मिलाकर चौधरी चरण सिंह की मौत के बाद उनके पुत्र अजीत सिंह और बाद में चरण सिंह के पौत्र जयंत सिंह अपने बाप-दादा की सियासत को बचा नहीं पाए।

बात चौधरी चरण सिंह के सियासी रूतबे की कि जाए तो एक जाट परिवार में जन्मे,चरण सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन के हिस्से के रूप में राजनीति में प्रवेश किया। आजादी के बाद 1950 के दशक में भारतीय किसानों की भलाई के लिए नेहरू की समाजवादी और सामूहिक भूमि उपयोग नीतियों के खिलाफ लड़ाई का विरोध करने और जीतने के लिए वे विशेष रूप से उल्लेखनीय हो गए। वह सभी ग्रामीण और कृषक समुदायों के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनका राजनीतिक आधार पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा था ।1929 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए। भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। उन्होंने 1937 से संयुक्त प्रांत (अब उत्तर प्रदेश) राज्य विधानसभा में सेवा की।

फरवरी 1937 में वे 34 वर्ष की आयु में उत्तर प्रदेश (संयुक्त प्रांत) की विधान सभा के लिए चुने गए। 1938 में उन्होंने विधानसभा में एक कृषि उपज बाजार विधेयक पेश किया, जो 31 मार्च के दिल्ली के हिंदुस्तान टाइम्स के अंक में प्रकाशित हुआ था। 1938. विधेयक का उद्देश्य व्यापारियों की लोलुपता के खिलाफ किसानों के हितों की रक्षा करना था। इस विधेयक को भारत, पंजाब के अधिकांश राज्यों द्वारा अपनाया गया था1940 में ऐसा करने वाला वह पहला राज्य था। इस प्रकार उनका राजनीतिक जीवन काश्तकारों के अधिकारों का समर्थन करते हुए कांग्रेस रैंकों के माध्यम से शुरू हुआ। प्रारंभिक कांग्रेस नीति के खिलाफ काम करते हुए और जबरदस्त जमींदार के प्रभाव से लड़ते हुए, उन्होंने भूमि के किसानों के स्वामित्व के लिए समर्थन जुटाया, सुधारों को लागू किया और किसानों पर कर वृद्धि को रोका। उन्होंने किसानों को एक आक्रामक राजनीतिक ताकत बनाने का काम किया।

चौधरी चरण सिंह ने ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता के लिए अहिंसक संघर्ष में महात्मा गांधी का अनुसरण किया, और कई बार कैद हुए। 1930 में उन्हें नमक कानून के उल्लंघन के लिए अंग्रेजों द्वारा 6 महीने के लिए जेल भेज दिया गया था। व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन के लिए उन्हें नवंबर 1940 में एक साल के लिए फिर से जेल में डाल दिया गया। अगस्त 1942 में उन्हें डीआईआर के तहत अंग्रेजों द्वारा फिर से जेल में डाल दिया गया और नवंबर 1943 में रिहा कर दिया गया। महात्मा गांधी के साथ-साथ वे स्वामी दयानंद , कबीर और सरदार पटेल से भी प्रभावित थे ।

हस्तरेखा

राज ज्योतिषी ने राजा वसुसेना की श्रद्धा ज्योतिष पर बहुत जमा दी थी। वे बिना मुहूर्त जाने कोई काम ही नहीं करते थे शत्रुओं को पता चला तो वे ऐसी घात लगाने लगे कि किसी से मुहूर्त में हमला करें, जिसमें प्रतिकार का मुहूर्त न बने और वसुसेना को सहज ही परास्त किया जा सके। प्रजाजन और सभासद सभी को राजा के इस कुचक्र में फंस जाने पर बड़ी चिंता होने लगा।

संयोगवश राजा एक बार देश के दौरे पर निकले। साथ में राज-ज्योतिष भी थे। रास्ते में एक किसान मिला, जो हल-बैल लेकर खेत जोतने जा रहा था। राज ज्योतिषी ने उसे रोककर कहा-'मुर्ख जानता नहीं, आज जिस दिशा में दिशाशूल है, उसी में चला जा रहा है। ऐसा करने से भयंकर हानि उठानी पड़ेगी।' किसान दिशाशूल के बारे कुछ नहीं जानता

था। उसने नम्रतापूर्वक कहा-'मैं तो प्रत्येक दिन इसी दिशा में जाता हूं। उसमें दिशाशूल होने वाले दिन भी होते होंगे। यदि आपकी बात सच होती तो मेरा कब का सर्वनाश हो गया होता।'ज्योतिष सिटपिटा गये। झेंप मिटाने के लिए बोले-'लगता है तेरी कोई हस्तरेखा बहुत प्रबल है, दिखा तो अपना हाथ।'किसान ने हाथ तो बढ़ा दिया, किन्तु हथेली नीचे की ओर रखी। ज्योतिषी इस पर और अधिक चिढ़े और बोले-'मेरा! इतना भी नहीं जानता कि हस्तरेखा दिखाने के लिए हथेली ऊपर की ओर रखनी होती है।'

किसान मुस्कुराया और बोला-'हथेली वह फैलाए, जिसे किसी से कुछ मांगना हो, जिन हाथों की कमाई से अपना गुजारा करता हूँ, उन्हें क्यों किसी दूसरे के आगे फैलाऊँ। मुहूर्त तो वह देखे जो कर्महीन और निठ्ठला हो। यहाँ तो 365 दिन ही पवित्र है।'

ज्योतिषी महाराज कुछ समझे यह तो हमें पता नहीं, लेकिन कथा में आगे है कि महाराज वसुसेना को सद्बुद्धि अवश्य आ गयी थी और उन्होंने हर राज के हर कार्य से आत्मिक संबंध बना लिया था। राजकोट में शुभ मुहूर्त देखने की परंपरा छोड़कर बाद में अपना सारा राज्यकाल हर पल जनता की सेवा में ही गुजारा।

नजरिया

यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का ब्रेन गेम

डॉ सत्यवान सौरभ
स्तंभकार

एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई)एक ऐसी तकनीक है जो विभिन्न बैंक खातों को एक ही मोबाइल ऐप (किसी भी भाग लेने वाले बैंक के) में समेकित करती है - तत्काल रीयल-टाइम भुगतान प्रणाली प्रदान करती है; उपयोगकताओं को दूसरे पक्ष को अपने बैंक खाते का विवरण प्रकट किए बिना कई बैंक खातों में धन हस्तांतरित करने की अनुमति देती है। यह तत्काल भुगतान सेवा का एक उन्नत संस्करण है, जो चौबीसों घंटे धन हस्तांतरण सेवा है जो तेज, आसान और अधिक निर्बाध कैशलेस भुगतान को सक्षम बनाता है। इसे भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय बैंक संघ के साथ मिलकर 2016 में एनपीसीएल द्वारा लॉन्च किया गया था। 1 अप्रैल से, इस प्लेटफॉर्म पर प्रीपेड भुगतान उपकरणों का उपयोग करके अधिक का भुगतान किया जाता है, जो एक छोटा सा हिस्सा है। इसका उपयोग अब मुक्त नहीं होगा। इन पर भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारी के बैंक को भुगतानकर्ता के बैंक को 0.5%-1.1% का इंटरचेंज शुल्क देना होगा।

भीम यूपीआई नागरिकों के पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा है और जनवरी 2023 में ? 12.98 लाख करोड़ के मूल्य के साथ 803.6 करोड़ डिजिटल भुगतान लेनदेन दर्ज किए गए हैं।

भीम यूपीआई नागरिकों के पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा है और जनवरी 2023 में ? 12.98 लाख करोड़ के मूल्य के साथ 803.6 करोड़ डिजिटल भुगतान लेनदेन दर्ज किए गए हैं। नकद के विपरीत, पैसा डिजिटल का उपयोग करके लाभार्थी के खाते में तुरंत स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके अलावा, बीएचआईएम-यूपीआई मोड का उपयोग करके, मोबाइल नंबर या याद रखने में आसान वर्चुअल भुगतान पता (ईमेल जैसा पता) का उपयोग करके मोबाइल फोन के माध्यम से डिजिटल लेनदेन को प्रभावित किया जा सकता है। यूपीआई ने एक ही मोबाइल ऐप में कई बैंक खातों तक पहुंच को सक्षम बनाया है, जिससे भुगतान में आसानी हुई है।

डिजिटल भुगतान किसी भी समय, कहीं भी खातों तक पहुंच प्रदान करता है, इस प्रकार नागरिकों को अपने खातों में भुगतान प्राप्त करना और अपने फोन का उपयोग करके भुगतान करना भी आसान बनाता है। जो लोग समय से बाधित हो सकते हैं, और लेनदेन के लिए बैंक आउटलेट तक भौतिक रूप से पहुंचने में शामिल यात्रा लागत अब आसानी से बैंक खाते तक डिजिटल रूप से पहुंच सकते हैं और औपचारिक बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा होने और वित्तीय रूप से शामिल होने के विभिन्न लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हाल ही में लॉन्च किया गया यूपीआई 123 फीचर फोन उपयोगकताओं को सहायक वॉयस मोड में यूपीआई के माध्यम से डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम बनाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेनदेन और वित्तीय समावेशन की सुविधा मिलती है। सरकारी प्रणाली में पारदर्शिता में वृद्धिः पहले नकद भुगतान रिसाव (वे भुगतान जो पूर्ण रूप से प्राप्तकर्ता तक नहीं पहुँचते) और (नकली) प्राप्तकताओं के अधीन थे, विशेष रूप से सरकारी हस्तांतरण द्वारा सामाजिक सुरक्षा लाभों के संदर्भ में। अब, भुगतान के डिजिटल तरीकों के माध्यम से लाभ सीधे लक्षित लाभार्थी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) खाते में स्थानांतरित किए जाते हैं। देरी से होने वाले नकद भुगतान के विपरीत, डिजिटल भुगतान वस्तुतः तात्कालिक हो सकता है, भले ही प्रेषक और प्राप्तकर्ता एक ही शहर, जिले या देश में हों।

जानकारी

जोगिंदर नगर वैली

इसके साथ ही देवदार के पेड़ इस जगह की खूबसूरती को और बढ़ाने का काम करती है। एडवेंचर प्रेमियों के लिए भी यह जगह बेस्ट है। यहां पर आप ट्रैकिंग के साथ ही खूबसूरत नजारों को देख कर आनंदित हो उठेंगे। नदी के किनारे का सूर्योदय और सूर्यास्त का नाजार देखने लायक होता है। बता दें कि यह जगह गर्मियों में आने के लिए बेस्ट है। भीषण गर्मी में भी यहां का टेंपरेचर काफी कम रहता है।

मछियाल झील

जोगिंदर नगर में आप मछियाल झील का भी लुत्फ उठा सकते हैं। मछियाल झील यहां की महत्वपूर्ण झील है। यह झील लोगों की आस्था का प्रतीक है। कहा जाता है कि यह झील मछलियों के देवता मछिन्द्रनाथ को समर्पित है। इस झील के पास भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार का मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। इस मंदिर की अपनी मान्यता है। इस मंदिर और झील को देखने के लिए यहां पर दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। इस झील और मंदिर के पास बैसाखी के दिन तीन दिनों का मेला भी लगता है।

रियलमी ने 64 मेगापिक्सल कैमरा के साथ भारत में लॉन्च

नई दिल्ली: चाइनीज स्मार्टफोन मेकर Realme ने बुधवार को Narzo N55 स्मार्टफोन को भारत में लॉन्च किया। यह MediaTek Helio G88 SoC के साथ कंपनी का पहला N सीरीज Narzo स्मार्टफोन है। इसे 18 अप्रैल से Realme की वेबसाइट ई-कॉमर्स साइट Amazonपर खरीदा जा सकेगा। इसका शुरूआती प्राइस 10,999 रुपये है। यह 4GB + 64GB और 6GB + 128GB के दो वेरिएंट्स में उपलब्ध होगा, जिनके प्राइसेज क्रमशः 10,999 रुपये और 12,999 रुपये हैं। इसे प्राइम ब्लू और प्राइम ब्लैक कलर्स में खरीदा जा सकेगा। कंपनी इस स्मार्टफोन पर शुरूआती ऑफर के तहत 1,000 रुपये तक का डिस्काउंट दे रही है।

इस स्मार्टफोन में Mini Capsule फीचर भी दिया गया है जिससे चार्जिंग और डेटा के इस्तेमाल जैसे नोटिफिकेशन मिलेंगे। इसके फ्रंट में सेल्फी कैमरा के लिए पंच होल कटआउट दिया गया है, जबकि रियर में दो बड़े कैमरा मॉड्यूल हैं। इसका 6.72 इंच IPS LCD पैनल फुल ल्ऊ्र रिजॉल्यूशन और 90 ल्९ का रिफ्रेश रेट देता है। इसके हुड के नीचे MediaTek Helio G88 SoC है जिसके साथ 6 GB तक LPDDR4X RAM और 128 GB की UFS 2.2 इंटरनल स्टोरेज है। इस स्मार्टफोन का मेन कैमरा 64 मेगापिक्सल का है औ? इसके साथ 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर दिया गया है। बैटरी के लिहाज से इस सेगमेंट में यह दमदार विकल्पों में से एक है। इसकी 5,000 mA की बैटरी 33 W SuperVOOC फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। यह Android 13 डर पर बेस्ड Realme वकपर चलता है। इसमें साइड पर फिंगप्रिंट स्कैनर दिया गया है। चार्जिंग के लिए इसमें USB Type C पोर्ट है। Realme जल्द ही फ्लिप और फोल्डेबल स्मार्टफोन्स लॉन्च कर सकती है। प्रीमियम स्मार्टफोन कैटेगरी में फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की लोकप्रियता बढ़ रही है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"दोनों नेताओं ने विश्व बैंक के क्रमिक विकास की रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने बहुपक्षीय विकास बैंकों की मजबूती के लिए जी20 की भारत की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ दल पर भी विचार-विमर्श किया। मंत्रियों ने विकासशील और कम आय वाले देशों के विकास के लिये किए गए उपायों के प्रभाव सहित वैश्विक मुद्रास्फीति से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। बढ़ते वैश्विक ऋण संकट से निपटने पर भी विचार-विमर्श हुआ।"

निर्मला सीतारमण
केंद्रीय वित्त मंत्री

"1500 गोल, 3 ओलंपिक स्वर्ण पदक और भारत के गौरव की कहानी। हमें अभिषेक चौबे के साथ अपनी अगली घोषणा करने में बहुत खुशी हो रही है भारत के हॉकी जादूगर ध्यानचंद पर एक बायोपिक।"

रानी स्क्रूवाला
फिल्म निर्माता

संपादक के नाम पत्र

आचरणहीनता व्यक्ति को पतन की और ले जाती है

वर्तमान दौर में मनुष्य भी अपने मूल स्वरूप को खोता जा रहा है ।कुछ तो बदलते समय का प्रभाव और कुछ संगति का कारण है ।मनुष्य अपने कर्तव्य को भूलकर मानवीय गुणों को खोता जा रहा है । हम सभी अच्छाई पसन्द करते है अच्छे भी रहते है ।किन्तु अच्छाई की निरन्तता नही रख पाते है उसी का दुष्परिणाम है हमारी उच्च संस्कृति ,उच्च संस्कार और उच्च परम्परा को हम खोते जा रहे है ।निरंतरता में ही चरित्र निर्माण हुआ करता है ।एक अच्छाई को जीवन भर टिकाए रखना भी साधना है ।मनुष्य के आचरण ने उसे नीचे गिरा दिया है ।कथनी और करनी में भेद समझने वाला इंसान के रूप में हैवान है ।आज उपदेश देने वाले ज्यादा हो गए है ।जो कोई थोड़ा सा बोलना जान जाता है ।वह स्वयं को ज्ञानी समझने लग जाता है ।लच्छेदार भाषण देकर देश दुनिया की ऊंची ऊंची बाते करके गरीबो के दुःख दर्द का रोना रोकर कही नेता उनके मसीहा बन जाते है ।वे सरकार और समाज की आलोचना करते है ।आज पुस्तकीय ज्ञान दिया जा रहा है वह आचरण के मेल नही खाता है ।अच्छे कार्यो में अनेक विघ्न आते है ।लेकिन मनस्वी व्यक्ति विघ्नों की परवाह किये बिना निरन्तर आगे बढ़ता रहता है ।हम सभी का कर्तव्य है आचरण को उन्नत बनाए ।आचरण की शुद्धि करें ।हमारे पास धन है उसका उपयोग ही नही कर पाए तो उसका महत्व ही क्या है ?ज्ञान प्राप्त करके यदि उसे आचरण में प्रकट नही कर पाए तो क्या उपयोग होगा उसका?आज चाहे कोई मंत्री हो या अधिकारी,कर्मचारी हो या व्यापारी,संत हो या महंत,आचार्य हो या साधारण साधु सभी के अपने आचार है,नियम है,मयार्दाएं है ।अपने निर्धारित कर्म एवं कर्तव्य से विमुख होना मूर्खता है ।स्वार्थ के वशीभूत होकर दुराचार की और बढ़ने से पुण्य नही,बल्कि पापकर्म की वृद्धि होती है ।शुभ कर्म के उदय से मनुष्य का जीवन प्राप्त होता है ।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर >> अपडेट

जिला परिषद सदस्य ने किया गाड़वाल निर्माण का शिलान्यास

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के महुगाईकला, गुहिया पोखर के दक्षिण भीड़ पर गाडवाल में निर्माण के लिए जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी एवं वार्ड सदस्य ननकू रविदास के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। उक्त गाडवाल जिला परिषद मद से नौ लाख की लागत से निर्माण होना है।

सिटी अपडेट्स >>

मृतक सहायक शिक्षक की पत्नी को प्रखण्ड के सहायक शिक्षक संघ ने 61 हजार आर्थिक सहयोग किया

बेरमो/ललपनिया : गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र के पचमो पंचायत हुडदाग निवासी सह मृतक सहायक शिक्षक (पारा) उमेश कुमार महतो की पत्नी सहित परिजनों को गोमिया प्रखंड सहायक शिक्षक संघ के द्वारा 61 हजार रुपये को देकर आर्थिक सहयोग किया।इसके साथ ही परिजनों को खाद्य, और फल सामग्री देकर ढांढस बंधाया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियो व सदस्यों ने उनकी पत्नी सहित परिजनों से कहा कि हर सुख दु:ख में प्रखंड सहायक शिक्षक संघ आपके साथ है। वही उन्होंने स्व.उमेश कुमार महतो की आत्मा की शांति हेतु एक मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।वही संघ के पदाधिकारियों व सदस्य ने कहा कि आज सरकार हमसभी सहायक शिक्षकों(पाराशिक्षक) को पेट भरने के लायक मानदेय नहीं देती तो कोई बडी से बड़ी बीमारी का सामना एक सहायक शिक्षक (पारा) के लिए कर पाना असंभव है।उन्होंने सरकार से मांग किया है कि सभी सहायक शिक्षकों (पारा) को एक अच्छा मानदेय दें, जिससे की वे भरण पोषण के साथ बीमारी से भी लड़ सके।ज्ञात हो स्वर्गीय उमेश कुमार महतो प्रखण्ड के पचमो पंचायत अंतर्गत संचालित एक सरकारी स्कूल के सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

कोल खनन परियोजना को रद्द करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

हजारीबाग : हजारीबाग जिले के कोल खनन परियोजना गोंदलपुरा को लेकर अधिग्रहित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना पंचायत के गाली रोड तालाब के किनारे पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजय भुइयाँ की अध्यक्षता में की गई जिसकासंचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवनाथ महतो ने किया।धरना में ग्रामीणों द्वारा मुखिया वासुदेव यादव के नेतृत्व में विगत रविवार को एक बैठक कर अधिग्रहित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा कॉल खनन परियोजना रद्द करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया गया। जिसकी सूचना सोमवार को हजारीबाग एसडीओ को दी गई साथ ही साथ उसकी प्रतिलिपि संबंधित थाना सह पुलिस पदाधिकारी को दी गई।

प्रदर्शन झारखंड सचिवालय घेराव का शांति पूर्ण ढंग से अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे

आक्रोशित भाजपाइयों ने काला बिल्ला लगाकर मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

▶▶ अचानक हेमंत सरकार के आदेश पर कार्यकताओं के ऊपर प्रशाशन द्वारा निर्मम लाठीचार्ज किया गया

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग भाजपा प्रदेश द्वारा निर्देशित राज्यभर के सभी जिलों के प्रखंड मुख्यालयों पर भाजपा कार्यकताओं ने काला बिल्ला लगाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंकते हुए भारी आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञात हो कि ग्यारह अप्रैल को राज्यभर के भाजपा कार्यकताओं द्वारा हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ लूट,हत्या, बेरोजगारी, नौकरी, युवाओं को रोजगार, बालू लूट ऐसे सैकड़ो समस्याओं को लेकर झारखंड सचिवालय घेराव का कार्यक्रम भाजपा कार्यकताओं द्वारा शांति पूर्ण ढंग से अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। अचानक हेमंत सरकार के आदेश पर कार्यकताओं के ऊपर प्रशाशन द्वारा निर्मम लाठीचार्ज किया गया। जिसमें महिला एवं पुरूष कार्यकर्ता काफी संख्या में घायल हुए। लाठीचार्ज घटना को लेकर आज जिला के सभी प्रखंड मुख्यालय में हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।वही स्थानीय झण्डा चौक पर नगर पश्चिमी के अध्यक्ष विवेक बरियार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने घोर निंदा व्यक्त करते हुए काला बिल्ला लगाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। वही जिला अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में जिला भर के सभी प्रखंड मुख्यालय में पुतला दहन किया गया। मौके पर महापौर रौशनी तिर्की, अनिल मिश्रा, सुदेश चंद्रवंशी, भैय्या अभिमन्यु प्रसाद, कृष्णा सिन्हा, आनंद देव, रेणुका देवी, बिनोद भगत, जयनारायण प्रसाद, कुँवर मनोज सिंह, ऋषि शर्मा, जितेंद्र जैन, अविनाश दुबे, रामजी गुप्ता, ज्योत्स्ना देवी, साक्षी राणा, भरत भूषण पाण्डेय, सुनील गुप्ता, अविनाश कुमार सोनू, विजय दांगी, बिनोद सिंह सहित जिले भर के हजारों भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के दमन कारी नीति के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर पुतला फूंका।उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रौशन कुमार ने दिया।

कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

चौपारण : चौपारण जगदीशपुर में आयोजित श्री श्री 1008 माँ भगवती सह हनुमंत महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुवा। नौ दिनों तक चलने वाले महायज्ञ का शुभारंभ चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार आदि के उपस्थिति में फीता काटकर किया। इससे पूर्व यज्ञ समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अतिथियो को भगवा गमछा देकर समान्नित किया। कलश यात्रा जगदीशपुर देवी मंडप से निकलकर पाण्डेयबार होते हुए चपरी पहुँचा। वाराणसी से आये आज्ञाचर्य शशिकांत पांडेय ने जलभरी का कार्य सम्पन्न कराया। कलश यात्रा में भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि जगदीशपुर सहित आसपास के क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। कहा यज्ञ आयोजन से तन मन के साथ वातारण का शुद्धिकरण होकर हॉट है। चौपारण प्रमुख ने कहा कि जगदीशपुर के ग्रमीणों पर भगवान की कृपा सदैव बना रहे । यज्ञ समिति के संरक्षक सुकर यादव, आदि ने बताया कि आयोध्याधाम से आई सुप्रसिद्ध प्रवचन कर्ता पूज्य प्रेमा सखी जी महाराज के मधुरवाणी से प्रवचन किया जाएगा। कलश यात्रा में स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, जीप सदस्य रविशंकर अकेला यादव, राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व सदस्य रामस्वारूप पासवान, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय समिति सदस्य युगल ठाकुर, रौशन कुमार, सहित अन्य ने सामिलित हुए।

सांसद-विधायक ने संयुक्त रूप से परिचय प्राप्त कर और टॉस कराकर किया टूनार्मेंट का आगाज

देव परिवार के तरफ से ए डिवीजन क्रिकेट

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग के वेल्स क्रिकेट मैदान में शहर के प्रतिष्ठित देव परिवार द्वारा प्रायोजित हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अयोजित स्व. नरेश देव एवं स्व.सुशीला देव ए डिवीजन क्रिकेट टूनार्मेंट-2022-23 का बुधवार को विधिवत उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल के गेंदबाजी में सांसद जयंत सिन्हा ने बल्लेबाजी किया उद्घाटन मैच साईं वेल्स बनाम डॉल्फिनोज क्रिकेट टीम के बीच खेला गया।

उद्घाटन के उपरांत सांसद जयंत सिन्हा ने सदर विधायक सह एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल से वेल्स क्रिकेट मैदान के विकास पर बारीकी से चर्चा की। जिसमें विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की पिछले पांच-छह वर्षों में वेल्स क्रिकेट मैदान के विकास में युद्धस्तर पर कई कार्य हुए हैं और मैदान को क्रिकेट के अनुरूप बनाया गया है। आज से करीब 5 वर्ष पूर्व जिस ग्राउंड में क्रिकेट की सुविधा नगण्य थी उसमें व्यापक बदलाव आया है। ग्राउंड का बाउंड्री वॉल, ग्रीन वॉल, मैदान का कायाकल्प के साथ ग्रास और स्प्रिंकलर लगाया गया है। मैदान में रात्रि टूनार्मेंट के लिए फ्लडलाइट और टर्फ विकेट का निर्माण किया गया है। मौके पर विशेषरूप से एचडीसीए के सचिव संजय सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

एसबी एमटीटीसी में इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ0 समाप्ती पाल-सचिव, एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के द्वारा सभी हाऊस के खिलाड़ियों से परिचय करके एवं सिक्का उछालकर किया गया है।

इसके उपरांत सचिव-डॉ समाप्ति पाल ने खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल हमारे लिए बहुत ही लाभदायक हैं क्योंकि वे हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेलना हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशिकांत यादव ने खेल के वास्तविक मतलब को बताते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। हमारे देश में खेलों को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती, जितनी शिक्षा को दी जाती है। जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं।

शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते लेकिन खेल से यह संभव है। इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता में विनोबा भावे समूह (ग्रीन हाऊस), स्वामी विवेकानन्द समूह (आरेंज हाऊस), डॉ0 एपी जे अब्दुल कलाम समूह (ब्लू हाऊस) ,रविन्द्र नाथ टैगोर समूह (रेड हाऊस) के अंतर्गत कबड्डी और वालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

तेनुघाट महाविद्यालय में सेमेस्टर 5 की परीक्षा

राष्ट्रीय खबर

तेनुघाट : महाविद्यालय में के बी कॉलेज कथारा के छात्र- छात्रों का सेंटर दिया गया है जिसमे कुल परीक्षार्थी की संख्या 212 है, जिसमें एक छात्र अनुपस्थित रहे, 211 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद की ओर से आयोजित की गई जो विभिन्न विषयों जैसे इतिहास, बॉटनी, फिजिक्स, जूलॉजी एवं केमिस्ट्री विषय की परीक्षा 24 अप्रैल 2023 तक चलेगी। तेनुघाट महाविद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजन किया गया है जानकारी देते हुए प्राचार्य सह केंद्र अधीक्षक प्रो सुदामा तिवारी एवं परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर धनंजय रविदास ने बताया इस मौके पर प्रोफेसर महावीर यादव,सहित महाविद्यालय के सभी कर्मचारी के सहयोग से परीक्षा संचालन की गई।

अभियान वितरण अभियान परियोजना प्रभावित ग्रामों के 9 विद्यालायों में किया जा रहा है

एनटीपीसी केरेडारी के तरफ से ग्रामीण बच्चों के लिए निशुल्क: साइकिल वितरण अभियान

▶▶ वितरण समारोह में कुल 1277 साइकिल वितरित की जाएंगी

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा परियोजना प्रभावित बच्चों के लिए साइकिल वितरण का अभियान चलाया जा रहा है। इस वितरण समारोह में कुल 1277 साइकिल वितरित की जाएंगी। केरेडारी परियोजना के खनन कार्य के शुभारंभ के अवसर पर 05.04.2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मनोज रतन चोथे एवं पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) द्वारा यह साइकिल वितरण अभियान का आरंभ हुआ है। बच्चों को किसी प्रकार से पढ़ने जाने में परेशानी न हो एवं बच्चे किसी पर आश्रित न रहे कि कोई स्कूल पहुंचा दे। इसी उद्देश्य से बालिकाओं को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी केरेडारी परियोजना द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क: साइकिल वितरण योजना की शुरूआत की है। बुधवार को एनटीपीसी केरेडारी द्वारा 595 साइकिलों का वितरण किया जा चुका है। और यह वितरण अभियान परियोजना प्रभावित ग्रामों के 9 विद्यालायों में किया जा रहा है। इन सभी विद्यालयों के नाम है : उतक्रमित मध्य विद्यालय, कावेद, उतक्रमित मध्य विद्यालय बालेदवरी, उतक्रमित मध्य विद्यालय बेंगवारी, उतक्रमित उच्च विद्यालय बसरिया, उतक्रमित मध्य विद्यालय गोपदा, उतक्रमित मध्य विद्यालय मनातु, प्राथमिक विद्यालय तरेहसा, प्राथमिक विद्यालय लोचर, प्राथमिक विद्यालय डुमरी। साइकिल से बच्चों का प्राकृतिक रूप से जुडाव होता है, बचपन से ही बच्चों को साइकिल के लिए रोमांच होता है, छात्र- छात्राओं के चेहरे खिल उठते हैं जिसके सकारात्मक रूप से बच्चों के जीवन को सही राह में ला सकते है। साइकिल से समय तो बचता ही है साथ ही स्वास्थ्य को भी लाभ मिलता है। बच्चों को कसरत की आदत भी लग जाती है। इस अभियान की देखरेख केरेडारी परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब द्वारा की जा रही है। श्री फैज तैय्यब बताते हैं कि यह साइकिल वितरण योजना छात्र-छात्राओं की पढाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय से दूर रहने वाले और आर्थिक तंगी से जुझ रहे परिवार की बेटे-बेटियो के लिए यह योजना एक बडा वरदान रहेगी। वितरण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक ने कहा कि बच्चेसाइकिल पाकर उत्साहित हैं। और कहा कि स्कूल आने-जाने में कई तरह की परेशानी होती थी, लेकिन अब साइकिल से आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। इस मौके पर केरेडारी परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस .पी गुप्ता, एवं वरिष्ठ प्रबंधक आशिष कुल्लु एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

खैरा में लुंदरू के महावीर प्रसाद का मिला शव, परिजनों ने जताया हत्या का आशंका

टाटीझरिया : टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा करमा में मेन रोड के बगल ईश्वर दयाल प्रसाद के बारी में लुंदरु के सामाजिक कार्यकर्ता महावीर प्रसाद कुशवाहा पिता ईश्वर महतो 55 वर्ष का शव बुधवार सुबह को मिला। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार और ए एस आई रामनाथ सिंह दल बल के साथ पहुंच कर अशव को अपने कब्जा में ले कर पोस्टमास्टर्म के सदर अस्पताल भेजा। वहीं परिजनों ने हत्या का आशंका जताया है। वन्ही घटना स्थल पर लुंदर, बसरिया, देवकुली और खैरा के ग्रामीण पहुंच कर घटना की निंदा की। खैरा मुखिया कुमारी माधुरी, देवकुली के उमेश गिरी, परमेश्वर राम.जितेन्द्र? पासवान, समेत अन्य ने भी घटना की निंदा किया और दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने के बात कहा। सूत्रों से पता चला के महावीर अपने तीन दोस्तो के साथ ?अपने ??पैसन? प्रो? मोटरसाइकिल ?से? खैरा? के? चेंगरा? टोला? में दारू पिया और वह घर नही पहुंच पाया। परिजन और लोगो ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। क्या कहता है परिजन.. महावीर का बेटा खगेन्द्र ने बताया कि मेरे पिता मंगलवार को शाम में पिता दस मिनट में आने को बात कह कर अपने दो दोस्तों के साथ गया था हमे लगता है की वही सब हत्या कर दिया है। क्या कहते है थाना प्रभारी... थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दुघर्टना या हत्या का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा वैसे अगर जो भी दोषी होगा उसे बक्सा नही जायेगा।

पीरटांड़ में रूबेला टीकाकरण कैम्प का आयोजन

पीरटांड़ : पीरटांड प्रखंड में बुधवार को मीजिल्स रूबेला टीका करण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसके तहत कस्तूरबा विद्यालय पीरटांड़, मध्य विद्यालय हरलाडीह एवं खुखरा स्कूल में 9 माह से 15 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को मीजिल्स रूबेला टीकाकरण दिया गया। मिजिल्स रुबेला अभियान के तहत टीका नौ माह से 15 साल तक सभी बच्चों को स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाया जाएगा। टीका उन बच्चों को भी लगाया जाएगा, जिन्हें एमआर का टीका लगाया जा चुका है। बीडीओ दिनेश कुमार,सीओ विनय प्रकाश तिग्गा,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रमोद कुमार के अलावे सम्बंधित कई अधिकारियों ने भी सभी टीकाकरण कैंप का जा जा कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने बताया कि मीजिल्स रूबैला का टीका सुरक्षित टीका है। 40 वर्षों से इसका उपयोग किया जा रहा है। बताया कि खसरा वायरस जनित जानलेवा रोग है। इसमें बुखार, खांसी, जुकाम, आंखें लाल होना आदि लक्षण दिखते हैं। खसरे के कारण बुखार आने के दो दिन बाद दिखते हैं। इसमें डायरिया, निमोनिया, मस्तिष्क की सूजन जैसी जटिलताएं भी हो सकती हैं। कुपोषित बच्चों को भी यह टीका लगाना है। क्योंकि इस प्रकार के बच्चों में संक्रमण की संभावना ज्यादा होती है। किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी, तेज बुखार और गर्भावस्था में यह टीका नहीं लगाया जाता है।

लैम्पस पैक्स के सीएससी सर्विसेज की ट्रेनिंग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हजरीबाग : हजारीबाग जिले में लैम्पस पैक्स को सीएससी सर्विसेज की ट्रेनिंग और महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला सहकारिता कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड प्रेम प्रकाश सिंह, सीएससी स्टेट हेड शंभू कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से लैम्पस पैक्स को सीएससी सेंटर के रूप में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, सर्विसेज की ट्रेनिंग और महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। सीएससी के सदस्यों को इस कार्यक्रम के बारीकियों के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान ग्रामीण ई-स्टोर से किसी प्रोडक्ट को सर्च करने एवं आर्डर करने एवं डिलीवरी की पूरी जानकारी के विषय में बताया गया। आधार-आधारित भुगतान प्रणाली के तहत भुगतान करने की जानकारी भी दी गयी। इसके अलावे कार्यशाला में जिला स्तर पर सभी लैम्पस पैक्स को रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक डाक्यूमेंट आदि की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में सीएससी मैनेजर, जिला लैम्प्स पैक्स के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

बडकागांव में डेंटल कॉलेज लगाया निशुल्क दंत जांच शिविर

हजारीबाग : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिन बुधवार को बडकागांव स्थित होर्रम आंगनबाड़ी भवन में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निशुल्क दंत जांच के साथ निशुल्क आंख का जांच एंव निशुल्क ब्लड का जांच भी किया गया। शिविर का लाभ कुल 71 मरीजों ने लिया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम ने शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रुप से जानकारी दी। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श ले। उन्होंने बताया कि डेंटल कॉलेज का आदर्श वाक्य कम लागत मे बुनियादी व गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करना है। अन्य उपचारों में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. सोम्या राज ने विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर के दौरान डॉ श्रेयशी सिन्हा, डॉ. कुमारी विजया लक्ष्मी, डॉ. सायन मित्रा, डॉ. श्रीति, डॉ. मुकेश महतो एवं डॉ. महिमा जायसवाल ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर में बुनियादी उपचार मुफ्त करने के लिए डेंटल कॉलेज का आभार जताया। डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की।

प्रदेश >> अपडेट

चिलचिलाती धूप से बच्ची हुई बेहोश

पाकुड : चिलचिलाती धूप ने लोगों को परेशान करना प्रारंभ कर दिया है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे परेशान हैं। निजी विद्यालयों में तो कुछ हद तक व्यवस्थाएं पंखे आदि ठिक ठीक है। किंतु सरकारी विद्यालयों में यह कहां तक व्यवस्थित है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। उस पर भी बिजली की आंख मिचौली इस उमस भरी गर्मी में कष्ट को बढ़ाने में तनिक भी पीछे नहीं है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रहमतपुर में सुवह 11 बजे चिलचिलाती धूप तथा गर्मी के कारण वर्ग पंचम में अध्ययनरत मारुफा खातुन अचानक बेहुश हो गई। आनन-फानन में उसे तत्काल विद्यालय में दरी बिछाकर सुलाया गया। शिक्षक सीर पर पानी डाला तथा उसकी अभिभावक को बुलाकर घर भेजा गया। अत: बच्चों को चिलचिलाती धूप से सावधान रखें।

अभियान डीडीसी के उपस्थिति में मीजल्स रूबैला टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 100 बालिकाओं को लगाया गया टीका

- मिजिल्स रूबैला एक जानलेवा बीमारी है
- 3 लाख 34 हजार बच्चों का एमआर टीकाकरण निर्धारित है
- बच्चों को एमआर का टीका जरूर लगवाएँ

राष्ट्रीय खबर

पाकुड: शहर के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर के नेतृत्व में खसरा रूबैला टीकाकरण अभियान की शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 100 छात्राओं को खसरा रूबैला का टीका दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने इस अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि मिजिल्स रूबैला एक जानलेवा बीमारी है। इसलिए इसके रोकथाम हेतु जिला प्रशासन पाकुड़ पूर्ण रूप से सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इस वर्ष मिजिल्स रूबेला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें 9 महीने से लेकर 15 साल तक के जिले के लगभग 3 लाख 34 हजार बच्चों का एमआर टीकाकरण निर्धारित है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सभी स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य संस्थान में निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। जिले के एक भी बच्चे नहीं छुटे इसको लेकर पूरी तैयारी की गई है। टीम के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रो में उन्हे लगाया गया है। स्कूलो में भी चिकित्सको और एएनएम की देखरेख में टीका दिया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने कहा कि मिजिल्स रूबैला का टीका पूरी तरह सुरक्षित है। यह बच्चों को रूबैला जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने का काम करेगा। इसके अलावा सीएस ने सभी से मिजिल्स रूबैला का टीका लगाने की अपील की।मिजिल्स रूबैला जैसी खतरनाक बीमारी है।

सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने लोगों से अपील किया कि सभी लोग अपने नौ माह से पंद्रह वर्ष तक के बच्चों को एमआर का टीका जरूर लगवाएँ। ये पूरी तरह सुरक्षित है। मिजिल्स रुबैला तेजी से फैल रहा है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रजनी देवी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज समेत अन्य उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

दिव्यांग बुर्जुग ने बंदोवस्त कार्यालय परिसर में किया अनिश्चिकालीन धरना

दुमका : बंदोवस्त कार्यालय के कार्यशैली से नाराज दिव्यांग बुर्जुग ने कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गये। धरना प्रदर्शन कर दिव्यांग ने आयुक्त से आवश्यक कार्रवाई कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय का गुहार लगाया है। इंसाफ की गुहार गोड्डा जिले के महगामा अंचल के विभुति प्रसाद झा ने बंदोवस्त कार्यालय पदाधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाया है। बताया कि सेवानिवृत हो चुके पूर्व बंदोवस्त पदाधिकारी सुनील कुमार और वर्तमान सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी शादा नुसरत एवं परिमाण निरीक्षक सफरूद्दीन अंसारी ने उसे बर्दाद करने का काम किया। बताया कि अवैध रूप से उनके पर्चे में अन्य लोगों को जोड़ दिया गया है। जबकि पर्चा में अंकित नाम के लोगों से दूर दूर तक कोई रिस्ता नहीं है। परिवार में कोई विवाद नहीं है, लेकिन पर्चे में विवाद दिखाया गया। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं होती है। न्याय की गुहार लगाये तो कहां लगाये। पर्चा 2020 से मांगने के बावजूद विभाग देने में असफल रहा है। आपत्तिवाद 1630/18 केस फाईल गायब है। जिस पर तीन बार सुनवाई हो चुकी है। विपक्षी के पास एक भी कागज नहीं है, उसके बावजूद भी उसके हक में फैसला दिया गया है। बिना पैसे का नकल नहीं मिला रहा है। सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी ने न्यायालय में अपील करने के बावजूद निचली अदालत में वाद पुन: भेज दिया जाता है। जो कहीं से न्यायोचित नहीं है। दिव्यांग पीड़ित ने विवाद को लेकर कार्यालय में जाने-आने में हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए बंदोवस्त प्रशासन पर लाखों का लिफ्ट बंद होने पर भी सवाल खड़ा किया है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस-जिलेभर में 20 अप्रैल को चलाया जायेगा अभियान

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर (पलामू): जिले में आगामी 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत विशेष अभियान चलाया जायेगा।इसके तहत 1 से 19 साल तक के किशोर एवं किशोरियों को कृमि नाशक अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी।यह गोली जिले में सभी सरकारी व निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलायी जायेंगी।यह बातें उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता के लिये आयोजित बैठक में कही।उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य व आईसीडीएस को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए कुल लक्षित 11 लाख 12 हजार 829 बच्चों को गोली खिलाने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को दवा सेवन से वंचित बच्चों को दवा खिलाने के लिए 25 अप्रैल को दोबारा अभियान संचालित कर दवा खिलाई जाएगी।इसके लिए आप सभी लोग बेहतर रणनीति व माइक्रोप्लान तैयार करना सुनिश्चित करें।इसके अलावे बैठक में डीआरसीएचओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कृमि संक्रमण से बचाव,इलाज और फायदे के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अभियान के दौरान आनेवाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उसके समाधान के विषय पर भी बात की।उन्होंने बताया कि दवा खिलाये जाने के बाद किसी को स्वास्थ्य के संबंध में किसी प्रकार की समस्या आती है तो ऐसे में 104 पर संपर्क किया जा सकेगा वहीं एंबुलेंस हेतु 108 पर फोन किया जा सकता है।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में अधिक जानकारी हेतु टॉल फ्री नंबर 18001803024 भी क्रियाशील है।

प्रभारी बीडीओ से औपचारिक भेंटकर प्रमुख ने की कई मुद्दों पर की चर्चा

हरिहरगंज/पलामू : जिले के पीपरा प्रखंड के प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने बुधवार को पीपरा प्रखंड कार्यालय जाकर प्रभारी अशोक कुमार से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीडीओ को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। जबकि प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने बीडीओ से कई क्षेत्रीय मुद्दों पर ध्यानाकृष्ट कराया और उसके निदान करने का आग्रह किया। उन्होंने बीडीओ से कहा कि प्रखण्ड के कई गांवों में अभी भी बड़ी संख्या में जरूरतमंद गरीब पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। जिन्हें आवास का लाभ दिलाने के लिए सार्थक प्रयास करने की जरूरत है।

मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20,000 करोड़ किसके हैं? : बिट्टू पाठक

राष्ट्रीय खबर

मेदनीनगर: पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक 12 अप्रैल 2023 को 15 वा दिन पलामू जिला के पांकी प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव एजाज खान ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे लोकतंत्र एवं संविधान को ध्वस्त करने को आतुर केंद्र की मोदी सरकार एवं उनके देश-विरोधी नीतियों एवं अडानी महाघोटाले के विरुद्ध कांग्रेस जन जमकर आवाज बुलंद किया। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है। आज विदेश के अखबारों में भारतीय लोकतंत्र पर लगातार हमले को लेकर खबरे छप रही हैं। लोगों के बीच आज भी सवाल बना हुआ है कि मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20, 000 करोड़ किसके हैं? बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुवे संविधान को हम सबको बचाने के जिम्मेदारी है जब से यह सरकार आई है धजियां उड़ा कर रख रखा ' राहुल जी से मोदी जी डरे हुवे हैं ' एसबीआई-एलआईसी के जरिए लुटवाने का काम निरंतर कर रहे हैं। साथ ही, महाघोटाले के आरोपी अडानी को बचाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने तानाशाही की सीमा लांघ दी है। मौके पर प्रमुख रूप से कोषा अध्यक्ष अजय साहू जिला महासचिव आमुख प्रियदर्शी देवांग शुक्ला संतोष गुप्ता मुकेश सिंह महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला देवी 20 सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह महिला प्रखंड अध्यक्ष क्रांति देवी बृज देव सिंह मुकेश कुमार सिंह अनिल सिंह मोहर्रम यादव प्रमोद सिंह शिव शंकर पासवान बैजनाथ सिंह संजय प्रसाद निरंजन पासवान रबी खान इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

मिशन 2024 में सत्ता से भाजपा सरकार को बेदखल करने को कांग्रेस ने बनायी रणनीति

राष्ट्रीय खबर

दुमका: कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस हमलावर है। पूरे देश मे केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सत्याग्रह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से कर रही है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने कार्ययकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर कार्यकताओं में ऊर्जा भरने का काम किया। जिससे मिशन 2024 में कॉग्रेस देश की सत्ता पर काबिज हो सके। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रदीप यादव, सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख सहित कई नेता शामिल हुए।

सम्मेलन में जिले के विभिन्न पंचायत से महिला और पुरुष कार्ययकर्ता भाग लिया। इस भारत सत्याग्रह कार्ययकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राहुल गांधी ने सवाल पूछा तो क्या गुनाह किया। चोर को चोर कहा तो क्या गलत किया। उन्होंने कहा केंद्र सरकार पर चुनावी वादे पूरे नहीं करने और बढ़ती महंगाई सवाल हमेशा पूछते रहने की बात कही।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा के खिलाफ यह पोल खोल आंदोलन जन-जन तक पहुंचाना है औ? देश की जनता को इंसाफ दिलाना है। चुकी देश की आजादी से पहले कांग्रेस ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफ लड़ा था औ? अब मोदी और अडानी के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई जारी है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि लम्बी यात्रा इसलिए कि जा रही है कि 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंका जाये। जिससे देश की जनता को देश के अंदर हो रही तानाशाह राजनीति से मुक्ति मिल सके और देश को बचाया जा सके। इस अवसर पर पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने भाजपा पर वर्तमान राज्य की मुद्दे ओबीसी आरक्षण समाप्त करने का भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने गोड्डा में अडानी का पावर प्लांट के विरूद्ध किए आंदोलन और भाजपा सरकार की भूमिका पर भी सवाल खड़ा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी, नगर अध्यक्षत अलीमाम उर्फ टिंकू, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

पूर्व मुख्यमंत्री से मिली नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़: लंबे समय के अंतराल से वर्तमान समय तक शहरी जलापूर्ति योजना पूरा नहीं होने से नगर अध्यक्ष सम्पा साहा दुखी हैं। समस्या को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिल कर पाकुड़ में पेय-जल समस्या पर विचार विमर्श किया। नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने बताया की शहरी जलापूर्ति योजना में चल रहे कार्य के गति से मैं संतुष्ट नहीं हूं।कई बार दुमका से लेकर रांची तक मैं स्वयं जाकर विभाग को इस योजना को जल्द चालू करने को लेकर आग्रह किया है।लेकिन अभी तक ये योजना चालू नहीं हो पाया हैं। जोयना चालू कराने को लेकर कोई न कोई कारण बता कर विभाग द्वारा हर रोज एक नई तिथि का हवाला दिया जाता है। कही न कही मुझे इसमें से राजनीति की बू आ रही है। विभागीय लापरवाही के कारण ये योजना अभी तक लटका हुआ है। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि पाकुड़ नगर की जल समस्या को सुन कर रघुवर दास जी ने शहरी जलापूर्ति योजना जल्द चालू कराने को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को मौके पर ही फोन लगा कर योजना को चालू कराने का आग्रह किया। श्रीमती साहा ने कहा की यदि महीने भर के अंदर योजना चालू नहीं हुआ तो समर्थकों के साथ धरने में बैठूंगी ।

शादी के नियत से नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

जामा : जिले के जामा थाना क्षेत्र के महारो के रहने वाले पीड़िता के परिजन के आवेदन पर दुमका नगर थाना क्षेत्र के बक्शी बांध रोड के रहने वाले आरोपी को जामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू एवं मामले के अनुसंधानकर्ता एसआई रविशंकर सिंह के सूझबूझ से आठ अप्रैल को गुजरात के राजकोट जिला के आजी डैम थाना क्षेत्र के गुलाब नगर से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर जामा थाना लाया गया। जिसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी दुमका नगर थाना क्षेत्र के बक्शी बांध रोड के रहने वाले अमन कुमार राउत है। मामले को लेकर थाना प्रभारी बताया कि पीड़िता के परिजन के आवेदन पर 13 मार्च को कांड संख्या 24/23 दर्ज कराया था। जिसमें आरोपी पर पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी के नियत भगा ले जाने का आरोप लगाया। जांच के क्रम में गुजरात के राजकोट जिला अंतर्गत आजी डैम थाना क्षेत्र के गुलाब नगर से गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पीपरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने संयुक्त बयान जारी कर कहा

क्रेशर प्लांट मालिकों की नहीं रुकी मनमानी तो होगा आंदोलन : राकांपा

राष्ट्रीय खबर

हरिहरगंज/पलामू : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पीपरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह , विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान और प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भूमिया ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि क्रेशर प्लांट मालिको और माइंस लीज धारकों द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है। उन्होंने मालिकों और लीज धारकों पर नियम को ताक पर रखकर प्लांट संचालित करने का आरोप लगाया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इनके द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। बाबजूद इसके प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। वहीं एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां ने कहा कि इनके इस हरकत से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोह व्याप्त है। अगर पत्थर कारोबारीयों में तत्काल सुधार नहीं हुआ तो पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने जिला खनन पदाधिकारी से 15 बिंदुयों पर जांच कर माइंस लीज धारक और क्रेशर प्लांट मालिकों पर कार्रवाई करने की मांग भी की है। इन बिंदुओं पर की गई जांच की मांग : प्रखंड अंतर्गत माइंस वक्रासन प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है ।वर्तमान झारखंड नियमावली के तहत 75 प्रतिशत लोकल और 25 प्रतिशत बाहरी मजदूरों या कर्मचारीयों को कार्य पर रखवाने के नियम का पालन हुआ या नहीं इसकी जांच , जबकि डस्ट से बचाव के लिए रोड पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव ,माइंस एवं प्लांट में सुरक्षा मानकों का सही रूप से पालन करने और परिवहन का डिटेल परफॉर्म रेंस का ऑडिट पॉइंट का मिलान कराकर जांच कराने, साथ ही उन्होंने कहा कि जेआईएमएमएस पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी खनिज की प्राप्ति उत्पादन प्रेषण एवं अंतिम अवशेष की गणना तथा स्थल पर उपलब्ध खनिज में व्यापक पैमाने पर अंतर की जांच के साथ ही पत्थर खदान की लीज की समय अवधि ,माइंस लीज क्रशर लाइसेंस के लिए दूरी से संबंधित मापदंड , उत्पादन प्रेषण का आंकड़ा एव रॉयल्टी भुगतान के आंकड़े , सभी माइंस लीज व क्रसर लाइसेंस के स्वीकृति नक्शा और ब्लास्टिंग करते समय नियमों की पालन आदी की जांच कराने की मांग की गई है।

एसपी कॉलेज में धूमधाम से मना 44 संताली साहित्य दिवस

राष्ट्रीय खबर

दुमका: 44 वां संताली साहित्य दिवस मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। हर साल की भांति इस साल भी संताली साहित्य दिवस पर एसपी कॉलेज मैदान में आदिवासी परंपरा, सभ्यता और संस्कृति की झलक छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर यादव समेत अन्य उपस्थित रहे। साहित्य समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ यादव ने कहा कि संताली साहित्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को साहित्य के संरक्षण और संवर्धन के दिशा में और कार्य करने की जरूरत है। छात्र-छात्राएं अपने साहित्य से जुड़ कर प्राकृतिक संपदा को संरक्षित कर सकते है। उन्होंने युवाओं को अपने संस्कृति, परंपरा और सभ्यता को लेकर अधिक से अधिक विभिन्न विषयों पर लिखने की जरूरत पर जोर दिया। जिससे देश और दुनिया के लोग अक्षुण्य संताली सभ्यता और संस्कृति को जान सके। विशिष्ठ अतिथि एसकेएमयू मीडिया प्रभारी डॉ शंभू कुमार सिंह ने साहित्यकारों को उत्साहित करते हुए संताली सभ्यता और संस्कृति के विस्तार के लिए और लिखने की जरूरत बताया है।

शहर >> अपडेट

बजरंगदल के कार्यकर्ता ने किया रक्तदान

पाकुड़ : लिट्टीपाड़ा के जीतपुर निवासी संतोष्णी मरांडी जो काफी लंबे समय से किडनी की बीमारी पीड़ित है को डायलेसिस के लिए रक्त की आवश्यकता थी ।उनकी सुपुत्री लता मुर्मू ने बजरंगदल के सह संयोजक प्रतीक तिवारी को इसकी जानकारी दी । प्रतीक ने बजरंगदल के कार्यकर्ता आकाश को इस बाबत जानकारी दी।

सिटी अपडेट्स >>

कौशल्या देवी ने योजनाओं का किया शिलान्यास

पेटरवार : पेटरवार माननीय लोकप्रिय विधायक कि धर्म पत्नी सह समाजसेवी कौशल्या देवी ने पेटरवार प्रखंड ओरदाना पंचायत अंतर्गत ग्राम खेराजारा आदिवासी सरना घेरा बंदी ओर विधायक मद से प्रखंड अंतर्गत उलगड्डा पंचायत दीनू साव के तालाब से बुकन सिंह के घर तक 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का पूजा अर्चना एवं नारियल फोड कर शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, गोपाल महतो, रतन महतो, अखिलेश महतो, रामकृष्ण सोरेन ,विजय सोरेन, मोतीलाल हेंब्रम ,सुरेश कुमार महतो, राजू कुमार महतो, अखिलेश्वर महतो एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

दो पहिया वाहन जांच अभियान

कुडू : थाना के समीप चला दो पहिया वाहन जांच अभियान,इस दौरान लगभग दो दर्जन मोटरसाइकल बिना कागजात,बिना हेलमेट और कई नाबालिक मोटरसाइकल चालकों का पकड़ा गया वसूला गया जुमार्ना , जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के नेतृत्व में चलाया गया वाहन जांच अभियान,मौके पर कुडू पुलिस और रोड सेफ्टी की टीम रही मौजूद ।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

जंगली सियार काटने से दो घायल

बालूमाथ : एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत के ग्राम झिरमतकोमा टोला चपरी में बुधवार को सियार के काटने से मां और बेटा घायल हो गये ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अनीता देवी 36 वर्ष पति जमुना प्रजापति,प्रिंस कुमार 12 वर्ष पिता जमुना प्रजापति दोनों घर के बाहर खड़े थे ।जहां अचानक एक जंगली सियार ने उन पर हमला बोल दिया । दोनों द्वारा हल्ला करने पर आसपास के ग्रामीण पहुंचे वह दोनों को बचाया।घटना के बाद परिजनों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेश कुमार राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया । फिलहाल दोनों की खतरे से बाहर बताया जा रहा है ।

72 हजार 9 सौ 12 रुपए का जुमार्ना लगाया

पेटरवार : पेटरवार सक्षम ओर अयोग्य लोगों द्वारा राशन कार्ड बनाकर लाभ लेने के खिलाफ खाद्य आपूर्ति विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी गीतांजली ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वैसे सभी सक्षम लाभुक, जिनके पास राशनकार्ड है या राशन कार्ड के लिए पात्रता नहीं रखते हैं, अगले सात दिनों के अंदर अपना कार्ड सरेंडर करें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई करते हुए पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पतकी में ऐसे ही एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पकड़े गए हैं, जो इसका लाभ उठा रहे थे। प्रशासन ने 72 हजार 9 सौ 12 रुपए का जुमार्ना लगाया है। पेटरवार अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ब्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि फजीर्वाड़ा करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया गया है।

झुमरीतिलैया से खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

उपायुक्त ने जागरूकता रथ को रवाना किया

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: उपायुक्त आदित्य रंजन ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेकोबार और सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरीतिलैया से खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त एवं सिविल सर्जन ने संयुक्त रूप से एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जागरूकता रथ को उच्च विद्यालय बेकोबार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जाकर जिलेवासियों को इस अभियान के बारे में जागरूक करने का कार्य करेंगी। उपायुक्त ने मौके पर ही स्कूली बच्चों का टीकाकरण कराया।साथ ही मौके पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि मिजिल्स रूबेला एक जानलेवा बीमारी है। इसीलिए इसके रोकथाम हेतु जिला प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क एवं तैयार है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के डॉक्टर दीपक कुमार ने कहा कि अभियान में अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा। अगर बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया जाएगा।

टीबी के रोगियों के9 किट का वितरण हुआ

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: बुधवार को जिला यक्ष्मा केन्द्र कोडरमा में डा रमण कुमार जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के द्वारा टीबी के धनात्मक मरीजों को वितरण किए जाने वाले एयरबोर्न इण्फिक्शन किट कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं वितरण किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि यह किट टीबी के सभी पॉजेटिव रोगियों को बिमारी से बचाव एवं फैलाव को रोकने के लिए दिया जा रहा है। इस किट मे मरीजों के लिए दो मास्क, एक लीटर फिनाईल, दो थूकदान, दो साबुन दिया जा रहा है। मरीजों को यत्र-तत्र नहीं थूकने की सलाह दी गई एवं घर में भी मास्क लगाकर रखने को कहा। मौके पर जिला यक्ष्मा केन्द्र, कोडरमा के कर्मी संजय वर्मा, वन्दना सिंह, प्रतिभा नारायण, बाबुलाल महतो मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना का हुआ निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़: जल जीवन मिशन के तहत जिला में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ के द्वारा हर घर नल जल योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अमड़ापाड़ा प्रखंड के बोहरा पंचायत के कालझोड़ एवं भिलाई पंचायत पाडेरकोला जितको एवं पचुवाड़ा पंचायत के बरमसिया ग्राम में निर्मित किए जा रहे एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण रघुनन्दन शर्मा, अभियंता प्रमुख एवं राजीव रंजन, संयुक्त सचिव के द्वारा किया गया। अभियंता प्रमुख रघुनंदन शर्मा के द्वारा लिट्टीपाड़ा बहू ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बनाए गये इंटेक वेल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित अभियंता एवं संवेदक को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता के अनुरूप कार्य करते हुए ससमय कार्य को पूर्ण करें अन्यथा विलंब होने की स्थिति में राशि की कटौती संबंधित संवेदक से की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता श्री राहुल श्रीवास्तव, सहायक अभियंता श्री अभिजीत कुमार, जिला समन्वयक एमआईएस श्री रितेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

किंडर गार्टन स्कूल के 170 छात्र-छात्राओं की हुई स्क्रीनिंग

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: बुधवार को राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार के नेतृत्व में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने सुंदरनगर किंडर गार्टन स्कूल के 170 छात्र-छात्राओं को मुंह एवं दांतों के रख रखाव की जानकारी दी। ओरल स्क्रीनिंग भी की गई। डॉ शरद कुमार ने छात्र छात्राओं को बताया कि रात में सोने से पहले ब्रश अवश्य करें, क्योंकि रात में खाने का कोई भी अंश अगर मुँह में रह गया तो उससे दांतो में कीड़े लगते है और मसूढो की बीमारियां होती है। साथ ही मुँह एवं दांतो से संबंधित गलत आदतों से सावधान रहने को कहा गया। जब भी कुछ भी खाने का चीज मुंह मे रखे उसके खाने के बाद अच्छी तरह से मुंह मे पानी डाल कर कुल्ला अवश्य करें। स्क्रीनिंग के बाद स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं हाँथ धोने की साबुन वितरित किया गया।

ओरल स्क्रीनिंग के दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक मुकेश पांडेय के अलावा शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार वर्णवाल, सुनील कुमार,जबकि शिक्षिका संगीता कुमारी, रिजवाना परवीन, स्वाति कुमारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने में जिला एन सी डी के जिला कार्यक्रम सहायक प्रदीप कुमार, डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्रा मौजूद थे।

ट्रेलर का ब्रेक हुआ जाम, आग लगने से टायर खाक

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: बुधवार को थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी लाठवहिया मंदिर के समीप गिट्टी लोड ट्रेलर में ब्रेक जाम होने से अचानक टायर में आग लगने से टायर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। चालक बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार कोडरमा से गिट्टी लोड करके बिहार की तरफ जा रहे ट्रेलर का ब्रेक जाम हो गया। टायर में आग लगने के बाद बाद अफरा-तफरी मच गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस और दमकल को मिलने के बाद मौके पर दमकल ने आग को काबू पाया गया। चालक बाल-बाल बच गया गाड़ी का टायर पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

पुराना मैदान को समतलीकरण के नाम पर निकाली गई 4,32,000 रुपये

राष्ट्रीय खबर

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड के धाधु पंचायत के चितरपुर ग्राम में पुराना मैदान को नया समलतीकरन दिखाकर 432000 रुपये निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है ।ज्ञात हो कि एनएच 22 के किनारे चितरपुर ग्राम के समीप पिछले कई वर्षों से एक मैदान बना हुआ है इस मैदान में बराबर फुटबॉल व अन्य खेल की जाती है। पिछले एक वर्ष पूर्व झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नगर मंदिर पूजा करने पहुंचे थे तो इसी मैदान में ही हेलीपैड बनाया गया था। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत इसी मैदान को समतलीकरण करने के नाम पर 432000 रुपये निकाल लिए गए। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 -23 में यह योजना की स्वीकृति ली गईं हैं तथा योजना में मजदूरी दर 237 रुपये व वर्क कोड 17 4447 दशार्या गया है। इस राशि की निकासी में पंचायत सेवक रीना कुमारी ,रोजगार सेवक सुजीत सिंह व मुखिया कुमारी भागवती की मिलीभगत से राशि की बंदरबांट की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक इस मैदान में ना तो लेबर लगा है ना ही कभी समतलीकरण किया गया है यह मैदान पूर्व से ही समतल है और समतल मैदान में सिर्फ बोर्ड लगाकर पैसे की निकासी कर ली गई है।

संकल्प

मारवाडी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा की एक बैठक हुई

मयूम ने अस्थायी अमृत धारा लगाने का लिया निर्णय

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: मारवाडी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा की एक बैठक हुई। बैठक में नय सत्र के दस दिनों के कार्यो की समीक्षा हुई। इस माह समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। शाखा अध्यक्ष राज पचीसिया ने कहा कि मारवाडी युवा मंच का मुख्य उद्धेश्य समाज सेवा है और इसी कडी में गर्मी को देखते हुए जगह-जगह पर अमृत धारा योजना के तहत अस्थायी अमृत धारा कार्यक्रम के तहत जगह - जगह पर घडे लगाये जायेगें। वहीं कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर हनुमान मंदिर एवं राजगढिया मोड पर बने वाटर कुलर की व्यवस्था को दुरूस्त किया जायेगा ताकि राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। इसके लिए हर्षित सोमानी एवं शिवेश पवीसिया को परियोजना निर्देशक बनाया गया। वहीं गर्मी में पशु पक्षियों और मवेशियों के लिए छतों पर मिटटी के बर्तत में पानी रखने एवं शहर के अलग-अलग जगहों पर पानी रखने का निर्णय लिया गया। मंच के द्वारा नेकी के दिवार गौ सेवा बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान पर भी चर्चा की गई। सचिव आशीष जोशी ने कहा कि मंच का इस माह में पदस्थापना समारोह आयोजित होना है। बैठक में आगामी 18 अप्रैल को श्याम शरण मे आ जा रे वार्षिक उत्सव में अपनी सहभागिता पर भी चर्चा की। वहीं बैठक में श्याम शरण में आ जा रे के रवि दाहिमा, संजय अग्रवाल, पप्पु सिंह, अशोक खाटुवाला, विवेक सहल ने मंच को विभिन्न कार्यक्रम में सहभागिता करने की जानकारी भी दी। बैठक में कोषाध्यक्ष चिंटु अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रितेश दुग्गड अरविन्द चौधरी संजय ढोल्या, आशीष केडिया, संजय अग्रवाल, अंकित केडिया, उमंग अग्रवाल उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक

कुडू : प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार 11 अप्रैल को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरजंन कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिसमें सभी पंचायत को मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 का श्रम बजट के अनुरूप मानव दिवस का सृजन करने, मनरेगा मजदूरों का शतप्रतिशत आधार प्रविष्टि, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान की योजना को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं पूर्व की योजनाओं को बन्द करने संबधी निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीओ रघुनाथ मुंडा, अरविन्द रोशन, सभी पंचायत सचिव, सभी कनीय अभियंता एवं सभी ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु वातार्लाप किया

कुडू: आज दिनांक 11 / 04/2023 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमण्डल जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा से मिलकर शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु वातार्लाप किया । प्रधानाध्यापक सहित सभी ग्रेडों में शिक्षकों की वर्षो से लंबित प्रोन्नति पर महोदया ने कहा कि यथाशीघ्र ग्रेड - 4 के रोस्टर क्लीयरेंस हेतु प्रेषित किया जाएगा एवं शीघ्र ही ग्रेड 4 की वरीयता सूची तैयार कर शिक्षकों को प्रोन्नति देते हुए अन्य सभी ग्रेडों में प्रोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी । महोदया ने रुचीपूर्ण होकर प्रोन्नति से संबधित सभी पहलुओं पर अपने साकारात्मक विचार व्यक्त किए । ट्रांसफर पोर्टल पर चर्चा करते हुए महोदया ने कहा कि नियुक्ति नियमावली 2012 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की श्रेणी 1 - 5 अथवा 1 - 8 के विवाद पर निदेशालय से संपर्क कर शीघ्र ही इसका निपटारा किया जाएगा ।नई अवकाश प्रबंधन प्रणाली के संबंध में महोदया ने कहा कि यह व्यवस्था अभी प्रारंभिक अवस्था में है और इसमें कई निमार्णात्मक सुधार होंगे तथापि शिक्षकों को इस नई व्यवस्था में विशेषज्ञता दिलाने के लिए विशेष कार्यशाला की मांग का उन्होंने समर्थन किया । भंडरा के कतिपय शिक्षकों का पूर्व में विद्यालय निरीक्षण के फलस्वरूप रुके हुए वार्षिक वेतनवृद्धि के मामले का शीघ्र ही समाधान निकालने का साकारात्मक संकेत ने दिया । इस समस्या का निराकरण करने का आश्वासन प्राप्त हुआ । प्रतिनिधिमण्डल में रामचन्द्र उरॉव , चोन्हस उराँव , बालकृष्णा सिंह ह्य आशुतोष कुमार , अरुण कुमार दास , प्रदीप कुमार , सुजीत रजक , विकेश कुमार सिन्हा , नवनीत कुमार गौड़ उपस्थित थे ।

कुंदगड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

कुडू : आज दिनांक 11/ 4 /2023 को राजकीय मध्य विद्यालय कुंदगड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सह बड़की चाँपि पंचायत के मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में हुई । इस बैठक में अभिभावक, छात्र -छात्रों के साथ मध्या? भोजन के संचालन के लिए बैठक रखी गई. इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि विद्यालय में ही बना हुआ खाना बच्चे लोग खाएंगे बाहर से जो खाना आता है वह खाना बच्चे अच्छी तरह से नही खाते है। इस मौके पर मुख्य रूप से कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी ,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजधन भगत , प्रबंधन समिति के सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता लाल पंचम नाथ शाहदेव,प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष इंदु देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक श्याम किशोर भगत, सहायक शिक्षक साजिद अंसारी, राम उराँव, श्याम नंदन महतो एवं अशोक महतो, सदस्य सह रसोइया गीता देवी, रसोईया सुनीता देवी ,बूटेन देवी ,सुमि उराँव, तपेश्वरी देवी अभिभावक रामदास यादव, लखन राम ,हरि महतो, लखन भगत ,अनीता देवी ,सुषमा देवी, सालों देवी ,देवंती देवी, सीमा देवी, चंचला देवी, सविता देवी, सुनीता देवी, भूखली देवी ,लीलावती देवी, गीता उराँइन, मैना देवी, सरिता उराव, सुनीता देवी, पल्लवी देवी, मीना देवी, सुषित महतो, सुधीर लोहरा, बिलेश्वर पांडे, लागेश्वर चौधरी,संदीप नायक,ओम प्रकाश नायक,शंकर प्रजापति,कमेश महतो,शिवरतन महतो,रमेश तुरी,रामकुमार नायक,बीरेंद्र महतो,रामानुज भगत, रमेश महतो, राजदेव उराँव, सचित नायक, राजेश भुइया बाल संसद प्रधानमंत्री जय कांत नायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

फुटपाथ में समोसा बेचने वाले का बेटा का लगा रेलवे में नौकरी,हर्ष

बालूमाथ : बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम के लोहरा टोली निवासी दिलीप साव के पुत्र जितेंद्र कुमार का रेलवे ग्रुप डी में नौकरी लगने से पूरे परिवार में हर्ष व्याप्त है ।दिलीप कुमार साव बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कई वर्षों से फुटपाथ पर समोसा व चाय की दुकान खोले हुए है ।दिलीप ने बताया कि मेरा बड़ा पुत्र जितेंद्र कुमार ग्रुप सी एवं ग्रुप डी रेलवे भर्ती में दोनों की परीक्षा में सफल हुआ है ।अभी ग्रुप डी के लिए वह नागपुर योगदान जाकर कर लिया है ।एवं ग्रुप सी का जॉइनिंग लेटर नहीं आने के कारण उसे अभी जोइनिंग नहीं किया है ।दिलीप कुमार के दो पुत्र एवं एक पुत्री है ।बड़ा पुत्र जितेंद्र कुमार उत्क्रमित उच्च विद्यालय जहां पर मैट्रिक की शिछा प्राप्त करने के बाद आईएससी उच्च विद्यालय बालूमाथ से किया ।एवं ग्रेजुएशन आनंदा कॉलेज हजारीबाग से किया ।वही उसका छोटा पुत्र एवं पुत्री नवोदय विद्यालय लातेहार में अध्ययनरत है ।दिलीप कुमार ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद भी हमारे सभी बच्चे अच्छे कर रहे हैं ।वही जितेंद्र कुमार रेलवे में नौकरी लगने के बाद मां देवंती देवी अपने पुत्र को मिठाई खिलाकर स्वागत किया है ।

जिला कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह को बनाया गया

कुडू: जिला कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह को बनाया गया है स्टेयर्स फाउंडेशन के माध्यम से भारतीय युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय झारखण्ड स्टेट कराटे हेड पूरे झारखण्ड राज्य से अलग अलग जिले से 68 चयनित कराटेकार जयेंगे इस प्रतियोगिता में भाग लेने भारतीय युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्टेयर्स फाउंडेशन पहली बार नई दिल्ली के कऋ स्टेडियम (इंद्रा गाँधी स्टेडियम) में राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2023 होने जा रहा। अंचल अधिकारी कुडू प्रवीण कुमार सिंह और प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार ने स्टेट विजेताओं को जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित हुए हैं उन्हें बधाई और सुभकामनाये देते हुए कहा जिले और राज्य का नाम रोशन कर के मान बढ़ाये हम सभी का जिला कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष संसाई अमित सिंह जी ने बताया के दिनांक 14 अप्रेल से 16 अप्रेल 2023 तक चलने वाली ये तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता नई दिल्ली के इंद्रा गाँधी स्टेडियम में पहली बार निशुल्क प्रतियोगिता होने जा रही है ।

न्यूज फटाफट

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चमकी भारत की निशा और प्रिया, रजत और कांस्य पदक पर किया कब्जा

नई दिल्ली: भारतीय पहलवानों निशा दहिया और प्रिया ने मंगलवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीते। पिछले साल 65 किलोग्राम वर्ग में व23 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता निशा ने 68 किलोग्राम वर्ग में भाग लिया था। इस दौरान उन्होंने अपने दिन की शुरुआत क्वार्टर फाइनल में पिछले संस्करण की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की डेल्गेरमा एनखसाइखान पर मानदंडों के माध्यम से 10-10 से जीत के साथ की थी। इसके बाद वापसी करते हुए एशियाई खेलों की चैंपियन और चीन की ओलंपियन फेंग झोउ को मात दी थी।वहीं अमी इशी जो एक शानदार जापान की खिलाड़ी है और 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता है। वो निशा के लिए अधिक मजबूत साबित हुई। वहीं ईशी ने इस मुकाबले में जीत हासिल की जबकि निशा को रजत से संतोष करना पड़ा। महिलाओं की प्रतियोगिता में 76 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही प्रिया ने चीनी ताइपे की हुई त्स चांग को 2-1 से हराकर क्वालीफिकेशन राउंड में आगे जगह पक्की की। लेकिन वह क्वार्टरफाइनल में किर्गिस्तान की एपेरी काजी से हार गई। 18 वर्षीय भारतीय ने काजी के फाइनल में पहुंचने के बाद रेपचेज दौर में प्रवेश किया।

लगातार तीसरे साल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब

मैनचेस्टर: मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्युनिख को क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से हराकर लगातार तीसरे साल चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बायर्न म्युनिख अगले सप्ताह जर्मनी में होने वाले दूसरे चरण में अपने घरेलू दर्शकों के सामने वापसी की कोशिश करेगा। मैनचेस्टर सिटी के हाथों हार से पहले इस सत्र में बायर्न म्युनिख का चैंपियंस लीग में शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रहा था। मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्युनिख को क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 से हराकर लगातार तीसरे साल चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बायर्न म्युनिख अगले सप्ताह जर्मनी में होने वाले दूसरे चरण में अपने घरेलू दर्शकों के सामने वापसी की कोशिश करेगा। मैनचेस्टर सिटी के हाथों हार से पहले इस सत्र में बायर्न म्युनिख का चैंपियंस लीग में शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रहा था।

प्रेस-वार्ता दिल्ली को मंगलवार को मुंबई इंडियन्स के हाथों रोमांचक मुकाबले में छह विकेट की हार मिली

हार के बाद भी सकारात्मक रवैया रखना जरूरी : अक्षर

- चार हार के बाद, सोचने के दो तरीके हैं
- श्रीलंका सीरीज से जब मैंने रन बनाए तो मुझमें आत्मविश्वास आया और उसी आत्मविश्वास को लेकर मैं आगे चला

एजेंसियां

नयी दिल्ली: दिल्ली कैपिटल्स भले ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के अपने शुरुआती चार मुकाबले हार गयी हो, लेकिन उनके उपकप्तान अक्षर पटेल का मानना है कि टीम को विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच रखने की जरूरत है। अक्षर ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहा, चार हार के बाद, सोचने के दो तरीके हैं। हम यह सोच सकते हैं कि चार हार के बाद रन रेट भी खराब हो गया है, तो अब कुछ अच्छा नहीं होने वाला। दूसरी ओर, यदि आपका रवैया सकारात्मक है, और आप अगले मैच में क्या करने जा रहे हैं, इसके बारे में सोचें तो आप अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। सकारात्मक बने रहना महत्वपूर्ण है और हम इसी बारे में बात करते रहते हैं।''

दिल्ली को मंगलवार को मुंबई इंडियन्स के हाथों रोमांचक मुकाबले में छह विकेट की हार मिली। अक्षर ने 25 गेंद पर 54 रन की पारी खेलकर दिल्ली को 172 रन तक पहुंचाया था, लेकिन मुंबई ने यह लक्ष्य आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। अक्षर ने अपनी बल्लेबाजी के बारे में कहा, ''एक ऑलराउंडर के रूप में जब आप 20-30 रन बनाते हैं, तो आपको लगता है कि आप बड़े शॉट लगा सकते हैं। मैंने उस सोच को बदला है। श्रीलंका सीरीज से जब मैंने रन बनाए तो मुझमें आत्मविश्वास आया और उसी आत्मविश्वास को लेकर मैं आगे चला। उन्होंने कहा, अगर आप तीनों प्रारूपों में भारत के लिये खेल रहे हैं तो इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। विराट कोहली और रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों ने मुझे मानसिकता ठीक करने के बारे में कुछ बातें बताईं हैं। दिल्ली के साथ जुड़ने के बाद दादा (सौरव गांगुली) और रिकी पॉन्टिग ने भी मेरी तकनीक पर काम किया है। अक्षर जब बल्लेबाजी करने उतरे तब दिल्ली ने 13 ओवर में 98 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे, हालांकि इसके बाद उन्होंने डेविड वॉर्नर के साथ छठे विकेट के लिये साझेदारी की और टीम 18 ओवर में 165 रन के स्कोर पर पहुंच गयी। मुंबई ने एक बार फिर वापसी करते हुए 19वें ओवर की पहली गेंद पर अक्षर को पवेलियन लौटा दिया। उनका विकेट गिरते ही दिल्ली की टीम सात रन के अंदर सिमट गयी। अक्षर ने अपने विकेट पर कहा, इसमें थोड़ी गलती मेरी भी है। मैं उन अंतिम 10 गेंदों को अलग तरह से खेल सकता था और इससे हमारे खाते में आखिरी ओवरों में कुछ रन जुड़ सकते थे। अगर स्कोर 175-180 के बीच होता तो मैच अलग होता। दिल्ली की हार का एक बड़ा कारण वॉर्नर की फॉर्म भी रही, जो इस आईपीएल में तीन अर्द्धशतक भले ही जड़ चुके हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट टीम के लिये सिरदर्द बना हुआ है। वॉर्नर ने मुंबई के खिलाफ 47 गेंद पर 51 रन की पारी खेली। इससे पहले उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स के विरुद्ध 48 गेंद पर 56 रन जबकि राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध 55 गेंद पर 65 रन बनाये थे। अक्षर ने कहा, ''यदि आप पिछले दो-तीन मैचों के बारे में बात करते हैं, तो वह कोशिश कर रहे हैं, लेकिन चीजें उनके हित में नहीं जा रहीं। मुझे नहीं पता कि वह उस समय एक बल्लेबाज के रूप में क्या सोच रहे होते हैं।'' अक्षर ने यह भी संकेत दिया कि ऑस्ट्रेलियाई अपनी पारी को रफ्तार देने को लेकर सही योजना नहीं बना पा रहे। उन्होंने कहा, ''जब पृथ्वी (शॉ) उनके साथ बल्लेबाजी कर रहे होत हैं, तो वह (वार्नर) एंकर की भूमिका निभाने की कोशिश करते हैं। जब एक छोर से विकेट गिर रहे हों, तो यह (वार्नर के लिए) अच्छा नहीं है कि वह भी दूसरे छोर से आक्रमण करते हुए आउट हो जायें। उन्होंने कहा, जब वह कोशिश कर रहा है, तब भी आक्रामक नहीं खेल पा रहा। सभी ने उनसे बात की। (मुख्य कोच) रिकी (पॉन्टिग), (शेन) वॉटसन, दादा (सौरव गांगुली)। उनके स्ट्राइक रेट को लेकर भी बातचीत सामने आई।

गेंदबाजों को बार-बार चोट लगना 'हास्यास्पद' : शास्त्री

एजेंसियां

नयी दिल्ली: पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने वरिष्ठ भारतीय गेंदबाजों को बार-बार लगने वाली चोटों पर निराशा जताते हुए कहा है कि किसी खिलाड़ी का इतनी आसानी से चोटग्रस्त होना 'अवास्तविक' और 'हास्यास्पद'है। शास्त्री ने यह टिप्पणी दीपक चाहर की नवीनतम चोट पर चर्चा के दौरान की। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले चाहर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सिर्फ एक ओवर फेंककर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैच से बाहर हो गये थे। शास्त्री ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर किंग्स के घरेलू मैच से पहले ईएसपीएन क्रिकइंफो के एक कार्यक्रम में कहा, पिछले तीन या चार वर्षों में काफी खिलाड़ी ऐसे हैं जो एनसीए के स्थायी निवासी बन गये हैं। जल्द ही, उन्हें वहां किसी भी समय चलने के लिये आवासीय मंजूरी मिल जाएगी, जो बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है। यह अविश्वसनीय है। पिछले पांच महीनों में चाहर हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण दूसरी बार अपने चार ओवर पूरे किये बिना एक मैच से बाहर गये हैं। पिछले दिसंबर में मीरपुर में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में चाहर ने तीन ओवर फेंकने के बाद मैदान छोड़ दिया था। इसके बाद वह बेंगलुरु में एनसीए में लौट आए, जहां उन्होंने लगभग अपना पूरा 2022 गुजारा था। चाहर एकमात्र ऐसे भारतीय तेज गेंदबाज नहीं हैं जिन्हें बार-बार चोट लगने के कारण लंबे समय तक दरकिनार किया गया।

आज दोहरा शतक लगाएंगे धोनी, रचेंगे इतिहास

एजेंसियां

नई दिल्ली: भारतीय टीम के सफलतम कप्तानों में शामिल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 12 अप्रैल को जैसे ही मैदान पर उतरेंगे वैसे ही वो नया कीर्तिमान रच देंगे। एमएस धोनी आईपीएल में 200 वीं बार चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते दिखेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स का ये मुकाबला राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है। ये मुकाबला 12 अप्रैल को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम के घरेलू मैदान में खेला जाएगा। महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के इतिहास के चुनिंदा कप्तानों में शामिल हैं जो लगातार किसी टीम के कप्तान बने हुए है। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स चार बार खिताब पर कब्जा कर चुकी है। चेन्नई सुपर किंग्स ने 2010, 2011, 2018 और 2021 में आईपीएल ट्रॉफी जीती है। हालांकि चेन्नई से अधिक बार यानी पांच बार आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा किया है।

धोनी को मिला फायदा

जानकारों के मुताबिक महेंद्र सिंह धोनी लगातार चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते आए है। उन्होंने लीग के 13 संस्करणों में से 11 में टूनार्मेंट के अंतिम चार चरण में सीएसके का नेतृत्व किया। इनमें से कुल पांच मौकों पर उपविजेता रही थी। महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में कुल 213 मुकाबलों में टीम की कप्तानी की है। इनमें से वो 125 मुकाबले जीतने में सफल हुए है। उनके नेतृत्व में टीम 87 मुकाबलों में हारी है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा था। 58.96 का उनका जीत प्रतिशत उन्हें लंबे समय में आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में से एक बनाता है।

रामचरण के साथ काम करेंगी जाह्नवी कपूर!

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय स्टार रामचरण के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। राम चरण इन दिनों निर्देशक शंकर की आने वाली फिल्म गेम चेंजर में बिजी हैं। इस फिल्म में राम चरण बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ रोमांस करते दिखेंगे। इस फिल्म के अलावा राम चरण की अगली फिल्म आरसी 16 को लेकर भी चर्चा है। राम चरण की फिल्म आरसी 16 को निर्देशक बुची बाबू साना बना रहे हैं। चर्चा है कि इस फिल्म के लिए मेकर्स ने लीड एक्ट्रेस के लिए जाह्नवी कपूर को अप्रोच किया है। यदि जाह्नवी कपूर इस फिल्म को साइन करती हैं तो यह उनकी अगली साउथ फिल्म होगी।वह जूनियर एनटीआर की फिल्म एनटीआर 30 में भी नजर आयेंगी।

मेजर ध्यानचंद की बायोपिक में काम करेंगे विक्की कौशल!

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर मेजर ध्यान चंद सिंह की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। फिल्म निर्माता रॉनी स्क्रूवाला ने मेजर ध्यानचंद की बायोपिक बनाने जा रहे हैं। पहले चर्चा थी कि फिल्म में लीड रोल ईशान खट्टर निभाएंगे। लेकिन अब कहा जा रहा है कि इस रोल के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। विक्की कौशल, मेजर ध्यानचंद पर बनने वाली बायोपिक में लीड एक्टर के रोल में नजर आ सकते हैं। फिल्म निर्माता रानी स्क्रूवाला ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ह्य1500 गोल, 3 ओलंपिक स्वर्ण पदक और भारत के गौरव की कहानी। हमें अभिषेक चौबे के साथ अपनी अगली घोषणा करने में बहुत खुशी हो रही है भारत के हॉकी जादूगर ध्यानचंद पर एक बायोपिक।

राउडी राठौड़ के सीक्वल में काम करेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा सुपरहिट फिल्म राउडी राठौड़ के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म राउडी राठौर में अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा ने मुख्य भूमिका निभायी थी।प्रभुदेवा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2006 की तेलुगु ब्लॉकबस्टर ह्यविक्रमर्कुडुह्न की आधिकारिक रीमेक थी। फिल्म राउडी राठौर का सीक्वल बनाया जा रहा है। चर्चा है कि राउडी राठौर के सीक्वल में अक्षय कुमार की जगह सिद्धार्थ मल्होत्रा काम करते नजर आ सकते हैं। इस फिल्म का निर्माण शबीना खान और संजय लीला भंसाली करेंगे और उम्मीद है कि अगले दो महीनों में फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो जाएगी।

सास बहु और फ्लेमिंगो से ओटीटी पर डेब्यू करेंगी डिंपल

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया वेबसीरीज सास बहु और फ्लेमिंगो से ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही हैं। डिंपल कपाड़िया, ईशा तलवार, राधिका मदन और अंगीरा धर निर्देशक होमी अदजानिया की वेब सीरीज 'सास बहु और फ्लेमिंगो' में नजर आएंगी। डिंपल कपाड़िया इस सीरीज से अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। ईशा तलवार ने सोशल मीडिया पर सीरीज का ट्रेलर शेयर किया है। यह सीरीज 5 मई को हॉटस्टार पर रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि इस सीरीज की कहानी एक बहुत ही स्ट्रिक्ट सास और दो भोली सी लगने वाले बहुओं की कहानी है। ईशा तलवार ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा- चेतावनी! ये कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है। डिंपल कपाड़िया ने बताया- 'सास बहु और फ्लेमिंगो' एक ऐसी कहानी हिया जो आम लोगों को भी खास बनाती है। ये स्ट्रोंग और पॉवरफुल महिलायों का ग्रुप है जो एक नैरेटिव सेट कर रही हैं।ज्यादातर ये काम मेल करैक्टर्स करते हैं। लेकिन, आप मेरा यकीन मानिए इस सीरीज में आपको काफी मजेदार करैक्टर देखने को मिलेंगे।

प्रदेश >> अपडेट

सेना के चार जवान शहीद

बठिंडा : पंजाब में बठिंडा मिलिट्री स्टेशन के अंदर बुधवार तड़के फायरिंग की घटना हुई, जिसमें सेना के चार जवान शहीद हो गए। सेना के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मिलिट्री स्टेशन के अंदर सुबह लगभग चार बज कर 35 मिनट पर फायरिंग की घटना हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है। उन्होने बताया कि सेना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। किसी भी व्यक्ति को क्षेत्र के अंदर या बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

कश्मीर में तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

श्रीनगर : जम्मू कश्मीर पुलिस ने कश्मीर घाटी में बुधवार को एक भगोड़े सहित तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से मादक पदार्थ बरामद करने का दावा किया। पुलिस ने कहा कि उन्हें भगोड़ा मादक पदार्थ तस्कर के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। पुलिस ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के खारगुंड में उक्त स्थान पर छापा मारा और गुलजार अहमद लोन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो पिछले तीन वर्षों से अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस ने कहा कि आरोपी गुलजार अहमद लोन काजीगुंड पुलिस थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के एक मामले में वांछित था और उसे गिरफ्तार कर काजीगुंड पुलिस थाने स्थानांतरित किया गया। नियमित गश्त के दौरान, जांबाजपोरा बारामूला में दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से एसपीएस पीएचईएन प्लस का 143 कैप्सूल बरामद किये गये।आरोपियों की पहचान चकलू निवासी मोहम्मद आरिफ मगरे और जांबाजपोरा के समीर अहमद डार के रूप में की गई है, जिन्हें जांबाजपोरा बारामूला में नियमित गश्त के दौरान गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

पूर्व डीजी खान सहित दो हुए पीएससी सदस्य नियुक्त

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने बुधवार को योजना विभाग के पूर्व महानिदेशक तारिक अहमद खान और जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) संजीव गुप्ता को जम्मू-कश्मीर लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया। केएनओ न्यूज के मुताबिक एक अधिसूचना में सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा कि सिन्हा ने योजना विभाग के महानिदेशक (व्यय विभाग) और जिला एवं सत्र न्यायाधीश को जम्मू-कश्मीर लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। कश्मीर विश्वविद्यालय के एक स्वर्ण पदक विजेता, खान ने वाणिज्य में स्नातकोत्तर और प्रबंधन लेखा में एमफिल किया। वह 1993 में योजना और सांख्यिकी सेवा में शामिल हुए और अप्रैल 2022 में सेवानिवृत्त हुए।

सांची विश्वविद्यालय में सीयूईटी से होगा प्रवेश

भोपाल : मध्यप्रदेश में स्थित सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में भी अब छात्रों को प्रवेश मिलेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार देशभर के विश्वविद्यालयों में प्रवेश की केंद्रीय परीक्षा कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) से अब सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में भी अब छात्रों को प्रवेश मिलेगा। विभिन्न विश्वविद्यालयों में अलग-अलग प्रवेश परीक्षा से बचाने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी,सीयूईटी करा रही है। सांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर यानि पोस्ट ग्रेजुएशन(पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए देश और विदेश के छात्र सीयूईटी परीक्षा दे सकते हैं। इस प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले छात्र सांची विश्वविद्यालय के 75 विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश ले सकते हैं।

विमान हमला ▶ म्यांमार की सेना ने फिर से अपने ही एक गांव पर हवाई हमला किया

विमान हमले में एक सौ से अधिक मारे गये

- सत्ता हथियाने के बाद से जारी है दमन
- नागरिक भी अब छापामार युद्ध करने लगे
- पहले भी कई बार हवाई हमले किये गये हैं

सुभाष दास

अगरतला: म्यांमार की सेना ने फिर से अपने ही देश के अंदर हवाई हमला किया है। कल हुए इस हमले में 100 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें कई बच्चे भी शामिल थे। यह सभी लोग सेना के शासन के विरोधियों द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग ले रहे थे। सेना अपने शासन के खिलाफ व्यापक सशस्त्र संघर्ष का मुकाबला करने के लिए हवाई हमलों का तेजी से उपयोग कर रही है, जो फरवरी 2021 में शुरू हुआ जब इसने आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली। तब से सुरक्षा बलों द्वारा 3,000 से अधिक नागरिकों के मारे जाने का अनुमान है। कुछ दिन पहले एक बौद्ध मठ पर भी इसी तरीके से हवाई हमला करने के बाद पैदल सेना ने नरसंहार किया था।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि एक लड़ाकू विमान ने सागैंग क्षेत्र के कनबालु टाउनशिप में पाजीगी गांव के बाहर देश के विपक्षी आंदोलन के स्थानीय कार्यालय के उद्घाटन के लिए सुबह 8 बजे एकत्रित लोगों की भीड़ पर सीधे बम गिराए। यह क्षेत्र देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से लगभग 110 किलोमीटर (70 मील) उत्तर में है। लगभग आधे घंटे बाद, एक हेलीकॉप्टर दिखाई दिया और उससे भी गोलियां दागी गयी। शुरूआती रिपोर्टों में मरने वालों की संख्या लगभग 50 बताई गई थी, लेकिन बाद में स्वतंत्र मीडिया द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़ों ने इसे लगभग 100 तक बढ़ा दिया। इस घटना के विवरण की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना असंभव था क्योंकि रिपोर्टिंग सैन्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित है। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक वह भीड़ से थोड़ी दूरी पर खड़ा था जब मेरे एक दोस्त ने मुझसे फोन पर संपर्क किया कि एक फाइटर जेट आ रहा है। जेट ने सीधे भीड़ पर बम गिराए, और मैं पास की खाई में कूद गया और छिप गया।

कुछ क्षण बाद, जब मैं खड़ा हुआ और इधर-उधर देखा, तो मैंने देखा कि लोग टुकड़े-टुकड़े हो गए थे और धुएँ में मरे हुए थे। आग लगने से कार्यालय भवन जलकर खाक हो गया। करीब 30 लोग घायल हो गए। जब घायलों को ले जाया जा रहा था, एक हेलीकॉप्टर आया और और लोगों को गोली मार दी।

हम अब जल्दी से शवों का अंतिम संस्कार कर रहे हैं। सैन्य सरकार के प्रवक्ता, मेजर जनरल जॉ मिन टुन ने राज्य टेलीविजन को फोन पर दिए गए एक बयान में स्वीकार किया कि समारोह पर हमला किया गया था, लेकिन क्षेत्र में सरकार विरोधी ताकतों पर आतंक का हिंसक अभियान चलाने का आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र और गैर-सरकारी संगठनों के विश्लेषकों ने सेना द्वारा बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों के हनन का विश्वसनीय सबूत इकट्ठा किया है, जिसमें पूरे गांवों को जलाना और दस लाख से अधिक लोगों का विस्थापन शामिल है।

सावदी ने भाजपा छोड़ने का फैसला किया

एजेंसियां

बेलागवी : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया। सावदी ने यहां एक संवाददाता सम्मलेन में कहा,'क्या मुझे टिकट के लिए भीख मांगनी पड़ेगी? मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं 'और एमएलसी के पद से भी इस्तीफा दे रहा हूं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने हालांकि सावदी से जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाने की अपील की है क्योंकि भाजपा में अब भी उनके लिए अच्छा भविष्य है। सावदी ने कहा कि वह कल अपने समर्थकों के साथ इस मामले पर चर्चा करने के बाद निर्णय लेंगे क्योंकि उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की बजाय अथानी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों पर अधिक भरोसा किया। प्रमुख लिंगायत नेता को अथानी के टिकट से वंचित कर दिया गया था और रमेश जारकीहोली के करीबी सहयोगी महेश कुमटाहल्ली को निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। कुमाटाहल्ली 2019 में बीएस येदियुरप्पा की सरकार बनाने के लिए जेडीएस-कांग्रेस सरकार को गिराने वाले प्रमुख नेताओं में से एक रहे हैं। येदियुरप्पा के वफादार माने जाने वाले सावदी सबसे मजबूत लिंगायत नेताओं में से एक हैं, लेकिन 2018 के चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार रहे कुमाटाहल्ली से हार गए थे। उन्होंने टिकट से इनकार करने के लिए जारकीहोली को भी दोषी ठहराया।

देश में कोरोना के 7830 नये मामले,11 मरीजों की मौत



एजेंसियां

नयी दिल्ली : देश में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस महामारी के मामलों के बीच बीते 24 घंटों में 7830 नये मामले सामने आये और तथा 11 मरीजों की मौत हुई है। इस दौरान देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 441 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,66,24,326 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 3122 सक्रिय मामले बढ़कर 40,215 हो गए है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,76,002 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,016 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 4,692 बढ़कर 4,42,04771 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 761 की वृद्धि हुई है। इसके बाद दिल्ली में 538, हरियाणा में 221, छत्तीसगढ़ तथा उत्तर प्रदेश में 216-216, महाराष्ट्र में 208, तमिलनाडु में 202, ओडिशा में 171, राजस्थान में 159, पुडुचेरी में 52,उत्तराखंड में 50, बिहार में 40, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर में 45-45, झारखंड में 24, मध्यप्रदेश तथा तेलंगाना में 21-21 मामले, आंध्र प्रदेश में 20, गुजरात में 15, चंड़ीगढ तथा सिक्किम में 12-12, और अंडमान द्वीप समूह में एक-एक मामला सामने आया हैं। वहीं इस दौरान दिल्ली, हिमाचल और पंजाब में दो-दो मरीजों तथा गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति की इस बीमारी से मौत हुई हैं।

पिछली सरकार की गलती को शिवराज सरकार ने सुधारा : शर्मा

एजेंसियां

भोपाल: भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि भाजपा सरकार ने पिछली सरकार की गलती को सुधारा है और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। चौहान ने नवनियुक्त शिक्षकों को पहले वर्ष 70 फीसदी और दूसरे वर्ष 100 फीसदी वेतन के चौहान के फैसले पर कहा कि सरकार ने युवाओं के लिए 22 हजार 461 शिक्षकों की नवीन नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं, जिसके अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में 11 हजार 885 और शेष 10 हजार 576 शिक्षक जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत नियुक्त किए गए हैं। भाजपा सरकार जो कहती है, वह करती है। एक लाख पदों पर युवाओं को रोजगार देने का जो संकल्प है, उसे पूरा करने में आज प्रभावी कदम सरकार ने उठाया है। उन्होंने कहा कि ये गर्व और गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल संदेश उन सभी शिक्षकों को दिया। प्रधानमंत्री ने प्रदेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। मध्यप्रदेश में युवाओं को रोजगार देने का अभियान तेज गति से चल रहा है। शर्मा ने कहा कि 15 महीने का वह दुरावस्था का दौर था, कमलनाथ के नेतृत्व में मिस्टर बंटाधार के इशारे पर चलने वाली सरकार थी। उस सरकार ने युवाओं के साथ गलत किया था। शिक्षकों की नियुक्ति के मामले में पहले 70 फीसदी और 4 चरण में उन्हें 100 फीसदी सैलरी तक ले जाया जाता था। उसको सुधार करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने

लाड़ली बहना योजना में दूसरे स्थान पर विदिशा

एजेंसियां

विदिशा: मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना तहत विदिशा जिला यह प्रदेश में 17 वां एवं संभाग में दूसरे स्थान पर है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि लाड़ली बहना योजना अंतर्गत विदिशा जिले की समस्त जनपद पंचायतों व नगरीय निकाय क्षेत्रों में हर स्तर पर कार्यों का क्रियान्वयन जारी है। पंचायतों व नगरीय क्षेत्रों के विभिन्न वार्डों में आयोजित कैंपों के माध्यम से महिला आवेदकों के ऑन लाइन आवेदन फार्म दाखिल कराए जाने की प्रक्रिया क्रियान्वित है। शिविरों में प्रतिदिन मानिटरिंग की जाकर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत विदिशा जिले में तक शाम तक एक लाख 85 हजार 235 महिला आवेदको के द्वारा अब तक ऑन लाइन आवेदन दाखिल किए जा चुके है। सर्वाधिक आवेदन जनपद पंचायत बासौदा में 27156 महिला आवेदको के द्वारा अब तक ऑनलाइन आवेदन दर्ज कराए है जबकि सबसे कम नगर परिषद शमशाबाद में 1685 आवेदन जमा हुए है।

प्रयोग ▶ पोस्ट ऑफिस बनाकर पहली बार भारत में प्रयोग किया गया

थ्री डी प्रिंटेड भवन की लागत मात्र 23 लाख रुपये

राष्ट्रीय खबर

बेंगलुरु: यहां पर देश का पहला थ्री डी तकनीक से प्रिंट किया हुए मकान तैयार किया गया है। प्रयोग के तौर पर एलएंडटी कंपनी ने यहां के एक पोस्ट ऑफिस पर इसे आजमाया है। कंपनी ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल लागत कम करने के लिए तभी किया जा सकता है जब बड़ी मात्रा में निर्माण किया जाना हो। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास परिसर में भारत के पहले 3डी-मुद्रित घर का उद्घाटन करने के दो साल बाद, लार्सन एंड टुब्रो 3डी-प्रिंटिंग का उपयोग करके बेंगलुरु में भारत के पहले सार्वजनिक भवन का निर्माण पूरा करने के करीब है। 1,100 वर्ग फीट में फैले डाकघर की इमारत को 45 दिनों में 23 लाख रुपये की लागत से 3डी-प्रिंट किया जा रहा है। हालांकि तकनीक निर्माण के समय में 30-40 प्रतिशत की कटौती करती है, कंपनी ने कहा कि लागत लगभग एकल परियोजनाओं के समान ही रहती है। लार्सन एंड टुब्रो के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (इमारत) एमवी सतीश ने बताया कि प्रौद्योगिकी को भवन निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है और संरचनात्मक डिजाइन को आईआईटी मद्रास द्वारा अनुमोदित किया गया है। पारंपरिक निर्माण विधियों के विपरीत, 3डी-प्रिंटिंग सिस्टम में खिलाए गए एक विशेष कंक्रीट मिश्रण का उपयोग करके परतें बनाने के लिए एक रोबोटिक भुजा का उपयोग करता है। मिश्रण में त्वरित सुखाने और अन्य कार्यों के लिए विशेष गोंद चिपकने वाले होते हैं। इस पूरे सिस्टम को एक ऑपरेटर द्वारा नियंत्रित किया जाता है जो डिजाइन में फीड करता है और मुख्य रूप से उस गति को नियंत्रित करता है जिस पर डिजाइन योजनाओं के अनुसार मिश्रण को रोबोटिक आर्म से निर्धारित डिजाइन के मुताबिक तैयार किया जाता है। यह तकनीक दरवाजों या खिड़कियों या यहां तक कि बिजली के आउटलेट के प्लेसमेंट को समझ सकता है और दीवारों का निर्माण कर सकता है। इसकी दीवारों में ईंट से बनी दीवारों की तुलना में छह गुना अधिक ताकत होगी। इसके अतिरिक्त, दीवारों में तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता होगी, जिससे अंदरूनी हिस्सों को गर्म करने या ठंडा करने के लिए ऊर्जा का कम उपयोग होगा।

न्यूज फटाफट

एर्दोगन ने एक और कार्यकाल के लिए किया चुनाव अभियान शुरू

अंकारा : तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने फिर से चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए बढ़ती महंगाई को इकाई अंक में लाने तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा किया है। एर्दोगन ने मंगलवार को राजधानी अंकारा में चुनाव अभियान में अपने समर्थकों से कहा, ''हम महंगाई को फिर से इकाई अंक में लाएंगे और निश्चित रूप से हम अपने देश को इस समस्या से बचाएंगे।'' इस दौरान उन्होंने अपनी पार्टी के चुनाव घोषणापत्र के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) ने वर्ष 2024 और 2028 के बीच 5.5 प्रतिशत की वार्षिक आर्थिक वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है, ताकि 2028 के अंत तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 15 खरब डॉलर तक पहुंच सके। उन्होंने कहा, ''आने वाले समय में 5.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ हम अपनी राष्ट्रीय आय को 15 खरब डॉलर तक बढ़ाएंगे और हमारा मुख्य लक्ष्य इसे 20 खरब डॉलर करने का है।''दो दशकों के शासन के बाद एर्दोगन 14 मई को होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में एक और कार्यकाल के लिए मैदान में हैं, जबकि उच्च मुद्रास्फीति तथा कमजोर मुद्रा के साथ बीमार अर्थव्यवस्था उनकी सबसे बड़ी चुनौतियों में से है। पिछले साल अक्टूबर में तुर्की की वार्षिक मुद्रास्फीति लगातार 17वें महीने बढ़ती हुई 85.5 प्रतिशत हो गई थी, जिससे लोगों की क्रय शक्ति में भारी गिरावट आई थी।

अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा

लंदन : अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने दस्तावेज लीक होने को देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए 'बहुत गंभीर' खतरा बताया हैं। बीबीसी ने पेंटागन के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि पेंटागन के बेहद गोपनीय दस्तावेज हाल के सप्ताहों में ऑनलाइन लीक हुए हैं। दस्तावेजों में यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ चीन और अमेरिका के सहयोगियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी है। उन्होंने बताया कि अन्य दस्तावेज कथित तौर पर पश्चिम एशिया के साथ-साथ हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा और सुरक्षा के मुद्दों से संबंधित हैं। बीबीसी ने पेंटागन के एक उच्च अधिकारी के हवाले से बताया कि दस्तावेज लीक होने से राष्ट्रीय सुरक्षा को बहुत ही गंभीर खतरा है तथा गलत सूचना फैलने का भी जोखिम है।

अंतेष्टि स्थल पर गोलीबारी से एक व्यक्ति की मौत

वाशिंगटन : अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में एक अंतेष्टि स्थल पर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि पूर्वोत्तर वाशिंगटन में मंगलवार को दोपहर करीब 1230 बजे अंतिम संस्कार समाप्त होने तुरंत बाद गोलीबारी की घटना हुई। मेट्रोपोलिटन पुलिस प्रमुख रॉबर्ट कॉन्टी के अनुसार, कम से कम चार लोगों को गोली मारी गई। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और जबकि तीन अन्य लोगों दो पुरुषों और एक महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता कुछ लोगों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह पता नहीं चल सका है कि अंतिम संस्कार के समय उन्हें क्यों निशाना बनाया गया है। पुलिस ने इस मामले में किसी को गिरफ्तारी नहीं किया है।

मैनचेस्टर के पास जंगलों में लगी आग 500 एकड़ में फैली

न्यूजर्सी : अमेरिका में मैनचेस्टर टाउनशिप के पास जंगलों में लगी आग 500 एकड़ में फैल गयी है और दमकलकर्मी इसे बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। न्यूजर्सी फॉरेस्ट फायर सर्विस ने मंगलवार को बताया कि नेजडीप फॉरेस्ट फायर और मैकगायर-डिक्स-लेकहर्स्ट फायर विभाग की एकीकृत कमान के दमकलकर्मी मैनचेस्टर टाउनशिप के जंगल में लगी आग को बुझाने, रूट 539 और हॉरिकॉन एवेन्यू के साथ राज्य की तथा निजी संपत्ति बचाने में लगे हुए हैं। आग 500 एकड़ में फैल गई है और इसके महज 10 प्रतिशत हिस्से पर काबू पाया जा सका है। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। अग्निशमन सेवा ने ट्वीट कर कहा कि आग से 25 संरचनाओं को खतरा हैं। उन्होंने कहा कि ओशन काउंटी के स्थानीय स्वयंसेवी दमकल विभाग आग से संरचनाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। दमकल सेवा ने बताया कि लॉन्ग स्वैम्प रोड और रूट 70 के बीच रूट 539 को बंद कर दिया गया है और रूट 70 पर हॉरिकॉन एवेन्यू बंद है। उन्होंने बताया कि कि न्यू जर्सी के लेकहर्स्ट बोरो में डिवीजन स्ट्रीट पर निवासियों के लिए अनिवार्य निकासी आदेश जारी किया गया है। दमकल सेवा ने अग्नि क्षेत्र में ड्रोन नहीं उड़ाने का आग्रह करते हुए कहा कि अगर ड्रोन जंगल की आग के ऊपर या उसके पास उड़ता हुआ पाया जाता है, तो वन दमकल सेवा हवाई समर्थन से इसे मार गिराया जायेगा।

मैक्रॉन ने दिया यूरोप में संप्रभुता बनाये रखने पर जोर

हेग : फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने 'यूरोपीय संप्रभुता' के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे ही यूरोप की पहचान जुड़ी हुई है। मैक्रॉन ने नीदरलैंड के प्रमुख शहर हेग के अमारे थिएटर में अपने भाषण के दौरान कहा कि यूरोपीय संप्रभुता की अवधारणा 'बेहद महत्वपूर्ण' है। उन्होंने कहा, ''पहचान और संप्रभुता आपस में जुड़े हुए हैं। यदि आप अपनी संप्रभुता को खोना स्वीकार करते हैं, यदि आप अन्य शक्तियों पर निर्भर रहना स्वीकार करते हैं, तो आप स्वयं को ऐसी स्थिति में डाल देते हैं कि आप अपने लिए निर्णय न लें और अपनी स्वयं की पहचान को बनाए रखने और विकसित करने के अधिकारी नहीं हों।'' मैक्रॉन ने कहा कि इसका अर्थ है कि इस विश्व के नाटकीय विकास का मात्र एक साक्षी होने के बजाय हमें अपने भागीदारों को चुनने और अपने भाग्य को स्वयं आकार देने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा,''महामारी और युद्ध ने हमें अभी यह पता लगाने के लिए प्रेरित किया है कि यदि हम अपनी यूरोपीय पहचान को संरक्षित करना चाहते हैं तो हमें अपनी निर्भरता कम करनी होगी।''मैक्रॉन डच राजा विलेम-अलेक्जेंडर के निमंत्रण पर मंगलवार को नीदरलैंड की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहुंचे हैं।

रूस ने आईसीबीएम के परीक्षण के बारे में अमेरिका को सूचित किया

मॉस्को: रूस ने अमेरिका को आस्ट्राखान क्षेत्र में कपुस्तिन यार फायरिंग रेंज से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के परीक्षण के बारे में सूचित किया है। रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने बुधवार को यह जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि देश के सामरिक मिसाइल बलों ने इन मिसाइलों के उन्नत पेलोड का परीक्षण करने के लिए कपुस्तिन यार फायरिंग रेंज से आईसीबीएम का सफल परीक्षण किया।

आज का इतिहास

- 1648 : लाल किले का निर्माण पूरा हुआ।
- 1699 : सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की।
- 1772 : वॉरेन हेस्टिंग्स ईस्ट इंडिया कंपनी की बंगाल समिति के अध्यक्ष नियुक्त हुआ।
- 1796 : इटली की जंग में नेपोलियन ने आस्ट्रिया को हराया।
- 1796 : अमेरिका में पहला हाथी भारत से लाया गया।
- 1890 : भारत की पहली फिल्म 'श्रीपुंडलीक' के निर्माता, फिल्मकार दादासाहब तोरणे का जन्म।
- 1898 : हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक और पटकथा लेखक चन्दूलाल शाह का जन्म।
- 1919 : ब्रिटिश जनरल डायर ने अमृतसर के जलियांवाला बाग में सभा गोलियां चलवाकर निहत्थे लोगों की हत्या की।
- 1919 : बेनिटो मुसोलिनी ने इटैलियन फासिस्ट पार्टी की स्थापना की।
- 1952 : स्वतंत्र भारत की पहली संसद का सत्र शुरू हुआ।
- 1960 : अमेरिका ने विश्व के पहले परिवहन उपग्रह 'ट्रांजिट 1 बी' का प्रक्षेपण किया।

मधु कोड़ा एवं अन्य कोर्ट में हुए हाजिर

रांची: मनी लांड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, अनिल बस्तावडे सहित अन्य ईडी कोर्ट में हाजिर हुए। मामले में ईडी के आयकर अधिकारी प्रभाकांत की गवाही हुई। ये ईडी के 14वें गवाह हैं। मामले को लेकर ईडी ने कांड संख्या ईसीआईआर 2/ 2009 दर्ज किया है। बता दें कि ईडी ने मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ 3 हजार 600 करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग का आरोप लगाया है।

राहत बीमा राशि के भुगतान की प्रक्रिया भी 11 अप्रैल से शुरू

6 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा फसल बीमा का लाभ, 800 करोड़ का होगा भुगतान

राष्ट्रीय खबर

रांची: राज्य के 6 लाख 83 हजार 922 किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिलेगा। 2018 और 2019 में खरीफ और रबी फसल के लिए इन किसानों ने बीमा करवाया था। अब उनके बीच बीमा राशि के भुगतान की प्रक्रिया भी 11 अप्रैल से शुरू हो गयी है। इस पर 810 करोड़ खर्च होंगे। बीमा कंपनियों के साथ पूर्व में हुई बैठक के बाद झारखंड की ओर से राज्यांश की बकाया राशि 362।50 करोड़ का भुगतान होने के बाद यह पहल कंपनियों ने की है।कृषि मंत्री बादल के मुताबिक सरकार में आने के बाद ही उन्होंने देखा कि सरकार के स्तर से बीमा कंपनियों को सैकड़ों करोड़ दिया जा रहा है पर किसानों को कई कारणों से क्लेम सेटलमेंट और भुगतान नहीं किया जा रहा था। इसके बाद राज्यांश की राशि बंद करने का फैसला हुआ। साथ ही स्टैटिकल डिपार्टमेंट के साथ समन्वय स्थापित कर डाटा को दुरुस्त एवं सत्यापन की कार्यवाही करते हुए हर एक कंपनी से वास्तविक योग्य राशि का प्रतिवेदन भी प्राप्त करने पर काम हुआ। बीमा कंपनियों सहित केंद्र सरकार के साथ शर्त रखी कि जब तक बीमा कंपनियां शपथ पत्र नहीं देगी कि किसानों का कितना भुगतान करना है, तब तक राज्यांश की राशि नहीं दी जाएगी। इस निर्णय के बाद केंद्र सरकार की और से संयुक्त सचिव रितेश चौहान एवं बीमा कंपनियों के साथ विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीक और उनकी अध्यक्षता में हाई लेवल बैठक हुई। इस बैठक के बाद आखिरकार बीमा कंपनियां तैयार हुईं कि वे शपथ पत्र देंगी। बादल के अनुसार बैठक में यह भी कंपनियों की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार अपने हिस्से का 362।50 करोड़ बकाया का भुगतान करे तो केंद्र सरकार भी अपने हिस्से की राशि रिलीज कर देगी। बीमा कंपनियों ने लिखित रूप में दिया कि वह राज्य के किसानों को 810 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। इसके बाद कृषि विभाग ने अनुपूरक बजट के माध्यम से राशि का प्रावधान किया। यह राशि उन्हें दी। अब इसका परिणाम है कि मंगलवार से किसानों के खाते में राशि जानी शुरू हो गई है। 6 लाख से अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

बेहतर जल प्रबंधन कर भूमि की नमी और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में करें काम: राजेश्वरी बी

राष्ट्रीय खबर

रांची:मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने झारखंड के सात जिलों के 24 प्रखंडों में हाई मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट की समीक्षा की। इस अवसर पर इन जिले के उपविकास आयुक्तों को उन्होंने निर्देश दिया कि वाटरशेड परियोजना से बेहतर जल प्रबंधन कर भूमि की नमी और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करें, ताकि कृषि व बागवानी के कार्यों को विस्तार दिया जा सके और किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साधा जा सके। बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग सभागार में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने योजना से जुड़े बिदुओं और इसके कार्यान्वयन की जानकारी पदाधिकारियों से ली। योजना को भारत सरकार की संस्था भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। बैठक में बीआरएलएफ अंतर्गत 7 के जिलों से डीडीसी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं परियोजना में कार्य कर रहे संस्था क्रमशः प्रधान, जन जागरण केंद्र, सोसाईटी फॉर प्रमोशन ऑफ वाटरशेड डेवलपमेंट, विकास भारती, ग्रामीण विकास ट्रस्ट, के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी संस्था द्वारा प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। मनरेगा आयुक्त द्वारा बैठक में मनरेगा आयुक्त द्वारा 7 जिलों के डीडीसी को सीएसओ भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ आगे की योजना बनाने और योजनाओं की अधिकतम स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय कार्यशालाएं/सेमिनार आयोजित करने का निर्देश दिया गया। नॉन इंटेंसिव प्रखंडों में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए जल्द पत्र जारी किया जायेगा।

केंद्र ने मनरेगा के काम के लिए स्वतंत्र सोशल ऑडिट यूनिट की स्थापना का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

रांची:केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह ने झारखंड सरकार को मनरेगा योजनाओं के सोशल ऑडिट के लिए एक स्वतंत्र सोशल ऑडिट यूनिट की स्थापना करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार को यह भी कहा कि वे सुनिश्चित करें की सोशल ऑडिट यूनिट में एक निदेशक हो जो स्वतंत्र रूप से कार्य करें। मनरेगा से जुड़ी जो भी शिकायतें सोशल ऑडिट यूनिट को मिलती है। उसका निष्पादन समय पर करने साथ ही वित्तीय गड़बड़ियों के मामले में राशि की वसूली की कार्रवाई विभाग हर हाल में सुनिश्चित करें। गड़बड़ी करने वाले मनरेगा कर्मी, अधिकारियों सहित सभी पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश उन्होंने दिया है।यूनिट की स्थापना के लिए हर स्तर पर मानव संसाधन बल की सेवा लेने को कहा गया है ताकि सामाजिक अंकेक्षण काम आसानी से किया जा सके। नियमित रूप से प्रत्येक पंचायत में समाजिक अंकेक्षण का कार्य कराके रिपोर्ट भी भारत सरकार को देने का निर्देश दिया है। भारत सरकार ने झारखंड सरकार को कहा है कि मनरेगा योजनाओं की तकनीकी जांच के लिए एक चीफ इंजीनियर की पोस्टिग करें और तकनीकी सेल का पुनर्गठन करके आवश्यक मानव बल की तैनाती करें। ग्रुप टास्क में योजनाओं का नापी सिस्टम के तहत नापी कराने के बाद ही मनरेगा का भुगतान करने को कहा गया है। 100 फीसदी आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाने पर भी जोर दिया गया है। केंद्रीय सचिव ने मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी को पत्र लिखकर सारे बिंदुओं पर उचित कार्रवाई को कहा है। एनएमएस एप के जरिये योजनाओं की निगरानी भी लगातार करने को कहा है।

बुनियादी प्रशिक्षण में 557 में से 131 पुलिसकर्मी हो गए फेल

राष्ट्रीय खबर

रांची:जैप 8 लेस्लीगंज, पलामू में हुए बुनियादी प्रशिक्षण में 557 में से 131 पुलिसकर्मी फेल हो गए। गौरतलब है कि जैप 8 में 17 अक्टूबर 2022 से 21 अक्टूबर 2022 तक बाह्य परीक्षा आयोजित की गयी थी। इसमें कुल 557 पुलिसकर्मी शामिल हुए थे। इनमें 131 पुलिसकर्मी फेल हो गए। जबकि 426 पुलिसकर्मी पास हुए। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग ने आदेश जारी किया है। इन पुलिसकर्मियों के संबंधित कमांडेंट को निर्देश दिया है कि इस परीक्षा फल के अनुरूप बलादेश अंकित कर परीक्षाफल संबंधी सूचना पुलिसकर्मियों को दी जाये। परीक्षाफल में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अविलंब अवगत कराया जाए, ताकि संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित किया जा सके।

तीन पूर्व सीएम समेत 40 बीजेपी नेताओं समेत हजारों अज्ञात पर धुर्वा थाने में एफआईआर दर्ज

राष्ट्रीय खबर

रांची: भाजपा के हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल हुए झारखंड के तीन पूर्व मुख्यमंत्री समेत 40 भाजपा कार्यकताओं व हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ रांची के धुर्वा थाने में नामजद एफआईआर दर्ज किया गया है। इनके खिलाफ उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने व दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी हुई है। धारा-147,148,188,353,332,109,427 आईपीसी के तहत आरोपी बनाया गया है।एफआईआर में नामजद आरोपियों में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रांची के सांसद संजय सेठ, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, सांसद निशिकांत दुबे, विधायक अमित मंडल,विधायक ढुलू महतो, आरती कुजूर, प्रदीप मुखर्जी, शत्रुघ्न सिंह, अनिता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह बंटी, गुंजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडे, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी और विमल मरांडी शामिल हैं।आपको बता दें कि 11 अप्रैल को झारखंड विधानसभा के घेराव कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। खनिज समृद्ध राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मौजूदा भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की उच्च दर के विरोध में भाजपा की ओर से इस इस मार्च का आयोजन किया गया था।

चंद्रशेखर ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी सचिव बने

राष्ट्रीय खबर

रांची: राज्य सरकार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 4 अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। सरकार ने सचिव योजना एवं विकास विभाग रांची के पद पदस्थापित अमिताभ कौशल को स्थानांतरित करते हुए उन्हें सचिव खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। डॉ। कौशल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव राजस्व, एवं भूमि सुधार विभाग रांची तथा सचिव आपदा प्रबंधन विभाग रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। सचिव जलसंसाधन विभाग प्रशांत कुमार को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव योजना एवं विकास विभाग के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सचिव आइटी विभाग विप्रा भाल को अपने कार्यों के साथ सचिव योजना एवं विकास विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विशेष सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग चंद्रशेखर को स्थानांतरित करते हुए उन्हें प्रभारी सचिव ग्रामीण विकास विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान के मामले पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

राष्ट्रीय खबर

रांची:गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सुनवाई के दौरान बुधवार को प्रार्थी एवं राज्य सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 3 मई निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने बहस की।दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके पास बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था।उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित गिरिडीह नगर निगम के मेयर पद पर सुनील कुमार पासवान का चयन वर्ष 2018 में हुआ था। उनके खिलाफ झामुमो कार्यकर्ता ने उनके जाति प्रमाण पत्र को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की थी। इसके बाद गिरिडीह डीसी ने जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द कर दिया था। डीसी ने 2 दिसंबर 2019 को पत्र के माध्यम से सरकार को बताया था कि प्रमाण पत्र में अंकित मूल निवास स्थान प्रमाणित नहीं होने के कारण यह कार्रवाई की गई है। बाद में झारखंड नगर पालिका निर्वाचित प्रतिनिधि नियमावली 2020 के प्रावधानों के तहत पासवान को पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

आत्मसमर्पण जमानत की अवधि खत्म होने के बाद

निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने ईडी की विशेष अदालत में किया सरेंडर

राष्ट्रीय खबर

रांची: निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने ईडी की विशेष अदालत में बुधवार को सरेंडर कर दिया, गौरतलब है कि पूजा सिंघल जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर निकली थीं। लेकिन उनकी जमानत की अवधि खत्म हो गई जिसके बाद उन्होंने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।मनरेगा और मनी लांड्रिंग केस में ईडी के रडार पर आई झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने एक बार फिर से ईडी के विशेष अदालत में बुधवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि खत्म हो चुकी थी। ऐसे में उनके पास आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। इससे पूर्व भी बेटी के इलाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पूजा सिंघल को सशर्त जमानत दी गई थी, इस बार भी उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया था। पूजा सिंघल ने अपने स्थाई जमानत के लिए भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कल यानी गुरुवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। गुरुवार को यह तय होगा कि पूजा सिंघल को फिर सशर्त जमानत मिलेगी या फिर उन्हें स्थाई जमानत।11 मई 2022 को पूजा सिंघल को ईडी ने भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही पूजा सिंघल लगातार जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटा रही थीं। लेकिन उन्हें झारखंड हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद उन्हें बेटी के इलाज के नाम पर पहली बार इसी वर्ष एक महीने की सशर्त जमानत मिली थी। एक माह के सशर्त जमानत के बाद पूजा सिंघल ने सरेंडर किया था। दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर पूजा सिंघल ने एक बार फिर से जमानत याचिका दायर की लेकिन उन्हें इस बार भी सशर्त जमानत दी गई, जिसकी अवधि बुधवार यानी आज खत्म हुई।